@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/ qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शुक्रवार, 10 जनवरी 2025

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 61 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## तो बंद कर दो विपक्षी गठबंधन इंडियाः उमर अब्दुल्ला

दिल्ली, 9 जनवरी। इंडिया गठबंधन के घटक दल आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के दिल्ली में अलग-अलग चुनाव लड़ने से राजनीतिक गलियारों में दोनों पार्टियों के बीच मनमुटाव की खबरें हैं। इस पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की प्रतिक्रिया सामने आई है। सीएम अमर अब्दुल्ला ने कहा कि दिल्ली के चुनाव से हमारा कोई लेनादेना नहीं है। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने दिल्ली में भाजपा के खिलाफ लड़ रहे दलों को नसीहत देते हुए कहा कि भाजपा का मुकाबला किस तरह से बेतहर ढंग से किया जा सकता है, यह तो आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और वह पार्टियां तय करें जो वहां पर मैदान में हैं। इससे पहले के दो बार लगातार चुनावों में आप कामयाब रही। इस बार दिल्ली के लोग क्या फैसला लेते हैं इसके लिए इंतजार करना होगा। इस दौरान उनसे एक और सवाल पूछा गया कि आरजेडी के एक नेता की ओर से कहा गया है कि इंडिया गठबंधन लोकसभा के लिए था। जिस पर जवाब देते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जहां तक मुझे याद है कि इस पर कोई वक्त की सीमा नहीं लगाई गई थी। बदकिस्मती की बात यह है कि इंडिया गठबंधन की कोई बैठक नहीं बुलाई जा रही है। इसलिए इस पर कोई स्पष्टता नहीं है, न नेतृत्व को लेकर, न एजेंडा को लेकर और यह भी कि हम आगे साथ रहेंगे या नहीं। दिल्ली के चुनाव हो जाएं उसके बाद इंडिया गठबंधन के जो सहयोगी दल हैं उनको बुलाया जाए और इन बातों को स्पष्ट किया जाए। अगर यह सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था तो इसे बंद करिए, फिर हम अपना काम अलग से करेंगे। अगर लोकसभा चुनाव के बाद यह विधानसभा के लिए भी है तो फिर हमें मिलकर काम करना होगा।



# 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में पीएम मोदी ने दिया मंत्र, भविष्य युद्ध में नहीं, बुद्ध में है

**सिम्मी कौर बब्बर**

भुवनेश्वर, 9 जनवरी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज आप ओडिशा की जिस महान धरती पर जुटे हैं वो भी भारत की समृद्ध विरासत का प्रतिबिंब है। ओडिशा में कदम कदम पर हमारी विरासत के दर्शन होते हैं। सैकड़ों वर्ष पहले भी ओडिशा से हमारी व्यापारी कारोबारी लंबा सफर करके बाली, सुमात्रा, जावा जैसे स्थानों तक जाते थे...ओडिशा में आज भी बाली यात्रा का आयोजन होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। यहां पीएम मोदी ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा पीएम मोदी ने कहा कि यह जीवंत त्योहारों का समय है। कुछ ही दिनों में प्रयागराज में महाकुंभ शुरू हो रहा है। मकर संक्रांति, बिहू, पोंगल, लोहड़ी जैसे त्योहार आने वाले हैं। हर जगह आनंदमय वातावरण है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज आप ओडिशा की जिस महान धरती पर जुटे हैं वो भी भारत की समृद्ध विरासत का प्रतिबिंब है। ओडिशा में कदम कदम पर हमारी विरासत के दर्शन होते हैं। सैकड़ों वर्ष पहले भी ओडिशा से हमारी व्यापारी कारोबारी लंबा सफर करके बाली, सुमात्रा, जावा जैसे स्थानों तक जाते थे...ओडिशा में आज भी बाली यात्रा का आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में जब तलवार के जोर पर साम्राज्य बढ़ाने का दौर था, तब हमारे सम्राट अशोक ने यहां शांति का रास्ता चुना था। हमारी इस विरासत का ये वही बल है जिसकी प्रेरणा से आज भारत दुनिया को कह पाता है कि भविष्य युद्ध में नहीं है, बुद्ध में है। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने हमेशा भारतीय डायस्पोरा को भारत का राष्ट्रदूत माना है। मुझे बहुत खुशी होती है, जब पूरी दुनिया में आप सभी साथियों से मिलता हूं, आपसे बातचीत करता हूं। जो प्यार मुझे मिलता है, वो भूल नहीं सकता हूं। आपका प्यार, आपका आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ रहता है। हम सिर्फ लोकतंत्र की जननी नहीं हैं, बल्कि लोकतंत्र हमारे जीवन का हिस्सा है। हमें विविधता सिखानी नहीं,



हमारा जीवन ही विविधता प्रदान करता है। भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां के समाज के साथ जुड़ जाते हैं। भारतीय जहां भी जाते हैं, वहां के नियम और परंपरा का सम्मान करते हैं। हम पूरी ईमानदारी से उस देश की, उस समाज की सेवा करते हैं। इस सबके साथ ही हमारे दिल में भारत भी धड़कता रहता है। उन्होंने कहा कि भारत की सफलता आज दुनिया देख रही है। आज जब भारत का चंद्रयान शिव शक्ति प्वाइंट पर पहुंचता है, तो हम सब को गर्व होता है। आज जब दुनिया, डिजिटल इंडिया की ताकत देखकर हैरान होती है, तो हम सब को गर्व होता है। आज भारत का हर सेक्टर आसमान की ऊंचाई छूने को आगे बढ़ रहा है। भारत की बात को आज दुनिया ध्यान से सुनती है। आज का भारत, अपना पॉइंट तो मजबूती से कायम है, ग्लोबल साउथ की आवाज को भी पूरी ताकत से उठाता है। प्रधानमंत्री ने प्रवासी भारतीयों के लिए विशेष पर्यटक ट्रेन प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से ट्रेन ने सफर शुरू किया। यह ट्रेन प्रवासी भारतीयों को तीन सप्ताह तक देशभर के कई पर्यटक और धार्मिक स्थलों की यात्रा कराएगी।

## गरीबों से टैक्स वसूल रही सरकारः प्रियंका गांधी

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 9 जनवरी। कांग्रेस और भाजपा की तरफ से एक-दूसरे पर तमाम आरोप-प्रत्यारोप लगाए जाते हैं। इस कड़ी में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए गरीबों और मध्यम वर्ग के परिवारों से 90 फीसदी टैक्स वसूलने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- कॉरपोरेट को लाखों करोड़ का जीवनदान देने वाली भाजपा सरकार गरीब और मध्यवर्ग से जीवनबीमा और जीवन की बुनियादी जरूरतों पर भी टैक्स वसूल रही है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने आगे लिखा- एक रिपोर्ट के मुताबिक, कुल तस्ज्ञ का करीब 90त्न से ज्यादा हिस्सा सबसे गरीब और मध्य वर्ग से वसूला जा रहा है जबकि सबसे ज्यादा आय वाली 10त्न आबादी का तस्ज्ञ में योगदान सिर्फ 3त्न है। कॉरपोरेट टैक्स की दर 30त्न से घटाकर 22त्न कर दी और गरीब जनता से रोटी-दाल और चना-चबैना पर भी



वसूली हो रही है। आम जनता के लिए तस्ज्ञ का मतलब गृहस्थी सत्यानाश टैक्स हो गया है। कॉरपोरेट को लाखों करोड़ का जीवनदान देने वाली भाजपा सरकार गरीब और मध्यवर्ग से जीवनबीमा और जीवन की बुनियादी जरूरतों पर भी टैक्स वसूल रही है इससे पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पत्र साझा किया था। जिसमें उन्होंने जीएसटी के नए आंकड़ों पर कहा, भारत कम खपत, कम निवेश, कम विकास, कम मजदूरी के खतरनाक चक्र में फंसा हुआ है। ग्रोथ में गिरावट से लेकर खराब जीएसटी राजस्व संग्रह तक की आर्थिक मोर्चे पर निराशाजनक खबरें, सरकार से यह अपेक्षाए करती हैं कि सरकारी तंत्र अपना ध्यान पॉपकॉर्न पर टैक्स लगाने से हटाकर अर्थव्यवस्था की जटिलताओं से निपटने पर केंद्रित करे।

### जन सुराज ने पटना उच्च न्यायालय में दी दस्तक

पटना, 9 जनवरी। बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांगों को लेकर जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर 2 जनवरी से अब तक आमरण अनशन पर हैं। फिलहाल वह अस्पताल में भर्ती हैं और छात्रों की मांगों को लेकर उनका अनशन लगातार जारी है। इसी बीच जन सुराज अब बीपीएससी अभ्यर्थियों के परीक्षा को कैंसिल करने और पूरे प्रकरण की जांच करने के मुद्दे को लेकर पटना उच्च न्यायालय में दस्तक लगाया है। जन सुराज पार्टी ने बीपीएससी अभ्यर्थियों की 70 वीं बीपीएससी परीक्षा को कैंसिल कर नर्परीक्षा की मांग को लेकर अब पटना उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर किया है। जन सुराज की ओर से अधिवक्ता प्रणव कुमार ने पटना उच्च न्यायालय में अनुच्छेद 226 के तहत रिट याचिका दायर कर 70वीं ब्क्कस्ट परीक्षा को रद्द कर पुनर्परीक्षा कराने की मांग की है।

## विदेश में कोई परेशानी हो तो सरकार पर रख सकते हैं विश्वासः जयशंकर

भुवनेश्वर, 9 जनवरी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि भारत के प्रवासी समुदाय का महत्व हर साल बढ़ता जा रहा है क्योंकि भारत एक वैश्विक कार्यबल बनाने की दिशा में काम कर रहा है। जयशंकर प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में भारतीय प्रवासियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान जोर देते हुए कहा कि अगर विदेश में कभी भी कोई परेशानी हो तो वे विश्वास रख सकते हैं कि नरेंद्र मोदी सरकार आपके साथ है। उन्होंने आगे कहा, 'हमें अपने प्रवासी भारतीयों की उपलब्धियों पर गर्व है।' उन्होंने यह भी कहा, 'वैश्वीकरण के दौर में, हर गुजरते साल के साथ प्रवासी समुदाय का महत्व बढ़ता जा रहा है, चाहे प्रौद्योगिकी हो, सर्वोत्तम कार्यप्रणाली हो या संसाधन, चाहे पर्यटन हो, व्यापार हो या निवेश, दोनों तरफ से प्रयास जरूरी है क्योंकि हम वैश्विक श्रमबल बनाने का प्रयास कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के जन-केंद्रित बदलावों से प्रवासी भारतीयों को भी लाभ मिल रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि ये कारोबार सुगमता को बढ़ावा दे सकते हैं, जीवन जीना आसान बना सकते हैं, संपर्क और यात्रा को सुविधाजनक बना सकते हैं। प्रवासी भारतीयों के हितों को सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल तकनीकों का उपयोग भी स्पष्ट है। उन्होंने कहा, 'पिछले दशक में, हमने पासपोर्ट जारी करने और नवीनीकरण के साथ-साथ सत्यापन प्रक्रिया का सरलीकरण देखा। वाणिज्य दूतावास सेवाओं में सुधार हुआ, कल्याणकारी उपायों में वृद्धि हुई है और शिकायत निवारण मंच प्रभावी हुए हैं। दुनियाभर में दूतावास और वाणिज्य दूतावास अधिक उत्तरदायी हुए हैं।

# आप की जीत के दावे पर पृथ्वीराज चव्हाण की सफाई

**सौरभ शर्मा**

नई दिल्ली, 9 जनवरी। दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर की गई टिप्पणी पर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण को सफाई देनी पडी है। दरअसल, उन्होंने कहा था कि दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने अच्छा काम किया है। चुनावों में उनकी जीत ही होनी चाहिए। अब उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव पर मेरी टिप्पणी को गलत संदर्भ में लिया गया। अगर विपक्षी गइबंधन इंडिया साथ मिलकर लड़ता तो गठबंधन की जीत पक्की होती। अब जब सभी प्रमुख पार्टियां मैदान में हैं तो यह खुला चुनाव हो गया है। कांग्रेस पार्टी ने जबरदस्त गति पकड़ी है और मुझे पूरा विश्वास है कि हम विजयी होंगे। मामले में शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने कहा कि हमारे जैसे कई दल हैं, जिनके लिए यह तय करना आसान नहीं है कि किसका समर्थन करें। हमने बार-बार कहा है कि कांग्रेस इस देश में एक बड़ी पार्टी है। आम आदमी पार्टी दिल्ली में एक बड़ी पार्टी है। इसलिए कार्यकर्ताओं पर चुनाव लड़ने का दबाव होता है, खासकर विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनाव। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी के केजरीवाल के पास सबसे ज्यादा ताकत है और माहौल यह है कि आम आदमी पार्टी दिल्ली में चुनाव जीत रही है और अच्छे अंतर से जीत रही है। मुझे दुख है कि हमारी पार्टी या उद्धव ठाकरे कांग्रेस और आम



आदमी पार्टी के खिलाफ हैं। कांग्रेस के सम्मानित सदस्य इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व कर रहे हैं, लेकिन केजरीवाल जैसे नेता की निंदा करना और उन्हें देशद्रोही कहना, हम इस तरह के बयानों से सहमत नहीं हैं। इससे पहले चुनाव आयोग ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी थी। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर 5 फरवरी 2025 को मतदान होगा। 8 फरवरी 2025 को मतगणना होगी और इसी के साथ यह तय हो जाएगा कि दिल्ली में अगली सरकार किसकी बनने जा रही है? चुनाव आयोग ने बीते सोमवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर अंतिम मतदाता सूची जारी की थी। इस चुनाव में दो लाख के करीब मतदाता 18 से 19 वर्ष के हैं। वह पहली बार विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इस सूची में कुल एक करो? 55,24,858 मतदाता हैं। इसमें पुरुष मतदाता 85,49,645 हैं, जबकि 71,73,952 महिला मतदाता हैं। थर्ड जेंडर 1,261 हैं। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक, दिल्ली में एक महीने में 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक 1,35,089 मतदाताओं ने फॉर्म-6 और 83,825 ने फॉर्म-8 के तहत मतदाता सूचियों में नाम जुड़वाने, पता बदलने, नाम को सूची से हटाने और आपत्तियां और सुझाव के लिए आवेदन किया। चुनाव आयोग के संबंधित अधिकारियों ने सभी आवेदनों को 24 दिसंबर तक सुलझा दिया। इस तरह से अंतिम मतदाता सूची जारी होने तक 3,08,942 नए नाम मतदाता सूचियों में जुड़े। 1,41,613 नाम हटाए गए। इस दौरान कुल 1,67,329 मतदाता नए जुड़े।

# मृतकों के परिजनों को मिलेगा 25 लाख रुपये मुआवजाः सीएम नायडू

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

भुवनेश्वर, 9 जनवरी। आंध्र प्रदेश के तिरुमाला हिल्स पर भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में वैकुंठ एकादशी उत्सव शुरू होने से दो दिन पहले मची भगदड़ को लेकर राज्य सरकार सतर्क है। घटना में छह श्रद्धालुओं की मौत बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद सीएम चंद्रबाबू नायडू तिरुपति मंदिर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके बाद सीएम चंद्रबाबू नायडू घायलों से मिलने एसवीआईएमएस अस्पताल पहुंचे। उधर, आंध्र प्रदेश सरकार ने भगदड़ में मरने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों को 25 लाख रुपये मुआवजा देने का एलान किया है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने घायलों को दो-लाख रुपये की वित्तीय मदद की घोषणा की है। आंध्र प्रदेश के राजस्व मंत्री ए सत्य प्रसाद ने कहा कि मृत श्रद्धालुओं के परिजनों को 25 लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा। पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात करने के बाद मंत्री प्रसाद ने कहा कि हम जीवन को किसी और चीज से नहीं बदल सकते। परिवार की मदद के लिए हमने 25 लाख रुपये की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने भी यहां आएंगे और घायलों से मुलाकात करेंगे। फिर घायल व्यक्तियों को दिए जाने वाले मुआवजे को लेकर फैसला लिया जाएगा। तेलुगु



देशम पार्टी (टीडीपी) के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम कुमार जैन ने कहा कि सरकार तिरुपति भगदड़ जैसी घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि तिरुमाला तिरुपति मंदिर में दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। मंदिर प्रशासन का दावा है कि भगदड़ में छह श्रद्धालुओं की जान चली गई और करीब 40 लोग घायल हो गए। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए कदम उठाए जा रहे हैं। सीएम चंद्रबाबू नायडू ने भी समीक्षा बैठक बुलाई है। वे भी थोड़ी देर में मंदिर जाएंगे और स्थिति का जायजा लेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बैकुंठ एकादशी के अवसर पर लोग एकत्र हुए थे और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए उचित व्यवस्था की गई थी। छह मृतकों में से एक महिला तमिलनाडु की बताई जा रही है और मृतक के परिजनों को मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम सुनिश्चित करेंगे कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। हमारी सरकार उपचार के लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगी। वहीं तिरुपति में अलग-अलग स्थानों पर मंदिर में दर्शन के ऑफलाइन टोकन देने के लिए वितरण केंद्र बनाए गए हैं। तिरुपति मंदिर में बुधवार को दर्शन के लिए भीड़ उमड़ी। दर्शन के कतार में खड़ी महिला जब अस्वस्थ महसूस कर रही तो उसकर मदद के लिए गेट खोला गया तो भीड़ एक साथ आगे बढ़ गई और अफरा-तफरी मच गई।

## 26 जनवरी समारोह के दौरान पन्नू करवा सकता है आतंकी हमला

नई दिल्ली, 9 जनवरी। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू 26 जनवरी समारोह के दौरान या तो आतंकी हमला कर सकता है या फिर देश विरोधी पोस्टर व दिवारों पर नारे लिखने जैसी हरकतें करवा सकता है। हालांकि यूपी पुलिस की कड़ी कार्रवाई को देखते हुए वह कोई रिश्क नहीं लेना चहाता। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा की अध्यक्ष में दिल्ली पुलिस मुख्यालय में बुधवार को हुई इंटरस्टेट कोर्डिनेशन बैठक में खुफिया विभाग ने ये इनपुट दिए हैं। खुफिया विभाग के इनपुट के बाद व विधानसभा चुनावों को देखते हुए दिल्ली पुलिस अलर्ट मोड में आ चुकी है। दिल्ली पुलिस मुख्यालय में बैठने वाले एक अधिकारी ने बताया कि हालांकि आतंकी संगठनों की ओर से आतंकी हमले के इनपुट नहीं हैं। बैठक में जम्मू कश्मीर व अन्य यूनिटों ने किसी तरह के आतंकी हमले के इनपुट नहीं दिए हैं। खुफिया विभाग ने कहा है कि खालिस्तानी आतंकी पन्नू आतंकी शरारत कर सकता है। इन इनपुट के बाद दिल्ली पुलिस ने बस अड्डे, रेलवे स्टेशन, मेट्रो व ऐतिहासिक इमारतों की सुरक्षा बढ़ाने के आदेश दिए गए हैं। इस पुलिस अधिकारी ने बताया कि इनपुट मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने कड़े कदम उठाने और संदिग्ध को पकड़ने के लिए किराएदारों के वेरीफिकेशन के आदेश दिए हैं।

# प्रवासी भारतीय दिवस पर ओडिशा के नेताओं ने जताई खुशी

**नरेश मल्होत्रा**

भुवनेश्वर, 9 जनवरी। ओडिशा के प्रमुख राजनेताओं ने इस साल भुवनेश्वर में हो रहे 18वें प्रवासी भारतीय दिवस पर खुशी जाहिर की। नेताओं का कहना है कि इस आयोजन से राज्य में निवेश आएगा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। साथ ही प्रवासी भारतीयों के साथ संबंध मजबूत होंगे। भुवनेश्वर से भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि मेरे शहर भुवनेश्वर और ओडिशा राज्य को विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री ने 18वें प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन करने के लिए चुना है। उन्होंने कहा, यह (आयोजन) न केवल प्रवासी भारतीयों को समृद्ध करेगा, बल्कि ओडिशा को भी लाभ होगा क्योंकि वे अपनी जड़ों से जुड़ेंगे। मुझे पूरा भरोसा है कि राज्य की अर्थव्यवस्था आने वाले दिनों में जरूर बढ़ेगी। वहीं, ओडिशा विधानसभा अध्यक्ष सूरतमा पाधी ने कहा, ओडिशा एक ऐसा प्रदेश है जो अवसरों और समृद्धि से भरा हुआ है। ओडिशा में जमीन, जल, जंगल सबकुछ है। ओडिशा को इस आयोजन से निश्चित रूप से लाभ होगा। ओडिशा विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसलिए हम प्रवासी भारतीयों से अपील करते हैं कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और राज्य को आगे बढ़ाने में मदद करें। यह हमारे लिए गर्व का पल है कि प्रधानमंत्री ने ओडिशा को इस आयोजन के लिए चुना। उन्होंने आगे कहा, ओडिशा का विकास विकसित भारत का एक रास्ता खोलेगा और यह प्रवासी भारतीयों की मदद से ही संभव होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के पूर्वोदय दृष्टिकोण के तहत ओडिशा भारत का केंद्र बनकर उभरने वाला है। ओडिशा के उप मुख्यमंत्री के.वी. सिंह देव ने कहा, प्रतिनिधि इस आयोजन की व्यवस्थाओं से बेहद खुश हैं और ओडिशा में निवेश को लेकर बहुत आशान्वित हैं। उन्होंने कहा, अगर ओडिशा में निवेश आता है, तो निश्चित रूप से ओडिशा के लोग लाभान्वित होंगे, क्योंकि इससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे। ओडिशा की कला, संस्कृति और धरोहर हमेशा इसकी ताकत रही है। लेकिन विदेशी पर्यटकों के बीच इसे सही तरीके से प्रचारित नहीं किया गया है। अगर ओडिशा में पर्यटन विकसित होता है और पर्यन के विकास के लिए बुनियादी ढांचा तैयार होता है, तो ओडिशा को इसका बहुत बड़ा लाभ होगा। प्रवासी भारतीय दिवस भारत सरकार का



प्रमुख आयोजन है, जो भारतीय प्रवासियों के साथ संवाद और संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। इस साल 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 8 से 10 जनवरी तक भुवनेश्वर में ओडिशा सरकार के साथ साझेदारी में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की थीम प्रवासी भारतीयों का योगदान-एक विकसित भारत की ओर है। 50 से अधिक देशों से प्रवासी भारतीय समुदायों के लोग इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए पंजीकरण कर चुके हैं। दुनिया भर से आए सैकड़ों प्रवासी भारतीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए भुवनेश्वर के जनता मैदान में एकत्र हुए। उन्होंने गर्मजोशी से स्वागत और इस आयोजन की तैयारियों को लेकर ओडिशा की सराहना की। प्रवासी भारतीयों ने कहा कि यह आयोजन राज्य की जीवंत सांस्कृतिक धरोहर का अनुभव करने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान कर रहा है। पचास वर्षों से स्लोवेनिया में रहने वाली एक प्रवासी भारतीय कोकी वेबर ने इस आयोजन में शामिल होने को लेकर खुशी जाहिर की। वह नमस्ते नाम का एक कारोबार चलाती हैं, जिसमें भारतीय हस्तशिल्प को बढ़ावा दिया जाता है। उन्होंने कहा, मैं भारतीय हस्तशिल्प से बने चमड़े के सामान, रेशमी स्कार्फ, अगरबत्तियां और इनर गारमेंट्स बेचती हूं, जो सभी भारत में बने होते हैं। कोकी ने ओडिशा को भारत का एक छिपा हुआ रत्न बताया।

## कनाडा की अदालत से 4 भारतीय हत्यारोपियों को जमानत

ओटावा, 9 जनवरी। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में गिरफ्तार चार भारतीय नागरिकों को कनाडा की अदालत से राहत मिली है। साल 2023 के इस मामले में रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने करण बराड़, कमलप्रीत सिंह, करणप्रीत सिंह और अमनदीप सिंह को गिरफ्तार किया था। अब चारों को सरे प्रांतीय न्यायालय से जमानत मिल गई है। चारों के खिलाफ अब ब्रिटिश कोलंबिया सुप्रीम कोर्ट में अगले महीने 11 फरवरी को सुनवाई होगी। चारों की जमानत के संबंध में ब्रिटिश कोलंबिया सरकार के न्याय विभाग की वेबसाइट पर जानकारी अपलोड की गई है। दस्तावेज में चारों आरोपियों की हिरासत की स्थिति के सामने एन लिखा हुआ है। करण बराड़, कमलप्रीत सिंह, करणप्रीत सिंह और अमनदीप सिंह पर फाइल नंबर 256562 के अंतर्गत कार्रवाई हो रही है। इसकी पड़ताल करने पर पता लगा कि चारों पर हत्या की साजिश और हत्या करने के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस के रिकॉर्ड्स के मुताबिक करण और कमलप्रीत का जन्म 2001 में हुआ, अमनदीप 2002 में जबकि करणप्रीत 1995 में जन्मा है। ब्रिटिश कोलंबिया के सरे और एडमॉन्टन शहर में 1 मई, 2023 को हुई वारदात के सिलसिले में इन चारों को 18 जून 2023 को पकड़ा गया। ब्रिटिश कोलंबिया की इंटीग्रेटेड हॉमिसाइड इंवेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) के मुताबिक, इन लोगों पर हत्या की साजिश रचने के साथ-साथ हत्याकांड को अंजाम देने के आरोप भी लगे हैं। हालांकि, कनाडाई मीडिया के भारत से लिंक होने की जो अटकलें लगाई जा रही थीं, उसके बारे में पुलिसकर्मियों ने कोई सबूत नहीं दिया। चारों की गिरफ्तारी के समय विदेश मंत्रालय ने इस बात को दोहराया था, कनाडा ने निज्जर की हत्या के मामले को खास सबूत या जानकारी भारत को नहीं दी है और इस मामले में कथित रूप से शामिल भारतीयों की गिरफ्तारी पर भारत को कोई औपचारिक सूचना नहीं गई है। निज्जर की सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि इस हत्याकांड में भारत की संलिप्तता है। हालांकि, भारत ने बार-बार इन आरोपों का खंडन किया है। ट्रूडो के इस आरोप के बाद दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट आ गई थी। दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ा और दोनों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को निष्काषित कर दिया था। हालांकि, ट्रूडो के आरोपों के बाद से अब तक कनाडा ने इस मामले में भारत सरकार के साथ सबूतों को साझा नहीं किया है।

## गोपनीय भुगतान मामला: ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट से की सजा पर रोक लगाने की अपील

एजेंसी
**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की है कि न्यूयॉर्क में गोपनीय भुगतान (हश मनी) मामले में शुक्रवार को होने वाली सजा को रोक दिया जाए। सजा टालने के मामले में न्यूयॉर्क की अदालतों द्वारा अपील खारिज करने के बाद ट्रंप के वकीलों ने शीर्ष कोर्ट का रुख किया। गोपनीय भुगतान मामले में न्यायाधीश जुआन एम. मर्चन शुक्रवार को सजा निर्धारित करेंगे। जज जुआन एम मर्चन ने बीते साल मई में ट्रंप को 34 आपराधिक आरोपों में दोषी ठहराया था। ट्रंप पर आरोप था कि उन्होंने अपने व्यापारिक लेन-देन को छिपाने या गलत तरीके से दिखाने के लिए कुछ दस्तावेजों में हेरफेर की। ट्रंप के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के एक पुराने फैसले का हवाला देते हुए कहा कि राष्ट्रपति को कुछ मामलों में आपराधिक आरोपों से सुरक्षा मिलती है। मामले में न्यायाधीश जुआन मर्चन ने पहले ही एक फाइलिंग में संकेत दिया है कि जेल की सजा नहीं होगी।

## चाड राष्ट्रपति परिसर पर हमला, 19 की मौत

**याउंडे।** चाड के राष्ट्रपति परिसर में बंदूकधारियों के हमले में 19 लोगों की मौत हो गई जिसमें 18 हमलावर और एक सैनिक शामिल हैं। यह जानकारी सरकारी सूत्रों ने दी। सरकार के प्रवक्ता और विदेश मंत्री



अब्देरमान कुलमल्ला ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर कहा कि घायलों में छह हमलावर और तीन सैनिक शामिल हैं।

पहले की रिपोर्टों में संदेह व्यक्त किया गया था कि आतंकवादी समूह बोको हराम ने हमले को अंजाम दिया था, लेकिन बाद में विदेश मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि शायद यह मामला नहीं था, हमलावरों की पहचान चाड की राजधानी एन'जामेना के एक जिले के एक सशस्त्र समूह के रूप में की गई थी। अब्देरमान कुलमल्ला ने कहा, सुरक्षा स्थिति अब नियंत्रण में है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

## जापान की खाड़ी के आसपास भारी बर्फबारी की चेतावनी

**टोक्यो।** जापान के मौसम विभाग ने उत्तर से लेकर पश्चिमी क्षेत्र मे शुक्रवार तक भारी बर्फबारी और तेज़ हवा चलने की चेतावनी दी है, खासकर उन क्षेत्रों मे जो जापान की खाड़ी के आसपास हैं । जापानी मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने जानकारी दी कि बर्फबारी गुरूवार सुबह तक जारी रहेगी। निगाता परफेक्चर, होकुसंरिकु और तोहोकु क्षेत्र एवं गिफु परफेक्चर में लगभग 70 सेन्टीमीटर, चुगोकु क्षेत्र में 50 सेन्टीमीटर, होक्काइडो में 40-50 सेन्टीमीटर, किन्कि क्षेत्र में 35 सेन्टीमीटर, यामागुची परफेक्चर और शिकोगु क्षेत्र में 20-30 सेन्टीमीटर और उत्तरी क्युशु में पांच-सात सेन्टीमीटर की बर्फबारी होने के आसार हैं । मौसम अधिकारी ने स्थानीय लोगों से बर्फबारी की वजह से होने वाली परेशानियां जैसे यातायात में बाधा, तेज़ हवा, हिमस्खलन और बिजली गिरने जैसी खतरों से सावधानी बरतने को कहा है ।

## रूस की सेना ने डीपीआर के कुराखोवो में 18 यूक्रेनी सैनिकों को पकड़ा

**मॉस्को।** डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) में कुराखोवो बस्ती के पश्चिम में रूसी सेना ने 18 यूक्रेनी सैनिकों को बंदी बना लिया गया है। समाचार एजेंसी तास ने रूसी रक्षा मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने बताया, युद्ध समूह दक्षिण की इकाइयां के हक में स्थिति अधिक अनुकूल है। उन्होंने डीपीआर में सेवरस्क, बेलोगोरोव्का, चासोव यार, वासुकोवका और यंतरनोये के क्षेत्रों में यूक्रेनी सेना की दो मशीनीकृत और एक एयर मोबाइल ब्रिगेड को धूल चटा दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूसी सेना ने यूक्रेन के हमलावर समूहों द्वारा किए गए तीन जवाबी हमलों को विफल कर दिया गया। यूक्रेन ने हमले में 280 से अधिक सैनिकों को खो दिया है और 46वीं एयर मोबाइल ब्रिगेड के 18 सैनिक कुराखोवो के पश्चिम में पकड़े गये हैं। रूसी सेना ने दुश्मन के एक टैंक, एक पैदल सेना के लड़ाकू वाहन, अमेरिकी निर्मित एक एम113 बख्तरबंद कार्मिक वाहक, सात पिकअप ट्रक, दो तोपें और एक गोला-बारूद डिपो को ध्वस्त कर दिया है। मंत्रालय ने कहा, वायु रक्षा प्रणाली ने अमेरिका निर्मित एचआईएमएआरएस मल्टीपल रॉकेट लांचर सिस्टम के छह रॉकेट और 105 फिक्स्ड-विंग ड्रोन को मार गिराया है। गौरतलब है कि रूस ने जब से विशेष सैन्य अभियान शुरू हुआ तब से लेकर अब तक कुल 652 हवाई जहाज, 283 हेलीकॉप्टर, 39,723 मानव रहित हवाई वाहन, 590 विमान भेदी मिसाइल प्रणाली, 20,290 टैंक और अन्य बख्तरबंद लड़ाकू वाहन, 1,507 मल्टीपल रॉकेट लांचर, 20,284 फील्ड आर्टिलरी और मोर्टार गन तथा 29,983 विशेष सैन्य वाहन नष्ट किए गए हैं।

# कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग ने धारण किया भीषण रूप, 5 लोगों की मौत

एजेंसी
**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में लॉस एंजिल्स के नजदीक जंगलों में लगी आग ने भयावह रूप ले लिया है। आग से अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है और काफी संख्या में लोग घायल हैं। करीब तीस हजार लोगों को घर-बार छोड़ना पड़ा है। आग की चपेट में आकर बड़ी संख्या में इमारतें नष्ट हो गई हैं।

शुरुआत में यह आग पैसिफिक पैलिसेड्स, ईटन और हर्स्ट के जंगलों में लगी जो तमाम प्रयासों बावजूद दूसरे इलाकों में फैल गई। बताया जा रहा है कि दक्षिण कैलिफोर्निया के सूखे जंगलों में तेज हवाओं के साथ यह आग तेजी से फैली। अबतक 5 लोगों की मौत लॉस एंजिलेस के जंगलों में लगी आग लगातार



तेजी से फैल रही है जिसके कारण स्टेट ऑफ इमरजेंसी की घोषणा कर दी गई है। साथ ही लोगों के लिए चेतावनी जारी की गई है।एलए काउंटी के फायर चीफ एंथनी मार्रोन ने पत्रकार वार्ता में बताया कि ईटन में लगी आग के कारण 5 लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हैं। जबकि लॉस एंजेल्स के पैसिफिक पैलिसेड्स में लगी आग के दौरान हजारों लोगों को सुरक्षित निकाला गया। इसके साथ ही हर्स्ट में आग भड़क गई है। इस आग से लाखों की संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं और करीब 30 हजार लोगों को घर छोड़ना पड़ा है।आग की भयावहता और दूसरे इलाकों में इसके फैलने की आशंका को देखते हुए 50 हजार लोगों को घर खाली करने के आदेश दिए गए हैं। इस आग से डेढ़ हजार से ज्यादा इमारतें नष्ट हो चुकी हैं। कैलिफोर्निया के पसाडिना शहर में आग से यहूदी प्रार्थनास्थल जल गया। इस आग का असर अमेरिकी फिल्म उद्योग हॉलीवुड पर भी पड़ा है। आग से बुरी तरह प्रभावित कैलिफोर्निया के लॉस एंजेलेस में हॉलीवुड के बहुत सारे स्टूडियो और सैकड़ों फिल्म सितारों का यह स्थायी ठिकाना है। इन फिल्मी सितारों को दूसरे सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है।

## यूएई ने आतंकवाद समर्थकों की सूची में 19 व्यक्तियों, कानूनी संस्थाओं को किया शामिल

एजेंसी
**दोहा।** संयुक्त अरब अमीरात ने मुस्लिम ब्रदरहुड आंदोलन (रूस में आतंकवादी समूह के रूप में प्रतिबंधित) से कथित संबंधों को लेकर ब्रिटेन स्थित शिक्षा केंद्र कैंब्रिज एजुकेशन एंड ट्रेनिंग सेंटर सहित 19 व्यक्तियों और कानूनी संस्थाओं को देश की आतंकवादी सूची में शामिल किया है। यह जानकारी डब्ल्यूएएम समाचार एजेंसी ने दी। यूएई सरकार के संबंधित डिक्री ने आतंकवाद के समर्थकों की सूची में 11 व्यक्तियों और आठ कानूनी संस्थाओं को शामिल करने को मंजूरी दी। एजेंसी ने कहा कि इनमें संयुक्त अरब अमीरात के नौ नागरिक शामिल हैं जिनके पास स्वीडिश और तुर्की नागरिकता भी है। एक यमनी नागरिक और एक लाइबेरिया नागरिक, जिसके पास स्वीडिश नागरिकता भी है, को आठ यूके व्यवसायों के साथ सूची में शामिल किया गया है, जो मुख्य रूप से शिक्षा और रियल एस्टेट के क्षेत्र में काम करते हैं। यह कदम कथित रूप से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से



आतंकवाद को वित्त पोषित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले नेटवर्क का पता लगाने और उन्हें खत्म करने के संयुक्त अरब अमीरात के प्रयासों का एक हिस्सा है।

## इलाज कराने लंदन पहुंचीं बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया

एजेंसी
**लंदन।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया इलाज कराने के लिए लंदन पहुंचीं हैं। कई बीमारियों से पीड़ित 79 वर्षीय खालिदा जिया कतरी रॉयल एयर एम्बुलेंस से लंदन पहुंची हैं। वर्ष 2017 के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। खालिदा जिया के लंदन पहुंचने की जानकारी बीएनपी के मीडिया सदस्य शैरुल कबीर खान ने दी। उन्होंने बताया कि जिया की एयर एम्बुलेंस दोपहर 2ः55 बजे (बांग्लादेश समय) लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरी। सरकारी बीएसएस समाचार एजेंसी के अनुसार लंदन में बांग्लादेश के कार्यवाहक उच्चायुक्त मोहम्मद हजरत अली खान ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया और उन्हें गुलदस्ता भेंट किया। जिया जिस विशेष एयर एम्बुलेंस से लंदन



पहंची हैं, उसमें कतर के चार रॉयल डॉक्टर और पैरामेडिक्स भी थे। साथ ही उनके बांग्लादेश के डॉक्टर और परिवार के अन्य लोग भी एम्बुलेंस में सवार थे। लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर खालिदा जिया ने सात साल बाद बेटे तारिक रहमान और बहू जुबैदा से मुलाकात पर भावुक हो गईं। वहीं, बीएनपी मीडिया सेल ने खालिदा जिया और उनके बेटे की मुलाकात की कई तस्वीरें साझा की हैं। इनमें एक फोटो में व्हीलचेयर पर बैठीं पूर्व प्रधानमंत्री बेटे तारिक को गले लगते दिखाया गया है।

## काठमांडू में ऑनलाइन सट्टेबाजी चलाने के आरोप में दो भारतीयों सहित 53 गिरफ्तार

एजेंसी
**काठमांडू।** काठमांडू शहर के सातदोबाटो इलाके में एक पांच मंजिला मकान में चलाए जा रहे कॉल सेंटर पर केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने छापा मार कर दो भारतीय नागरिकों सहित 53 लोगों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान हाल ही में हुए भारत-ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट क्रिकेट में बॉल टु बॉल सट्टा कराए जाने के प्रमाण मिले हैं। इन सभी को जिला अदालत में पेश किया गया, जहां से पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। सीआईबी के प्रमुख एआईजी दीपक थापा ने बताया कि कॉल सेंटर चलाने के नाम पर यहां से विभिन्न भारतीय खेलों के लिए ऑनलाइन सट्टेबाजी की जा रही थी।मंजिला मकान में अवैध गतिविधि होने की सूचना मिलने पर मंगलवार की शाम को सीआईबी ने छापा मारा था। छापेमारी के दौरान कॉल सेंटर से 85 लैपटॉप, 84 मोबाइल फोन, 100 से



अधिक बिना प्रयोग किये हुए सिम कार्ड जब्त किये गए। सीआईबी के मुताबिक पकड़े गए भारतीय नागरिकों में बिहार के मोतिहारी निवासी मनीष कुमार झा और गुजरात निवासी राहुल मेगोडा हैं। इसके अलावा नेपाल नागरिक मोनी दहाल, सुष्मिता नेपाली, सेलिना श्रेष्ठ, आदित्य कुमार सिंह और रौशन श्रेष्ठ को पकड़ा गया है। सभी को आज जिला अदालत में पेश कर पांच दिनों के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों के बारे में अभी भी जांच चल रही है। सीआईबी ने अदालत में बताया कि इस कॉल सेंटर में सिंहम लॉटरी, अन्ना लॉटरी, भानु लॉटरी, इंडस बेट जैसे ऑनलाइन बेटिंग एप का इस्तेमाल करते हुए ऑनलाइन सट्टेबाजी की जा रही थी। इस दौरान वाट्सएप के जरिए विभिन्न ई-वॉलेट में पेमेंट जमा कराया जाता था। हाल ही में हुए भारत-ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट क्रिकेट में बॉल टु बॉल सट्टा कराए जाने के प्रमाण मिले हैं।

## उत्तरी गाजा में तीन इजरायली सैनिकों की मौत



एजेंसी
**यरूशलम।** इजरायली सेना ने कहा कि उत्तरी गाजा पट्टी में छापेमारी के दौरान उसके तीन सैनिक मारे गए और एक अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गया। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी ने कहा कि उत्तरी गाजा के बेत हनौन में उनके टैंक के शक्तिशाली विस्फोटक उपकरणों पर चढ़ने से उसमें सवार सैनिकों की मौत हो गई।

सेना ने एक बयान में कहा कि तीनों सैनिक आयरन ट्रेल्स ब्रिगेड की 46वीं बख्तरबंद बटालियन के थे जो लड़ाई के दौरान मारे गए। नवीनतम मौतों से अक्टूबर 2023 में देश में बहु-मोर्चे युद्ध की शुरुआत के बाद से मारे गए इजरायली सैनिकों की कुल संख्या बढ़कर 831 हो गई है।

गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजरायली हमलों में अबतक 45,936 लोग मारे गए हैं और 109,274 अन्य घायल हुए हैं।

## तिब्बत में आए भूकंप के 24 घंटे में 660 बार पराकंप के झटके

एजेंसी
**काठमांडू।** सुबह 6:50 बजे नेपाली समयानुसार तिब्बत के शिगात्से में रहे डिंगरी काउंटी को केंद्र बिंदु बनाते हुए आए 7.1 मैग्नीट्यूड भूकंप के झटके के चौबीस घंटे तक लगातार धरती हिल रही थी। इन चौबीस घंटों में 660 बार आफ्टरशॉक(पराकंप) आने की जानकारी दी गई है।

अमेरिकी भूकंप मापन संस्था यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के मुताबिक सुबह तक तिब्बत के शिगात्से के आसपास ही कम से कम 660 बार आफ्टरशॉक आए हैं। मंगलवार की सुबह को रेक्टर स्केल पर आए 7.1 मैग्नीट्यूड के भूकंप के कुछ ही समय बाद यानि सुबह 6:58 मिनट पर 5.1 मैग्नीट्यूड का पहला आफ्टरशॉक आया था।

इसके बाद सुबह 7:02 बजे पहला आफ्टरशॉक आया जिसकी तीव्रता 4.7 मैग्नीट्यूड था। ऐसे ही 7:07 मिनट पर दूसरा आफ्टरशॉक






आया जिसकी तीव्रता 4.9 मैग्नीट्यूड बताई गई है। अमेरिका की नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने बीते 24 घंटे में आने वाले बड़े आफ्टरशॉक का रिकॉर्ड सार्वजनिक किया है।

यूएसजीएस और सिस्मोलॉजी सेंटर के तरफ से जारी रिकॉर्ड के मुताबिक 7:09 मिनट पर 5.1 मग मैग्नीट्यूड, 7:17 मिनट पर 4.8, 7:22 मिनट और 7:28 मिनट पर 4.9 मैग्नीट्यूड, 7:44, 11:42 और शाम को 19ः14 बजे 4.6 मैग्नीट्यूड का आफ्टरशॉक महसूस किया गया था। बुधवार सुबह तक 660 बार आफ्टरशॉक आने की पुष्टि चाइनीज सरकारी मीडिया ने भी की है। चीन की सरकारी टीवी चैनल सीजीटीएन ने भूकंप को लेकर जो अंतिम बार अपडेट जारी किया है उसके मुताबिक आज अपराह्न 3ः44 मिनट पर 5.5 मैग्नीट्यूड का बड़ा झटका महसूस किया गया है। भूकंप का सबसे अधिक असर ईपी सेंटर के 20 किलोमीटर के दायरे में रहे 27 गांवों को हुआ है। भूकंप के कारण 3,600 घर पूरी तरह से ध्वस्त हो गए हैं जिसके कारण करीब 30,400 लोग बेघर हो गए हैं। इन सभी को 14 अलग अलग अस्थाई शेल्टर होम में रखा गया है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक भूकंप के कारण मरने वालों की तादाद 126 है जबकि 188 लोगों का जीवित उद्धार किया गया है। इनमें से 28 की हालत गंभीर बताई गई है।

## बाइडेन ने कैलिफोर्निया में आग की घटना के बाद बड़ी आपदा की घोषणा की

एजेंसी
**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गुरुवार को कैलिफोर्निया में एक बड़ी आपदा की घोषणा की, क्योंकि सप्ताह की शुरुआत से राज्य में बड़ी आग लगी हुई है। यह जानकारी व्हाइट हाउस ने दी।

व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि आज, राष्ट्रपति जोसेफ आर. बाइडेन ने घोषणा किया कि कैलिफ़ोर्निया राज्य में एक बड़ी आपदा मौजूद है और 07 जनवरी से शुरू हुई जंगल की आग और सीधी हवाओं से प्रभावित क्षेत्रों में राज्य, जनजातीय और स्थानीय पुनः प्राप्ति प्रयासों के लिए संघीय सहायता का आदेश दिया। यह निर्णय लॉस एंजिल्स में प्रभावित लोगों को सहायता निधि उपलब्ध कराता है। एक बयान में कहा गया कि सहायता में अस्थायी आवास



और घर की मरम्मत के लिए अनुदान, गैर-बीमावाली संपत्ति के नुकसान को कवर करने के लिए कम लागत वाले ऋण, और व्यक्तियों और व्यापारियोंको आपदा के प्रभाव से उबरने में मदद करने के लिए अन्य कार्यक्रम शामिल हो सकते हैं।वानिकी और अग्नि सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि लॉस एंजिल्स में पैलिसैड्स आग की सूचना सबसे पहले मंगलवार को दी गई और यह 15,000 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैल गई है। ईटन में आग मंगलवार रात को लगी, जिसके बाद लोगों को निकालने के आदेश भी दिए गए। इसने पांच लोगों की जान ले ली। आग ने बुधवार दोपहर तक 10,000 एकड़ से अधिक क्षेत्र को जला दिया। हर्स्ट में मंगलवार देर रात लॉस एंजिलिस के सिल्मर इलाके में आग लग गई। वुडली में आग बुधवार सुबह लगी।

एक्यूवेदर मीडिया कंपनी ने कहा कि कैलिफोर्निया में जंगल की आग से नुकसान और आर्थिक नुकसान का प्रारंभिक अनुमान 52 से 57 अरब डॉलर है।

## कांगो गणराज्य के राष्ट्रपति ने की चीनी विदेश मंत्री से मुलाकात

एजेंसी
**ब्रेज़ाविल।** कांगो गणराज्य के राष्ट्रपति डेनिस ससौ न्गुएस्सो ने चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की, जिसमें दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों और चीन-अफ्रीका सहयोग को आगे बढ़ाने का वादा किया।श्री ससौ ने श्री वांग के माध्यम से चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को नये साल की बधाई और शुभकामनाएं दीं। श्री जिनपिंग चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य भी हैं। श्री जिनपिंग की यात्रा को याद करते हुये श्री ससौ ने कहा कि उन्होंने वर्ष 2013 में चीनी राष्ट्रपति के रूप में अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए अफ्रीका को चुना था, जिसके दौरान उन्होंने कांगो गणराज्य की ऐतिहासिक यात्रा की थी, यह यात्रा उनकी स्मृति में जीवंत बनी हुई है। अफ्रीका के वैश्विक मामलों में बढ़ते विस्तार



पर श्री ससौ ने उम्मीद जताई कि अफ्रीका पर चीन के जोर से इस महाद्वीप पर अधिक ध्यान दिया जाएगा और इसके लिए अधिक समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे, बिजली, कृषि और औद्योगीकरण महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जिन्हें कांगो गणराज्य और अन्य अफ्रीकी देशों को विकास हासिल करने के लिए हल करने की आवश्यकता है।

## ओम बिरला और पूर्व पीएम ऋषि सुनक के बीच मुलाकात

**लंदन ।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई। ओम बिरला ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में ये जानकारी दी। ओम बिरला ने पोस्ट में कहा, ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ मुलाकात की। हमने अपने ऐतिहासिक संबंधों, संसदीय लोकतंत्र के साझा मूल्यों, लोगों के बीच संपर्क और आईटी, एआई, सोशल मीडिया, फर्जी खबरों के प्रभावों और ऐसी

## श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के दस मछुआरों को गिरफ्तार किया, नाव जब्त

एजेंसी
**चेन्नई ।** तमिलनाडु के कराईकल से दस भारतीय मछुआरों को गुरुवार तड़के श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया। नौसेना ने मछुआरों की नाव भी जब्त कर ली है। मछुआरों को आगे की पूछताछ और जांच के लिए श्रीलंकाई नौसेना के कांकेसंथुराई शिविर में ले जाया गया है। 16 जून 2024 से अब तक श्रीलंकाई नौसेना ने कथित तौर पर तमिलनाडु के 425 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और 58 महंगी मशीनीकृत नौकाओं को जब्त किया है। इनमें से अनेक मछुआरे अभी भी श्रीलंका की जेलों में बंद हैं। इन्हें रिहा कराने की मांग को लेकर व्यापक विरोध प्रदर्शन भी किए जा रहे हैं, तथा सरकार से हस्तक्षेप की मांग की जा रही है।

हाल ही में श्रीलंका की यात्रा के दौरान, केंद्रीय विदेश मंत्री ने श्रीलंका सरकार के समक्ष यह मुद्दा उठाया था। कहा था कि वह मछुआरों की गिरफ्तारियां तथा नाव जब्त करने की कार्रवाई को रोकें। हालांकि, इन चर्चाओं के बावजूद, गिरफ्तारियां जारी रहीं, जिससे मछुआरा समुदाय में भय बढ़ता गया।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर को लिखे पत्र में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा हिरासत में लिए गए सभी भारतीय मछुआरों



और उनकी मशीनीकृत नौकाओं की रिहाई के लिए तत्काल राजनयिक प्रयास करने का आग्रह किया।

24 दिसंबर को लिखे अपने पत्र में मुख्यमंत्री स्टालिन ने श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए 17 मछुआरों की रिहाई के लिए हस्तक्षेप की मांग की थी। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि लगातार गिरफ्तारियां और हमले तमिलनाडु के मछुआरों के जीवन को अनिश्चित और खतरनाक बना रहे हैं जो पूरी तरह से पारंपरिक जल में मछली पकड़ने पर निर्भर हैं।

उन्होंने चिंता व्यक्त की कि हाल की गिरफ्तारियों और हमलों से मछुआरा समुदाय में भय का माहौल पैदा हो गया है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय विदेश मंत्री से सभी गिरफ्तार मछुआरों और उनकी नौकाओं की तत्काल रिहाई सुनिश्चित करने के लिए ठोस कूटनीतिक कदम उठाने का आग्रह किया था।

कौमी पत्रिका
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# यौन शोषण के आरोपित प्राध्यापक पर कार्रवाई की मांग को लेकर एबीवीपी नीत डूसू ने जड़ा डिप्टी डीन कार्यालय पर ताला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन तथा ज्वाइंट डीन (छात्र कल्याण) कार्यालय पर ताला जड़ दिया। उन्होंने रामजस कॉलेज की एक नाबालिग छात्रा के यौन शोषण के आरोपित प्राध्यापक धनीराम को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर मामले की पुलिस जांच कराने की मांग की। इस मांग के साथ धनीराम पर कार्रवाई की मांग करते हुए एबीवीपी कार्यकर्ता डीएसडब्लू कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे हैं। आरोप है कि लगभग एक माह पूर्व रामजस महाविद्यालय में पढ़ने वाली एक नाबालिग छात्रा के साथ वहां के एक प्राध्यापक धनीराम, जो कि दिल्ली विश्वविद्यालय का सह-अधिष्ठाता छात्र कल्याण भी हैं, ने यौन शोषण तथा छेड़छाड़ किया था। इसकी शिकायत छात्रा ने आईसीसी में की है। परिषद का कहना है कि धनीराम द्वारा इस मामले को दबाने और छात्रा की शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई न किए जाने पर रामजस महाविद्यालय की एबीवीपी इकाई ने 24 दिसंबर को कॉलेज में प्रदर्शन कर प्राध्यापक के निलंबन की मांग की। इसके पश्चात एबीवीपी और एबीवीपी नीत डूसू का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल डीसीपी उत्तरी जिला से मिला था और मामले का संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई की मांग की थी।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस पार्टी आआपा को देगी समर्थन : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस पार्टी आम आदमी पार्टी (आआपा) का समर्थन करेगी। इसकी जानकारी खुद आआपा के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दी है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में तृणमूल पार्टी द्वारा समर्थन दिए जाने पर व्यक्तिगत रूप से ममता बनर्जी का आभार जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'टीएमसी ने दिल्ली चुनाव में आआपा को समर्थन देने की घोषणा की है। मैं व्यक्तिगत रूप से ममता दीदी का आभारी हूं। धन्यवाद दीदी। आपने हमेशा हमारे अच्छे और बुरे समय में हमारा साथ दिया है और आशीर्वाद दिया है।उल्लेखनी है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को चुनाव आयोग ने तारीख का ऐलान कर दिया है। पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे और 8 फरवरी को मतगणना होगी। आम आदमी पार्टी ने अभी तक सभी 70 सीटों पर अपने प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं।

# पूर्व निगम पार्षद हसीब उल हसन ने समर्थकों के साथ आआपा में की वापसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) को छोड़कर गए हसीब उल हसन पार्टी में लौट आए। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में पटका और टोपी पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर संजय सिंह ने कहा कि हसीब उल हसन और उनके साथियों के आने से गांधी नगर समेत आस पास की विधानसभाओं में भी आआपा को बहुत ताकत मिलेगी। ये लोग गांधीनगर से पार्टी के प्रत्याशी दीपू चौधरी को अपने क्षेत्र से भारी मतों से जिताने का काम करेंगे। संजय सिंह ने आगे कहा कि गांधी नगर से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी दीपू चौधरी के प्रयासों से पूर्व निगम पार्षद हसीब उल हसन और उनके साथ सैकड़ों साथी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं। इससे न सिर्फ गांधी नगर विधानसभा क्षेत्र में बल्कि आस-पास की विधानसभाओं में भी आआपा को बहुत ताकत मिलेगी। मैं हसीब उल हसन के साथ आआपा में शामिल हो रहे डॉ. रईस हाजी मुस्तकीम, अछन प्रधान, नजाकत हुसैन समेत इनके तमाम साथियों का पार्टी में स्वागत करता हूं। मुझे विश्वास है कि आप सब आआपा से जुड़कर पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे और दीपू चौधरी को अपने क्षेत्र से भारी मतों से जिताने का काम करेंगे। इस दौरान गांधी नगर से आआपा प्रत्याशी दीपू चौधरी ने कहा कि छोटा भाई नाराज होकर चला गया था और आज एक-डेढ़ साल बाद वापस आ गया है। छोटे भाई को रूठने का हक है तो मनाने और मानने का भी पूरा हक है।

# उपविक्रम मिस्री ने अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मुत्ताकी से की मुलाकात

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत और तालिबान शासन के बीच अब तक की सर्वाधिक उच्च स्तरीय आधिकारिक बैठक में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने दुबई में अफगान तालिबान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी के साथ बैठक की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। श्री मिस्री ने अफगान लोगों के साथ भारत की ऐतिहासिक मित्रता और दोनों देशों के बीच मजबूत लोगों के बीच संपर्क पर प्रकाश डाला। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया, दोनों पक्षों ने भारत की ओर से अफगानिस्तान को दी जा रही मानवीय सहायता, द्विपक्षीय मुद्दों और क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की। भारत ने



अफगानिस्तान के लोगों को मानवीय और विकास सहायता प्रदान करना जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। चाबहार बंदरगाह के माध्यम से व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की। भारत देश में स्वास्थ्य क्षेत्र और शरणार्थियों के पुनर्वास के लिये भी अपना समर्थन देगा। एक बयान में उन्होंने अफगानिस्तान के लोगों की तत्काल विकासात्मक जरूरतों पर प्रतिक्रिया देने के लिये भारत की तत्परता से अवगत कराया। दोनों पक्षों ने चल रहे भारतीय मानवीय सहायता कार्यक्रमों का मूल्यांकन किया। अफगान तालिबान के विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान के लोगों से जुड़ने और उनका समर्थन करने के लिये भारतीय नेतृत्व की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया।

बयान में कहा गया कि अफगानिस्तान के विकास गतिविधियों की वर्तमान जरुरतों को देखते हुये, यह निर्णय लिया गया कि भारत मानवीय सहायता कार्यक्रम के अलावा निकट भविष्य में विकास परियोजनाओं में शामिल होने पर विचार करेगा।अफगानिस्तान के अनुरोध के जवाब में भारत वहां स्वास्थ्य क्षेत्र और शरणार्थियों के पुनर्वास के लिये और अधिक भौतिक रूप से सहायता प्रदान करेगा।

# मुख्यमंत्री आतिशी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखा पत्र

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने एक बार फिर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पत्र लिखकर उनसे मुलाकात का समय मांगा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम काटे जाने और नए नाम जोड़े जाने का मसला बेहद गंभीर है और इसे स्थानीय निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर नहीं सुलझाया जा सकता।

मुख्यमंत्री ने पांच जनवरी को लिखे अपने पिछले पत्र का जिक्र करते हुए कहा है कि इस संबंध में उन्हें उप निर्वाचन अधिकारी का पत्र प्राप्त हुआ है। उनका कहना है कि वे उनके पत्र के तथ्यों की जांच कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा है कि मतदान में अब 27 दिन रह गए हैं और देशभर की नजर राजधानी के चुनावों पर टिकी हैं। ऐसे में मामले की गंभीरता को समझते हुए उन्हें मुलाकात का समय दिया जाना



चाहिए ताकि दिल्ली में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित किए जा सकें।

# विपक्षी सदस्यों ने पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने की व्यावहारिकता पर उठाये सवाल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।**एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित विधेयकों की समीक्षा के लिए गठित संयुक्त




संसदीय समिति की यहां पहली बैठक हुई जिसमें विपक्षी सदस्यों ने समूचे देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए जरूरी संसाधनों तथा व्यवस्था से संबंधित सवाल उठाये और समिति का कार्यकाल बढाये जाने की मांग की। समिति की एक घंटे से भी अधिक समय तक चली बैठक के दौरान विपक्षी सदस्यों ने पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के लिए विशेष रूप से इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों और सुरक्षा तंत्र तथा इस पर आने वाले खर्च का सवाल उठाया और पूछा कि इसे कैसे पूरा किया जायेगा। सदस्यों ने समिति का कार्यकाल बढाये जाने का भी मुद्दा उठाया। समिति को बजट सत्र के पहले सप्ताह के अंतिम दिन तक अपनी रिपोर्ट देनी है।

# मोदी के ने... बढ़ाव...

**एजेंसी**

**भुवनेश्वर।** विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जो देश की प्रगति को बढ़ावा देने में मदद कर रहे हैं। स्वच्छ भारत अभियान, बेटी पढ़ाओ अभियान, आवास योजना, अन्न योजना, मुद्रा योजना, स्वनिधि योजना, आयुष्मान भारत और जल जीवन मिशन जैसी योजनाएं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

डा. जयशंकर यहां शुरु हुए तीन दिवसीय 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा,÷उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत और नवाचार के जरिए देश

# सुप्रीम कोर्ट ने तीन लोगों की हत्या के दोषी को पाया नाबालिग, 25 साल जेल के बाद आया रिहाई का आदेश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक सेवानिवृत्त कर्नल, उनके बेटे और बहन की हत्या के दोषी को 25 साल की कैद के बाद यह कहते हुए रिहाई का आदेश दिया कि घटना के समय वह 14 साल का किशोर था। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने उसकी दोषसिद्धि को बरकरार रखा, लेकिन किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत निर्धारित सजा की ऊपरी सीमा से अधिक होने के कारण उसकी सजा को रद्द कर दिया। पीठ कहा,हर स्तर पर अदालतों ने (इस मामले में) या तो दस्तावेजों की अनदेखी करके या अनदेखी करके अन्याय किया है। पीठ ने अपने फैसले में दोषी की 60 साल उम्र तक की सजा रद्द कर रिहाई का आदेश देते हुए कहा कि न्यायालय द्वारा की गई गलती किसी व्यक्ति के उचित लाभ के आड़े नहीं आ सकती। तीन लोगों की हत्या का यह सनसनीखेज घटना उत्तराखंड के देहरादून जिले का वर्ष 1994 की है।

पीठ ने अपने आदेश में आगे



कहा, न्याय सत्य की अभिव्यक्ति के अलावा और कुछ नहीं है। यह सत्य है जो हर अन्य कार्य से परे है। न्यायालय का प्राथमिक कर्तव्य तथ्यों के बावजूद, निचली अदालत से लेकर इस शीर्ष अदालत के समक्ष क्यूरेटिव याचिका के निष्कर्ष तक किसी न किसी तरह से यह दलील ( नाबालिग होने की) दी। इससे पहले, अपीलकर्ता को मृत्युदंड की सजा सुनाई गई थी। उसकी समीक्षा और क्यूरेटिव याचिका को भी सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था। हालांकि, आठ मई, 2012 को जारी राष्ट्रपति के आदेश के तहत उसके मृत्युदंड को इस शर्त पर आजीवन कारावास में बदल दिया गया था कि उसे 60 वर्ष की आयु प्राप्त होने तक रिहा नहीं किया जाएगा।अपीलकर्ता ने 2019 में राष्ट्रपति के आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय के समक्ष एक रिट याचिका दायर की और 2015 के किशोर न्याय अधिनियम की


## भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
## Securities and Exchange Board of India

**भारतीय प्रतिभूति और विनिमरू बोर्ड अधिनियम, 1992 की धारा 28क (ए) के साथ पठित आयकर अधिनियमण 1961 की दूसरी अनुसूची के नियम॒ के तहत मांग की सूचना**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के नई दिल्ली में स्थित उत्तरी प्रादेशिक कार्यालय के वसूली अधिकारी ने निम्नलिखित एटिटियों ("चूककर्ताओं) को मांग की सूचनाएं ("एनओडी") जारी की थी, जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है:

| क्र.सं. | प्रमाणपत्र सख्या | बकाएदारों का नाम | बकाएदारों का पता |
|---|---|---|---|
| 1. | 6806/2023 | एफ 6 फिनसर्व प्रा. लिमिटेड | यूनिट नंबर 206, दूसरी मंजिल सेवा कॉर्पोरेट पार्क, एम.जी. रोड, गुड़गांव, हरियाणा - 122002 |
| 2. | 6868/2023 | शामुगप्रिया इंटरनेशनल प्रा. लिमिटेड | पता 1: एसआरसी-26, शिप्रा रिवेरा, इंदिरापुरम्, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201014<br>पता 2: एल-29 से एल-34, गहली मंजिल, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 |
| 3. | 7016/2023 | ब्रेन स्ट्रॉन्ग कंसल्टिंग लिमिटेड (पहले वेलइंडिया सिक्योरिटीज लिमिटेड) | ए-78, सेक्टर-2, नोएडा, उत्तर प्रदेश 201303 |
| 4. | 7029/2023 | रितिका इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड | एफ-90/1ए, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1, नई दिल्ली-110020 |
| 5. | 7070/2023 | शीतल गुप्ता | 36 ए-ब्लॉक, फेज-2, विवेक विहार, दिल्ली-110095 |
| 6. | 7071/2023 | नील कंठ ट्रेडिंग कंपनी | शॉप नंबर 207, पहली मंजिल, एस 551, वेलकम प्लाजा, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, नई दिल्ली 110092 |
| 7. | 7074/2023 | सतेंद्र कुमार और इसकी प्रोपराइटरशिप फर्म अर्थात निशा ट्रेडर्स, ब्राइट सिक्योरिटीज | प्लॉट नं. 3, गती नंबर 3. ईस्ट गुरु अंगद नगर, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली-110092 |
| 8. | 7211/2024 | देविंदर कुमार | मकान नंबर एस-223, मंगोल पुरी, दिल्ली-110083 |
| 9. | 7305/2023 | मितेश कुमार | एच.एन. 257, 5 गुरु रामदास नगर, कोट खालसा, अमृतसर, पंजाब-143001 |
| 10. | 7328/2023 | मनीष कुमार कनोडिया | 206. एमएमआईजी, राम नगर कॉलोनी, तखनऊ, उत्तर प्रदेश 226004 |
| 11. | 7336/2023 | नमिता अग्रवाल | सेक्टर-6 चिरंजीव विहार, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश- 201002 |
| 12. | 7337/2023 | मुस्कान अरोड़ा | नंबर 19-सी. फ्लावर एन्क्लेव, दुर्ग 1. बैकसाइड खालसा, प्रॉपर्टी डीलर, लुधियाना, पंजाब- 110052 |
| 13. | 7727/2024 | डी. के. जैन एंड संस एचयूएफ | 59-17. बाहुबल अपार्टमेंट, न्यू रोहतक रोड, नई दिल्ली 110005 |
| 14. | 7728/2024 | देवेन्द्र कुमार जैन | 59-17, बाहुबल अपार्टमेंट, न्यू रोहतक रोड, नई दिल्ली 110005 |
| 15. | 7737/2024 | निर्मत जैन | 59-17, बाहुबल अपार्टमेंट, न्यू रोहतक रोड, नई दिल्ली 110005 |
| 16. | 7932/2024 | अमलेंदु मुखर्जी | एफ-6, मिलाप नगर, नई दिल्ली-110059 |
| 17. | 8032/2024 | मोहन गर्ग और उनकी प्रोपराइटरशिप फर्म अर्थात गर्ग ट्रेडर्स एंड सप्लायर्स | 1/1552 पोधो वाल। गली, मानसरोवर पार्क, दिल्ली- 110094 |
| 18. | 8034/2024 | हरप्रीत कौर | 305ए, मॉडल टाउन एक्सटेंशन, इममीत सिंह चौक के पास, लुधियाना, पंजाब- 141002 |
| 19. | 8037/2024 | कमलेश आरजा | 22 प्रथम तल, जंगपूरा रोड, नई दिल्ली 110014 |
| 20. | 8058/2024 | फ़र्न हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड | पता 1-55 हनुमान रोड, कनॉट प्लेस नई दिल्ली- 1100011<br>पता 2- मकान-86बी, दूसरी मंजिल, ब्लॉक डब्ल्यूजेड, टोडरपुर गांव इंद्रपुरी दिल्ली-110012 |
| 21. | 8059/2024 | मॉडलैंड वियर्स प्रा. लिमिटेड | पता 1-55 हनुमान रोड, कनॉट प्लेस नई दिल्ली- 1100011<br>पता 2- मकान-86बी, दूसरी मंजिल, ब्लॉक डब्ल्यूजेड, टोडरपुर गांव इंद्रपुरी दिल्ली-110012 |
| 22. | 8070/2024 | खेतान बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड | फ-5. सूरजपुर साइट सी, यूपीसिडसी साइट, गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश्य, भारत, 201307 |
| 23. | 8072/2024 | आकाशदीप सिंह | 305ए, मॉडल टाउन एक्सटेंशन, इश्मीत सिंह चौक के पास, लुधियाना, पंजाब- 141002 |
| 24. | 8094/2024 | गौरव भाटिया एंड संस एचयूएफ | 542 सी-9 न्यू माधो नगर, एम कॉर्प टीएन सहारनपुर उत्तर प्रदेश 247001 |
| 25. | 8141/2024 | फ्यूचरिस्टिक इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड | पत्ता 1-309, दीपशिखा बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, नई दिल्ली 110008<br>पता 2-266, पूर्वी पटेल नगर, नई दिल्ली 11008 |
| 26. | 8172/2024 | स्वाति गुप्ता | मकान नंबर 72, पहली मंजिल, संदेश विहार, पीतमपुरा, दिल्ली- 110034 |
| 27. | 8187/2024 | हंस होम्स प्राइवेट लिमिटेड | पता 1-बी-219, बेसमेंट डेरावल नगर, उत्तरी दिल्ली, दिल्ली 110009<br>पता 2- दुकाएं बर 101, पहली मंजिल, पॉकट बी, एलएससी अशोक विहार, दिल्ली 110052 |
| 28. | 8198/2024 | हरीश चंद्र जोशी एक्यूएफ | 84 प्रेमौर माफी, कौलागढ़, देहरादून, उत्तराखंड 248001 |
| 29. | 8199/2024 | पंकज कुमार अग्रवाल एचयूएफ | मकान नंबर बी 256, दिल्ली-110092 |

मांग की सूचना (एनओडी) की तामील अंतिम गयात पते पर डाक के माध्यम से ना हो पाई। नोटिसी मांग की सूचना की प्रति सेबी के वेबसाइट (www.sebi.gov.in) से डाउनलोड कर सकते हैं, जो इन शिर्षकों के अंतर्गत दी हुई है: "प्रवर्तन (इन्फोर्समेंट) -> वसूली कार्यवाहियाँ [ENFORCEMENT -> Recovery Proceedings) या वसूली अधिकारी के कार्यालय (जिसका पता नीचे दिया गया है) से प्राप्त कर सकते हैं, या फिर ईमेल आईडी (recoverynro@sebi.gov.in (इन्हें भी कॉपी में रखते हुए: deepshikhal@sebi.gov.in एवं kshamac@sebi.gov.in)) पर ईमेल भेजकर भी प्राप्त कर सकते हैं।

**वसूली अधिकारी**
**भारतीय प्रतिभूति और विनिमय- बोर्ड उत्तरी प्रादेशिक कार्यालय, नई दिल्ली**
**8 वीं मंजिल, प्लेट बी, टॉवर 1, एन बी सी सी कॉम्प्लेक्स, पूर्वी किदवई नगर**
**नई दिल्ली-110023**

यदि इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर मांग की सूचना के संबंध में कोई जवाब आदि प्राप्त नहीं होता है, तो वसूली अधिकारी रिकॉर्ड में उपलब्ध सामग्री के आधार पर आगे की कार्यवाही करेंगे।

**तारीख:** 01 जनवरी 2025
**स्थान:** नई दिल्ली

CBC 15204/11/0207/2425



**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल का नायक युवा क्रांति पार्टी के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालयः मकान नंबर-65, शंकर नगर, कृष्णा, नगर, पूर्वी दिल्ली-110051 (पूरा पता) में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है-पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिए गए है:-

सभापति/अध्यक्ष: विजय शंकर प्रसाद

महासचिव/सचिवः सुबोध कुमार पताः 9/5107, पुराना सीलमपुर, कौशिकपुरी, गांधी नगर, दिल्ली।

कोषाध्यक्षः जीतेन्द्र कुमार दुबे पताः गली नं. 13, वार्ड नंबर 15. सेहतपुर फ़रीदाबाद जिला फरीदाबाद।

यदि किसी को नायक युवा क्रांति पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली- 110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

**NAME CHANGE**
I, Chhaya Nana Birhade Mother of No.4580827H, Rank-L/Nk Name-Birhade Mahendra Nana presently residing at Plot no. 38, Ghanshyam Nagar, Pimprala, District-Jalgaon, Maharashtra – 425001 have changed my name from Chhaya Bai to Chhaya Nana Birhade for all future purposes vide affidavit dated 08.01.2025, before Notary Public, New Delhi.

**NAME CHANGE**
I, Bhim Chandra Ghosh father of Kalidas Ghosh R/o Vill.Krishnapur, Chandibaria (South), PO-Krishnapur, The-Barasat, Distt-North 24 Parganas, West Bengal - 700102 declare that I have changed my name from Bhim Ch Ghosh to Bhim Chandra Ghosh for all future purposes vide affidavit dated 26.11.2024 before Notary Public, New Delhi.

**NAME CHANGE**
I PAWAN KUMAR S/O MANSA RAM R/O HOUSE NO-142 MALI WARA KATRA SUBZI MANDI MALKA GANJ NORTH DELHI 110007 I HAVE CHANGED MY NAME PAWAN KASHYAP

**NAME CHANGE**
I, hitherto known as KAVITA alias KAVITA RAJ D/o RAJ KISHOR SINGH W/o ANAND RAJ, residing at C-1/19A, BLOCK-C, MAHAVIR VIHAR, KANJHAWALA, PO- KANJHAWALA, DIST- NORTH WEST DELHI-110081, have changed my name and shall hereafter be known as KAVITA RAJ.

**NAME CHANGE**
I, Shakshi D/o Roshan Lal R/o House No-390, Gali No-, B-Block,vPrem Vihar, Shiv Vihar, Karawal Nagar, North East Delhi, Delhi-110094, Have Changed My Name To Sakshi For All Future Purpose

**NAME CHANGE**
I PARVESH S/O SUMUNDER SINGH R/O H. NO. 28/179, KASTURBA NAGAR SHAHDARA EAST DELHI, DELHI-110032, have changed the name of my minor daughter TAMANNA ABHUWA alias REHANA ABHUA aged 13 years and she shall hereafter be known as REHANA ABHUWA

**NAME CHANGE**
I Pawan Kumar Yadav S/O: Ram Sajeevan Yadav, R/O Q.No-521 G/F, R.K.Puram Sect-5, South West Delhi, Delhi, 110022, have changed the name of my minor daughter Sriya aged 14 years and she shall hereafter be known as Shriya Yadav.

**NAME CHANGE**
I, DILNAMOL PAREETH Alias DILNAMOL P, D/o. N A FAREETH, R/o. NEELUVEETTIL, POST-CHANDIROOR, AROOR, ALAPPUZHA, KERALA-688534, have changed my name from DILNAMOL PAREETH Alias DILNAMOL P, to DILNA MOL PAREETH for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, Reeta Garg D/O Kanta Prasad Garg R/O Prop No-3 Flat no-E, Second floor, Kh. no.260/1 Chattarpur Village South Delhi - 110074 Have Changed my name to Reeta Agarwal for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, BALVINDER KAUR W/O HARINDER PAL SINGH KOHLI residing at A-40 NARANG COLONY JNAKPURI B-1 DELHI-110058 have changed my name to BALWINDER KAUR for all future purpose

**NAME CHANGE**
I hitherto known as SATRUGHAN PRASAD alias SHATRUGUN S/O VIKRAMA PRASAD R/O G-69, Kalkaji Aali PO: Aali District South Delhi, Delhi-110019, have changed my name and shall hereafter be known as SATRUGHAN PRASAD.

**PUBLIC NOTICE**
I, Pooja Sharma W/o Late Ankur Sharma R/o 3167, phatak nanak chand mohalla dassan Ballimaran chawari bazar. Delhi 110006 hereby confirm that I am the daughter of Sh. Rakesh kumar sharma and daughter-in-law of late Sh. Ramesh Nath Sharma for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, TAMILARASAN D Father of No-16132000L Rank-SPR Name-UDHAYA KUMAR T Presently residing at 4/19, KOVIL STREET, MELMANGKUPPAM VILLAGE AND POST, MELMANGKUPPAM, VELLORE, TAMIL NADU-632203, have changed my name from TAMILARASAN D to D TAMILARASAN for all future purposes and in my son's service records my date of birth wrongly mentioned as 01/09/1961 instead of my correct date of birth as 09/01/1961 vide Affidavit dated 09/01/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I Awadhesh Kumar S/o Raveendra Nath Pandey R/o LIG Dda Flat No. 150, Second floor, Jai Ambey Apartment Mayur Vihar Phase 3 Vasundra Enclave East Delhi Delhi - 110096 have changed my name to Awadhesh Pandey for all future purposes

**DATE OF BIRTH CHANGE**
I, SEEMA DEVI Wife of No-14683454X HAV ANUJ KUMAR Presently residing at BABUGARH, BABUGARH CANTT, HAPUR, UTTAR PRADESH-245101, in my husband's service records my date of birth wrongly mentioned as 01/01/1985 instead of my correct date of birth as 01/01/1989 vide Affidavit dated 09/01/2025 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**
This is to inform that 1. Sh. Ramesh Kumar Singh 2. Smt. Ranjana Singh has agreed to create mortgage the described property in favour of my client Aadhar Housing Finance Limited, Delhi Laxmi Nagar Branch, after execution of sale deed in their favour. Seller(s) Namely Sh. Brajpal have agreed to sell their property "Plot No. 20, Area Measuring 150 Sq. Yds, Out Of Khasra No. 667, Situated at Colony Shri Ram Enclave-4, Village Khodna Kalan, Pargana and Tehsil Dadri, District Gautam Budh Nagar, U.P.-201306". Hence any other co-sharer(s)/or any other legal heir(s) of namely Sh. Sahipal, Sh. Brajpal Kumar, Sh. Veerpal, Smt. Ujadha Devi or any previous owner(s) of the above-mentioned property or any other concerned parties (including but not limited to Banks, Financial institutions, NBFCs, HFCs, Govt. Authorities or Semi-Govt. Authorities/bodies) having any claim against or in respect of the said property or any part thereof by way of sale, exchange, mortgage (equitable or deposit of title deed otherwise) gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, Sub-lease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise, how/who-soever are hereby requested to notify the same in writing to the Undersigned with supporting documentary evidence at the address mentioned herein below within 7 days, from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person(s) shall be considered to have been waived and/or abandoned any my client AHFL shall proceed with the disbursement of loan and creation of mortgage on the above-mentioned property.
Dated : 09-01-2025
Place : Delhi
Advocate Ghanshyam Singh, Ch. E-713 Karkardooma Courts, Delhi-110032; Ph-8810212071

**NAME CHANGE**
I, Charvi D/O Harendra Kumar Aggarwal R/O Flat no-8D, Upper Ground floor Hinaya Green, Bandh Road, Second Avenue Chandan Hola South Delhi – 110074 Have Changed my name to Charvi Aggarwal for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, KANIYAKUMARI Mother of No. 16132000L Rank-SPR Name-UDHAYA KUMAR T Presently residing at 4/19, KOVIL STREET, MELMANGKUPPAM VILLAGE AND POST, MELMANGKUPPAM, VELLORE, TAMIL NADU-632203 have changed my name from KANIYAKUMARI to KANNIYAKUMARI for all future purposes vide Affidavit dated 09/01/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, TARUNA JUNEJA W/O ASHISH RAKHEJA residing at K-54 SHRI NIWAS PURI DELHI-110065 have changed my name to RUCHI RAKHEJA for all future purpose

**NAME CHANGE**
I, BHOI ALPABEN RAMANLAL Wife of No-15737532W Rank-L/NK Name-MALI HIREN VINODKUMAR Presently residing at VPO-NADIAD, TEHSIL-NADIAD, DIST-KHEDA, GUJARAT-387001 have changed my name from BHOI ALPABEN RAMANLAL to MALI ALPABEN HIRENBHAI for all future purposes vide Affidavit dated 09/01/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I Ram Kishore Chaudhary S/O Hari Shankar Chaudhary, R/O Kh. No-516, Near Mata Wali Gali, Bakoli, PO: Alipur, north west Delhi, Delhi-110036,have changed the name of my minor son Aniket aged 14 years and he shall hereafter be known as ANIKET KUMAR.

**NAME CHANGE**
I, No-4202423P Rank-HAV Name-SUNIL S/o BHIM SINGH R/o VPO-FALAIDA BANGAR, GAUTAM BUDDHA NAGAR, UTTAR PRADESH-203135, have changed my minor son's name from DAVIT to DAVID for all future purposes vide Affidavit dated 09/01/2025 before Notary Public, Delhi.

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिल पुत्रः** जगबीर **पताः** गंगा विहार, कुटी रोड, मुरादनगर, गाजियाबाद उ.प्र., ने **FIR No. 32700/2017 U/s 379/411 IPC थानाः वेलकम दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल**, मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 32700/2017 U/s 379/411 IPC थानाः वेलकम दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अनिल**, से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 25.02.2025 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
जेएमएफसी-03, शाहदरा कमरा नंबर 19
कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली

**DP/351/NE/2025**
**(Court Matter)**

## जिला के सभी पशुओं की होगी गणना : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

**एजेंसी**

**नूंह।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हरियाणा द्वारा 21वीं पशुगणना का कार्य किया जा रहा है। जिला में आगामी 31 मार्च तक 21वीं पशुगणना का कार्य पूर्ण किया जाएगा। इसके लिए पशु चिकित्सक डॉ. सतीश कुमार को बतौर जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस पशुगणना में 04 प्रगणक शहरी क्षेत्र में तथा 74 ग्रामीण क्षेत्र के लिए प्रगणक घर-घर जाकर पशुओं की गणना करेंगे व 14 सुपरवाइजर इन प्रगणक के कार्य की समीक्षा व निगरानी करेंगे। 21वीं पशुगणना लाइवस्टॉक एप के जरिए होगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि देश में सर्वप्रथम सन 1919 में पशु गणना का कार्य किया गया और अब तक 20 बार पशु गणना का कार्य किया जा चुका है। जिले के ग्रामीण इलाकों के सभी गांव व सभी शहरी वार्डों के पशुओं की गणना की जाएगी। इसमें गाय, भैंस, ऊंट, घोड़े, गधे, कुत्ते, भेड़, बकरी व पोल्ट्री इत्यादि की गणना की जाएगी। पशुओं की गणना के साथ उनकी प्रजाति और नस्ल की गणना भी होगी। गौशाला की गाय, घर के पालतू पशु व सड़क पर घुमने वाले बेसहारा पशुओं की गणना भी की जाएगी। जिला नूंह के 2019 में हुई 20वीं पशुगणना के अनुसार गाय 30088, भैंस 174867, भेड़ 5522, बकरी 26948, घोड़ा 127, पोनी 4, खच्चर 29, गधा 70, सुअर 761, ऊंट 303, कुत्ता 256, खरगोश 1963 की संख्या है।

## हरियाणा में इसी साल लागू होगी नई शिक्षा नीति

**चंडीगढ़।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को 2025 में लागू करने के लिए शिक्षा विभाग की पुरजोर तैयारी है। आगामी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक, सोनीपत व गुरुग्राम में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान प्रदेश के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और विद्यालयों के साथ-साथ शिक्षाविदों के सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे और ऑनलाइन पोर्टल भी जारी किया जाएगा। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा दिल्ली के हरियाणा भवन में एनईपी के संबंध में लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग, रोहतक व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने से पहले स्कूल, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में सुझाव पेटिका रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि छात्रों के दिए जाने वाले सुझावों पर भी विचार किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्कूल, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में सेमिनार भी आयोजित किए जाएं, ताकि विद्यार्थी नई शिक्षा नीति को आसानी से समझ सके और जहां कठिनाई हो, उसको लेकर सुझाव दे सके।

## हरियाणा में पूरा साल चलेंगे सुशासन और संविधान कार्यक्रमः मोहन लाल बड़ौली

**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा ने एक साल तक प्रदेश में संविधान व सुशासन कार्यक्रम आयोजित करने का ऐलान किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में बुधवार को चंडीगढ़ में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में एक साल तक चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता और प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया की मौजूदगी में दिल्ली चुनाव में किन-किन भाजपा नेताओं की ड्यूटी लगाई जानी है इस पर भी चर्चा हुई। बैठक के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने साफ किया कि दिल्ली चुनाव में हरियाणा के लगभग 100 नेताओं की ड्यूटी लगेगी। मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की स्पष्ट बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि 8 फरवरी को जब चुनाव का परिणाम आएगा तब हरियाणा की तरह ही दिल्ली में भी जलेबी बंटेगी। बड़ौली ने आम आदमी पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आआपा दुनिया की सबसे भ्रष्ट और झूठ बोलने वाली पार्टी है।

## विज ने डीएचबीवीएन कार्यालय में जांची फाइलें, लगाई फटकार

**गुरुग्राम।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने गुरुग्राम के एमजी रोड स्थित हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के अधीक्षण अभियंता कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में काफी फाइलों की जांच की। कुछ फाइलें वे अपने साथ ले गए। उन्होंने उपकरण खरीद की फाइलों के जांच के एसीएस को निर्देश दिए। हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के अधीक्षण अभियंता कार्यालय का निरीक्षण करने के लिए मंत्री अनिल विज पहुंचे। वहां पर कार्य करने वाले कर्मचारियों से उन्होंने बातचीत की। अधीक्षण अभियंता बी.के. राघव के रूम में जाकर फाइलों को भी देखा। उन्होंने एक कर्मचारी की सीट पर जाकर कुछ फाइलों को देखा और जांच की। विज ने उपकरण खरीद से संबंधित एक फाइल को देखा और उस पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही उपकरण खरीद की फाइल पर लगे दस्तावेजों की जांच के निर्देश दिए। उन्होंने अपने स्टाफ को निर्देश देते हुए कहा कि इस उपकरण खरीद की फाइल की जांच ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव से करवाई जाएगी। इसके अलावा विज ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय के हाजिरी रजिस्टर की भी जांच की।

# राष्ट्रीय युवा महोत्सव में शामिल होंगे हरियाणा के 75 प्रतिभागी

### मुख्यमंत्री ने युवा प्रतिभागियों को चंडीगढ़ से नई दिल्ली के लिए किया रवाना

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आगामी 10 जनवरी से 12 जनवरी तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हिस्सा लेने वाले हरियाणा के 75 युवा प्रतिभागियों के समूह को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हरियाणा का प्रतिनिधित्व होना हमारे लिए गर्व और गौरव का क्षण है। इसमें भागीदारी करने वाले सभी युवा पूरी मेहनत और लग्न के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करें और प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष नासिक, महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हरियाणा ने देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चित तौर पर इस बार राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हरियाणा देशभर में प्रथम स्थान हासिल करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के युवाओं ने अपनी प्रतिभा के बल पर देश-विदेश में अपनी धाक जमा रखी है। युवाओं ने खेलों, प्रतियोगी परीक्षाओं, सेनाओं और कलाओं में अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं।



नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार ने बिना पर्ची-खर्ची के अब तक 1.71 लाख युवाओं को मेरिट के आधार पर नौकरी दी जा चुकी है। इसके अलावा, सरकार का 2 लाख और नई नौकरियां देने का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वह नशे से दूर रहें और खेलों व अन्य सकारात्मक गतिविधियों से जुड़े रहें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया मूवमेंट चलाया है, ताकि युवा फिट रहें और राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दे सके। उन्होंने कहा कि सरकार नशे को रोकने के लिए कड़े कदम उठा रही है और इस कारोबार में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जा रही हैं।

इस मौके पर युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग के महानिदेशक विवेक अग्रवाल ने बताया कि युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग के तत्वाधान में कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय ने गत नवंबर 2024 में हरियाणा के सभी 22 जिलों में जिला युवा महोत्सवों का आयोजन किया था, जिसमें विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताओं में लगभग 6000 युवाओं ने भाग लिया था। इसके बाद 3 जनवरी से 5 जनवरी 2025 तक राज्य युवा महोत्सव का आयोजन पलवल में किया गया।

## प्रशासनिक सेवा में जाने के लिए संस्कृत है रामबाण : उपायुक्त वशिष्ठ

**एजेंसी**

**पलवल।** संस्कृतभारती हरियाणा के द्वारा प्रांत में दो आवासीय प्रबोधन वर्गों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें एक प्रबोधन वर्ग हिसार और एक प्रबोधन वर्ग सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल में आयोजित किया जा रहा है। ये दोनों प्रबोधन 15 जनवरी तक आयोजित किए जाएंगे।पलवल में प्रबोधन वर्ग का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि संस्कृत एक ऐसी भाषा है जिसमें सब प्रकार का ज्ञान और विज्ञान निहित है और संस्कृत भाषा भारतीय प्रशासनिक सेवा अथवा हरियाणा प्रशासनिक सेवा में जाने के लिए बहुत उपयोगी और महत्वपूर्ण भाषा है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ग में संस्कृत सीखने के लिए जो वर्गार्थी आए हैं वे ध्यान लगाकर अच्छी प्रकार से पढ़ें और इस अवसर का लाभ उठाएं। उन्होंने आगे कहा कि संस्कृत भारती इस क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य कर रही है । मुख्य वक्ता के रूप में संस्कृत भारती हरियाणा के प्रांत मंत्री प्रमोद शास्त्री, प्रान्त प्रशिक्षण प्रमुख डॉ. नवीन शर्मा ने अतिथियों को श्रीफल, पटका एवं श्रीमद्भगवद्गीता प्रदान कर सम्मानित किया। पलवल जनपद सह सम्पर्क प्रमुख आचार्य तेज सिंह शास्त्री ने





विशिष्ट अतिथि के रूप में सह जिला संघचालक कुंवर पाल सिंह तथा सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष अनिल मोहन मंगला उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ के बाद सरस्वती वंदना साक्षी और आशा ने किया तथा ध्येय मंत्र प्रियंका ने किया। संस्कृतभारती जिला अध्यक्ष कुबेर दत्त गौतम एवं संस्कृत भाषा में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। आवासीय भाषा प्रबोधन वर्ग का प्रस्तावित वर्ग प्रशिक्षण प्रमुख अजय शास्त्री ने प्रस्तुत किया । मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत मंत्री प्रमोद शास्त्री ने कहा कि संस्कृत भारती का मुख्य लक्ष्य है कि संस्कृत भाषा जन भाषा बने इसके लिए संस्कृत भारती दिन-रात प्रयासरत है।

## सूरत नगर निवासी देवीदत्त की शिकायत का आधे घंटे में हुआ समाधान

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** काफी समय से लंबित शिकायत के समाधान के लिए एक महिला नगर निगम में समाधान शिविर में पहुंची। निगमायुक्त ने उनकी शिकायत को ध्यान से सुना और अधिकारियों को निर्देश देकर

**निगमायुक्त ने समाधान शिविर में 7 शिकायतों की सुनवाई के दौरान जल्द कार्रवाई के दिए निर्देश**

मात्र आधे घंटे में ही मिल गया।

सूरत नगर निवासी देवीदत्त अपनी शिकायत लेकर निगम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे थे। निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग के समक्ष अपनी समस्या बताते हुए उन्होंने कहा कि उनकी प्रॉपर्टी की दो आईडी बनी हुई हैं, जिसे दुरुस्त कराने के लिए वे पिछले काफी लंबे समय से इधर-उधर चक्कर लगा रहे हैं। निगमायुक्त ने मौके पर उपस्थित जोनल टैक्सेशन अधिकारी को निर्देश दिए





कि तुरंत ही इनकी शिकायत का समाधान सुनिश्चित किया जाए। अधिकारी ने मौके पर ही सभी प्रक्रियाएं पूरी कराई तथा मात्र आधे घंटे में समस्या का समाधान सुनिश्चित किया। निगमायुक्त के समक्ष 7 फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे, जिनकी सुनवाई के दौरान निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायत पर कार्रवाई करते हुए तुरंत ही अंतरिम राहत की व्यवस्था करें तथा स्थाई समाधान की समयसीमा निर्धारित करके टेंडर आदि प्रक्रिया शुरू कराएं।

## सरकार की जनहितैषी योजनाओं को अधिकारी और कर्मचारी जन जन तक पहुंचाने का करें कार्य

### एडिशनल कमिश्नर स्वप्लिन रविंद्र पाटिल ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**एजेंसी**

**फरीदाबाद।** नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर स्वप्लिन रविंद्र पाटिल ने आज निगम मुख्यालय में

**बैठक में जड़टीओ (क्षेत्रीय एवं कर अधिकारियों ) को निर्देश समय पर प्रॉपर्टी टैक्स की बकाया राशि अदा न करने वाले मालिकों पर करें उचित कार्यवाही**

नगर निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से स्वामित्व योजना, प्रॉपर्टी टैक्स, पीएम स्वनिधि योजना के साथ साथ नगर निगम क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था को लेकर चर्चा की



गई है। नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर स्वप्लिन रविंद्र पाटील ने कहा कि सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रशासन कार्य करा रहा है और शहरवासियों सरकार की योजनाओं का लाभ उठा रहें हैं।। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रॉपर्टी टैक्स की बकाया राशि वाले प्रॉपर्टी मालिकों से प्रॉपर्टी टैक्स रिकवरी करें ,और बड़ी राशि वाले प्रॉपर्टी मालिको पर उचित कार्यवाही करें । एडिशनल कमिश्नर स्वप्लिन रविंद्र पाटिल ने कहा कि शहर के लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सके इस लिए सभी अधिकारी अपने अपने जॉन में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखे और गंदगी के खत्तों की संख्या को भी कम करें।।

उन्होंने बैठक में कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्वामित्व योजना और पीएम स्वनिधि योजना का लाभ देने के लिए भी अधिकारी तेज गति से कार्य करें। इस बैठक में एडिशनल कमिश्नर गौरव आंतिल,जॉइंट कमिश्नर जितेंद्र गर्ग, जेडटीओ सुमन रतरा, जेडटीओ दीपा,जेडटीओ सुनीता,जेडटीओ विकास कन्हैया, सीपीओ द्वारका प्रसाद मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से किया जा रहा निवारणः नगराधीश अप्रतिम सिंह

**एजेंसी**

**पलवल।** नगराधीश अप्रतिम सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से लगाए जा रहे समाधान शिविरों में आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निवारण करवाया जा रहा है। जिला उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में हर कार्यदिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।



नगराधीश अप्रतिम सिंह ने जिला सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित किए समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनी।नगराधीश अप्रतिम सिंह ने बताया कि समाधान शिविर में पेंशन, प्रॉपर्टी आईडी व परिवार पहचान पत्र सहित अनेक शिकायतें आई। इनमें से अधिकतर का मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा निवारण करवा दिया गया। वहीं लंबित रही शिकायतों के निवारण के लिए संबंधित अधिकारी को जल्द निवारण करवाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पलवल में लगाए समाधान शिविर में आई 9 शिकायतों में से 7 का मौके पर ही समाधान किया गया। वहीं होडल स्थित लघु सचिवालय में लगाए समाधान शिविर में आई एक शिकायत का भी मौके पर निवारण करवा दिया गया। इसके अलावा हथीन में कोई भी शिकायत नहीं आई।

## जन समस्याओं का जल्द निस्तारण का एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म बना समाधान शिविर

**एजेंसी**

**नारनौल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देश पर लगाए जा रहे समाधान शिविर जन समस्याओं का जल्द निस्तारण का एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म बन गया है।

**मौके पर किया जा रहा समस्याओं का समाधान**

कार्य दिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक लग रहे इन समाधान शिविरों की कड़ी में आज उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं। इस मौके पर 27 नागरिकों ने अपनी शिकायतें रखी।

डीसी ने कहा कि सरकार के निर्देश अनुसार समाधान शिविर में जन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया जा रहा है। जो सामूहिक मांगे हैं उन पर आगामी कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है। अधिकारियों को सभी शिकायतों व समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए हैं।

उपायुक्त ने बताया कि एक-एक शिकायत का पूरा रिकॉर्ड ऑनलाइन





पोर्टल पर रखा जा रहा है। हर रोज इन शिकायतों की मुख्यालय तथा जिला स्तर पर समीक्षा भी की जाती है। हर मामले में पूरी पारदर्शिता के साथ अधिकारी कार्य कर रहे हैं। सरकार व जिला प्रशासन का संकल्प है कि आम नागरिकों को अपनी छोटी-मोटी शिकायतों के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। सभी अधिकारी प्रतिबद्धता के साथ इस कार्य में लगे हुए हैं। शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर करते हुए लोगों को समयबद्ध सेवा प्रदान की जा रही हैं। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा तथा डीएसपी सुरेश कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस समारोह को गौरवमयी ढंग से मनाया जाए- अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक

**एजेंसी**

**नूंह।** गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य रूप से मनाने के लिए सभी तैयारियां व प्रबंधन समयबद्ध सुनिश्चित किए जाएं। समारोह में देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम व पीटी एवं डंबल शो, सरकार की योजनाओं की जानकारी से परिपूर्ण आकर्षक झांकियां, मार्च पास्ट सहित सभी तैयारियां अच्छी प्रकार से की जाए, ताकि इस राष्ट्रीय पर्व को गौरवमयी ढंग से मनाया जा सके। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह यासीन मेव डिग्री कॉलेज नूंह में धूमधाम से मनाया जाएगा।

अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस रूम में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने समारोह को भव्य और सुचारू रूप से आयोजित करने के लिए सभी विभागों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इस समारोह को सफलतापूर्वक मनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय व जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। यह राष्ट्रीय पर्व देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है और इसे गरिमापूर्ण तरीके से मनाना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वे इस समारोह में बड़ी संख्या में भाग लें और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कार्यक्रमों का आनंद लें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर शहीद वीरांगनाओं, स्वतंत्रता सेनानियों,वीर सैनिकों और पूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया जाए और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वालों को भी सम्मानित किया जाएगा। सभी विभाग अधिकारियों व कर्मचारियों के नामों की सिफारिश पूर्ण विवरण सहित 16 जनवरी तक उपायुक्त कार्यालय को भिजवा दें। समारोह में सामाजिक समरसता का संदेश देती तथा सरकार की जनहितकारी नीतियों के प्रति जागरूक करती झांकियों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा विभाग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए विद्यार्थियों की तैयारी अच्छी प्रकार से करवाए।

## एडीसी ने ली जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक

**एजेंसी**

**नारनौल।** अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आज लघु सचिवालय में अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत विभिन्न उपबंधों के क्रियान्वयन की अधिकारियों से रिपोर्ट ली गई। वहीं ऐसे नागरिकों को दी गई राहत और पुनर्वास सुविधा तथा उनसे संबंधित मामलों पर चर्चा की गई। एडीसी ने बताया कि अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 तथा 1995 के सेक्शन तीन नियम 12 (4) के तहत मापदंड अनुसार राहत राशि प्रदान की जाती है। अधिनियम के तहत अनुसूचित जाति के नागरिकों पर अत्याचार या उनकी चल अचल संपत्ति के नुकसान की भरपाई की जाती है। इसके लिए उन्हें एफआईआर दर्ज करवाने के बाद ऑनलाइन आवेदन करना होता है। इस मौके पर एडीसी ने निर्देश दिए कि जो पीड़ित ऑनलाइन आवेदन नहीं करना चाहते उनसे लिखित में लिया जाए। इसके अलावा जो न्यायालय में फैसले होते हैं उसके बारे में भी जिला न्यायालय की तरफ से मामले की जानकारी दी जाए। इसके अलावा मैन्युअल स्कैवेंजर समिति की बैठक में एडीसी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिला में कहीं भी हाथ से सीवरेज की सफाई नहीं होनी चाहिए। सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन की सख्ती से पालना की जाए। इस संबंध में जन



स्वास्थ्य विभाग से भी सर्टिफिकेट लिया जाएगा। इस बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार, डीएसपी सुरेश कुमार, जिला न्यायवादी रमणीक यादव, जिला कल्याण अधिकारी अनिल कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## सक्रिय सदस्य बनाने में बादली हलका अव्वल, सभी 198 बूथ अध्यक्ष निर्वाचित

**एजेंसी**

**झज्जर।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा की आंतरिक लोकतंत्र प्रणाली भी सबसे बेहतर है। भाजपा में व्यक्ति नहीं विचारधारा सर्वोपरि है। भाजपा की विचारधारा में देश प्रेम, फिर दल और बाद में व्यक्ति को महत्व मिलता है। उन्होंने यह बात यहां आयोजित पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। उन्होंने बताया कि बादली हल्के में भाजपा के प्रदेश में सर्वाधिक सक्रिय सदस्य बने हैं इतना ही नहीं हलके के सभी 198 बूथों के अध्यक्षों का चुनाव कर लिया गया है। धनखड़ ने कहा कि भाजपा देश की संस्कृति को बढ़ावा देने का काम करती है और देश की संस्कृति को अपनी संस्कृति मानती है। पिछले साढ़े दस वर्षों में केंद्र में मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार के कार्य सभी देखे हैं, जैसा कि आपने राम मंदिर का निर्माण होते देखा, कश्मीर से धारा 370 को हटते देखा, देश की सेनाओं को मजबूत होते देखा। देश का ढांचागत विकास, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के कौशल निखार को देखा। धनखड़ ने कहा कि भाजपा में संगठन पर्व चल रहा है। बूथ अध्यक्ष से राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनावी प्रक्रिया चल रही है। सामान्यतः भाजपा में सर्वसम्मत निर्णय होते हैं। उन्होंने कहा कि बादली हलके के चारों मंडल नामतः बादली, सुबाना, कुलाना दादरी तोए के सभी 198 बूथों पर बूथ अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। बूथ अध्यक्ष सक्रिय सदस्य निर्वाचित हुए हैं। सभी मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया गया है। अब मंडल अध्यक्ष चुने जाएंगे। उन्होने कहा कि बादली हलका सक्रिय सदस्य बनाने में अग्रणी रहा है, वहीं हलके में पार्टी के 48 हजार सदस्य बन चुके हैं, और यह अभियान अभी जारी है।धनखड़ ने पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस विधान सभा चुनाव से पहले भाजपा के संगठन पर कटाक्ष करती थी और पन्ने फाड़ने की बात कहती थी। अब चुनाव हारने के बाद उनकी भी भाषा बदल गई है और उनको भी भाजपा के संगठन की ताकत का पत्ता लग गया है। एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार पूर्ण बहूमत बनने जा रही है।

## फेडएक्स ने इंटरनेशनल कनेक्ट प्लस का भारत में किया विस्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी एक्सप्रेस ट्रांसपोर्टेशन कंपनी फेडरल एक्सप्रेस कॉर्पोरेशन (फेडएक्स) ने भारत में अपने इंटरनेशनल शिपिंग सॉल्यूशन फेडएक्स इंटरनेशनल कनेक्ट प्लस (एफआईसीपी) का विस्तार किया है, जिससे यह सेवा अब ग्राहकों को एशिया, अमेरिका और यूरोप के कई देशों से जोड़ेगी। कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि एफआईसीपी एक किफायती और समयबद्ध इंटरनेशनल शिपिंग सॉल्यूशन है, जो ई-कॉमर्स शिपमेंट्स को केवल 3-4 कार्य दिवसों में डिलीवर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। भारत का ई-कॉमर्स क्षेत्र वर्ष 2030 तक 325 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। साथ ही थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक कंपनियां अगले सात सालों में लगभग 17 अरब शिपमेंट का प्रबंधन करेंगी। ऐसे में भरोसेमंद और किफायती इंटरनेशनल शिपिंग की मांग बढ़ रही है। फेडएक्स में एमईआईएसए के मार्केटिंग और एयर नेटवर्क के उपाध्यक्ष नितिन नवनीत तातीवाला ने कहा, ई-कॉमर्स की वजह से सीमा पार कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में व्यवसायों को ऐसे स्मार्ट और किफायती समाधान चाहिए, जो उनकी पहुंच को बढ़ाते हुए तेज और लचीली सेवा प्रदान करें। हमारा फोकस भारत में बढ़ते ई-कॉमर्स सेक्टर के लिए बेहतरीन सप्लाई चेन समाधान तैयार करने पर है। अपने उन्नत फिजिकल और डिजिटल नेटवर्क को मिलाकर हम अपने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देना चाहते हैं। यह खासतौर पर छोटे और मझोले व्यवसायों के लिए फायदेमंद है, जो आज की प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# एलआईसी बीमा सखी योजना के तहत एक महीने के भीतर 50 हजार से अधिक पंजीकरण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंश्योरेंस कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बीमा सखी योजना में एक महीने के भीतर 50 हजार से ज्यादा पंजीकरण हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला सशक्तीकरण के जरिए विकसित भारत की दिशा में एक पहल के तौर पर इस योजना की शुरुआत की थी।

एलआईसी ने जारी एक बयान में बताया कि उद्घाटन के एक महीने बाद बीमा सखियों के लिए कुल 52,511 पंजीकरण हुए हैं। कंपनी ने कहा कि 27,695 बीमा सखियों को पॉलिसी बेचने के लिए नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। वहीं, 14,583 बीमा सखियों ने पॉलिसी को बेचना शुरू कर दिया है। इस अवसर पर एलआईसी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी




(सीईओ) सिद्धार्थ मोहंती ने कहा, हमारा उद्देश्य एक वर्ष के भीतर देश की प्रत्येक पंचायत को कम से कम एक बीमा सखी से कवर करना है। उन्होंने कहा कि एलआईसी महिलाओं को उचित कौशल प्रदान करके और उन्हें मजबूत डिजिटल उपकरणों से सशक्त बनाकर बीमा सखी धारा को मजबूत कर रही है। इस योजना के अनुसार प्रत्येक बीमा सखी को पहले वर्ष 7 हजार रुपये, दूसरे वर्ष 6 हजार रुपये तथा तीसरे वर्ष 5 हजार रुपये मासिक वजीफा (भुगतान) दिया जाएगा। ये वजीफा एक बुनियादी सहायता भत्ते के रूप में काम करता है। इसके अतिरिक्त, महिला एजेंट अपनी बीमा पॉलिसियों के आधार पर कमीशन कमा सकती हैं। इस योजना में व्यवसाय पर अर्जित कमीशन के अलावा तीन साल के लिए मासिक भुगतान का लाभ भी शामिल है।

उल्लेखनीय है कि एलआईसी का लक्ष्य अगले तीन साल में 2 लाख बीमा सखियों की भर्ती करना है। 18 से 70 वर्ष की आयु की वे महिलाएं जो 10वीं कक्षा तक की शिक्षा प्राप्त कर चुकी हैं, वे इस योजना के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

## वित्त मंत्री सीतारमण से मिले शिवराज सिंह चौहान, आगामी बजट को लेकर हुई चर्चा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण से नॉर्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्रालय में मुलाकात की। इस दौरान चौहान ने आगामी केंद्रीय बजट को लेकर विचार-विमर्श किया वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज चौहान ने नॉर्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्रालय में मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने केंद्रीय बजट 2025-26 को लेकर बातचीत की और सुझाव दिया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि वित्त मंत्री से केंद्रीय बजट में कृषि और ग्रामीण विकास के मुद्दे पर व्यापक चर्चा हुई है। बजट में इन विभागों के लिए क्या-क्या बेहतर हो सकता है, इससे संबंधित सुझाव दिए हैं। चौहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में काम करने वाले भाई-बहनों से मिले सुझाव हमने वित्त मंत्री के सामने रखे हैं।

## रुपया 10 पैसे लुढ़का

**मुंबई।** अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मजबूती आने के संकेत से फेडरल रिजर्व के ब्याज दर कटौती में जल्दबाजी नहीं करने की उम्मीद में दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के चढ़ने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 10 पैसे लुढ़ककर 85.85 रुपये प्रति डॉलर के सार्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 85.75 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था।कारोबार की शुरुआत में रुपया पांच पैसे की गिरावट लेकर 85.80 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर भी रहा। वहीं, सत्र के दौरान तेल आयातकों एवं बैंकों की डॉलर लिवाली के दबाव में यह 85.90 रुपये प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 85.75 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में 10 पैसे लुढ़ककर 85.85 रुपये प्रति डॉलर के सार्वकालिक निचले स्तर पर आ गया।

## अडानी के खिलाफ जांच को लेकर अमेरिकी न्याय विभाग को सवालों के घेरे में लिया सांसद ने

**नयी दिल्ली।** अमेरिका में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के एक वरिष्ठ सांसद ने अरबपति गौतम अडानी के खिलाफ अमेरिकी न्याय विभाग की जांच में अधिकार क्षेत्र, जांच के समय और उससे देश में निवेश के वातावरण तथा एक सहयोगी देश के साथ संभावित संबंध पर सवाल उठाए हैं और पूछा है कि इस जांच के पीछे कहीं जॉर्ज सोरोस का तो कोई संबंध नहीं है। अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स रिपब्लिकन के सदस्य लांस गुडेन ने अटॉर्नी जनरल मेरिक बी गारलैंड को तीन पृष्ठ की कड़ी चिट्ठी में कहा है कि भारत-प्रशांत सागरीय क्षेत्र में भारत अमेरिका के महत्वपूर्ण साथी देशों में है। इस तरह के इस तरह की चुनिंदा कार्रवाइयों से अमेरिका के गठबंधनों को नुकसान पहुंचने का खतरा है। श्री गुडेन सदन की न्यायिक मामलों की समिति के सदस्य भी है। उन्होंने पत्र में इस बात का भी संदेह किया है कि इस तरह की कार्रवाई बाइडेन सरकार के आखिरी दौर में शुरू की गयी है, इसका समय देखते हुए चिंताएं होती हैं कि कहीं यह सब केवल राष्ट्रपति ट्रम्प के लिए व्यवधान पैदा करने के लिए तो नहीं किया गया है। श्री गुडेन ने लिखा कि अदानी पर आरोप में कथित तौर पर रिश्वत देने का है। इसमें किसी भी अमेरिकी पक्ष की कोई ठोस संलिप्तता या क्षति नहीं हुड़ी है। उन्होंने न्याय विभाग से ये सवाल भी पूछे हैं कि यदि मामला संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ महत्वपूर्ण सांठगांठ से जुड़ा है, तो डीओजे ने एक भी अमेरिकी पर अभियोग क्यों नहीं लगाया है? क्या इस कथित योजना में कोई अमेरिकी शामिल नहीं था? क्या आप भारत में न्याय लागू करना चाहते हैं?

## लंदन के रिवरसाइड स्टूडियो का नेतृत्व करेंगे अनिल अग्रवाल

**नयी दिल्ली।** वेदांता समूह के संस्थापक और अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कला और संस्कृति के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए लंदन के प्रतिष्ठित रिवरसाइड स्टूडियो का अधिग्रहण किया है। अब इसे 'अनिल अग्रवाल रिवरसाइड स्टूडियो ट्रस्ट' के नाम से जाना जाएगा। वेदांता समूह ने बयान जारी कर बताया कि यह सौ वर्ष पुराना सांस्कृतिक केंद्र लंदन की टेम्स नदी के उत्तरी तट पर स्थित है और इसे कला-संस्कृति का वैश्विक केंद्र माना जाता है। रिवरसाइड स्टूडियो का समृद्ध इतिहास दिग्गज कलाकारों के कार्यों से सजा हुआ है, जिनमें बीटल्स की रिकॉर्डिंग, डेविड बॉवी के प्रदर्शन, डारियो फो और डेविड हॉकनी जैसे महान कलाकारों की प्रस्तुतियां शामिल हैं। श्री अग्रवाल का यह कदम उनकी 'हर दिल में कला' पहल के तहत लिया गया है, जो कला को सभी के लिए सुलभ बनाने और भारत एवं दुनिया के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने का उद्देश्य रखती है। उन्होंने रिवरसाइड स्टूडियो को ऐसा केंद्र बनाने का संकल्प लिया है, जहां नवाचार और सांस्कृतिक विविधता फल-फूल सके।

# प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ भारत के विकास की कुंजी: चिराग पासवान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में इंडसफूड भारत की सबसे बेहतरीन और विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त व्यापार प्रदर्शनियों के एक रूप में उभरा है, जो एफएंडबी क्षेत्र के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार संपर्क प्रदान करता है। इसके साथ ही भारत के एफएंडबी निर्यात को मजबूत प्रोत्साहन प्रदान करता है।

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री ने ग्रेटर नोएडा के एक्सपो सेंटर में इंडसफूड 2025 के 8वें संस्करण के उद्घाटन के बाद यह बात कही। उन्होंने अपने संबोधन में इंडसफूड को एक व्यापक खेत से खाने तक के व्यापार मेले में बदलना भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद का एक दूरदर्शी कदम है। पासवान ने इंडसफूड 2025 को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत अपनी विविधता के लिए जाना जाता है। हमारा लक्ष्य इस विविधता को दुनिया के सभी कोनों तक ले जाना है, इसी सोच के साथ हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ काम कर रहे हैं। व्यंजन सीमाओं तक सीमित नहीं हैं।

गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा





में स्थित इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड (आईईएमएल) में आयोजित इंडसफूड 2025 के 8वें संस्करण में बतौर मुख्य अतिथि बाबा रामदेव ने इंडसफूड को आहार का महाकुंभ बताया, जहां 130 देशों से आए दुनिया के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में शेफ की मौजूदगी इस बात का सबूत है कि दुनिया भारतीय व्यंजनों और भोजन को आजमाने के लिए यहां आई है। उन्होंने कहा कि भारतीय भोजन, भारतीय व्यवहार और भारतीय विचार का दुनियाभर में सम्मान किया जाता है और हम जानते हैं कि यह भारत की ताकत है, जिसे पूरी दुनिया मानती है।इस अवसर पर एपीडा के अध्यक्ष अभिषेक देव ने अपने संबोधन में कहा कि भारत पहले से ही वैश्विक खाद्य निर्यात में सातवें स्थान पर है, पिछले साल निर्यात में 50 अरब अमरीकी डालर का आंकड़ा छू लिया है। इस साल हम निर्यात वृद्धि के मामले में नए रिकॉर्ड स्थापित करेंगे। इस कार्यक्रम में टीपीसीआई के चेयरमैन मोहित सिंगला, बिखाराम चांदमल के एमडी आशीष अग्रवाल, एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स के डायरेक्टर आकाश शाह समेत दुनिया भर से आए गणमान्य अतिथि, उद्योग जगत के नेता और खरीदार मौजूद थे।

# भारत को एआई के लिए बुनियादी मॉडल बनाना चाहिए, लेकिन निवेश असली बाधा: नडेला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने कहा कि भारत को कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में अग्रणी कार्य करना चाहिए और आधारभूत मॉडल तैयार करना चाहिए। हालांकि, नडेला ने कहा कि निवेश एक वास्तविक बाधा है, केवल एक गणितीय सफलता इसे पूरी तरह बदल सकती है।

नई दिल्ली में माइक्रोसॉफ्ट इंडिया एआई टूर के दूसरे दिन नडेला ने कहा कि भारत भारतीय भाषाओं के क्षेत्र में और एआई का उपयोग करके अपने उद्योगों में बदलाव लाने में बड़ा काम कर सकता है। सीईओ नडेला ने आज भारत सरकार और भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख सेक्टर्स की अग्रणी कंपनियों के साथ क्लाउड और एआई आधारित रणनीतिक साझेदारियों की घोषणा की। इस कार्यक्रम में माइक्रोसॉफ्ट ने रेलटेल, अपोलो हॉस्पिटल्स, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा ग्रुप और अपग्रेड के साथ रणनीतिक साझेदारी करने की घोषणा की, ताकि उनकी टीमों और ग्राहकों को क्लाउड और एआई इनोवेशन का लाभ मिल सके। माइक्रोसॉफ्ट डिजिटल इंडिया




कॉरपोरेशन की इकाई इंडिया एआई के साथ अपने समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत साल 2026 तक 5,00,000 लोगों को कौशल प्रशिक्षण देगा। इसके साथ ही देशभर में समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और एआई प्रोडक्टिविटी लैब्स की स्थापना करेगा। उल्लेखनीय है कि नडेला ने एक दिन पहले भारत में अगले दो साल में क्लाउड एवं एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर में 3 अरब डॉलर की निवेश करने की घोषणा की थी। इसके तहत नए डाटा सेंटर्स की स्थापना की जानी है। इसके तहत आज घोषित की गई रणनीतिक साझेदारियां इस दिशा में अहम कदम हैं। नडेला ने 6 जनवरी को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान तकनीक, नवाचार और एआई के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई थी।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे,



जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 1.37 प्रतिशत उबलकर 75.27 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड 1.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 77.86 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# केंद्र ने एआई-संचालित 5-जी आरएएन प्लेटफॉर्म विकसित करने के लिए एआई टच के वित्त पोषण को मंजूरी दी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एआई-संचालित 5-जी आरएएन प्लेटफॉर्म को विकसित करने के लिए एआई टच को वित्त पोषण की मंजूरी दे दी है। यह परियोजना 5-जी नेटवर्क में परिचालन दक्षता लाएगी। इसमें आरएएन इंटेलिजेंट कंट्रोलर (आरआईसी), सर्विस मैनेजमेंट एंड ऑर्केस्ट्रेशन (एसएमओ) और नेटवर्क डेटा एनालिटिक्स फंक्शन (एनडब्ल्यूडीएएफ) मॉड्यूल शामिल हैं। इसके कार्यान्वयन की देख-रेख सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) करेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टच एलएलपी को 5-जी आरएएन (रेडियो एक्सेस नेटवर्क) के घटकों को विकसित करने के लिए दूरसंचार विभाग की योजना के तहत वित्त पोषण प्रदान किया गया है।सी-डॉट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डॉ. राजकुमार उपाध्याय ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर के बाद




कहा कि कार्यान्वयन भागीदार के रूप में सी-डॉट यह सुनिश्चित करेगा कि परियोजना तकनीकी विकास के उच्चतम मानकों का पालन करे। वहीं, टीटीडीएफ (दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास निधि) के डीडीजी डॉ. पराग अग्रवाल ने कहा, यह परियोजना न केवल एआई-संचालित प्रगति लाएगी, बल्कि आत्मनिर्भर 5जी पारिस्थितिकी तंत्र की नींव भी रखेगी। मंत्रालय के मुताबिक एआई टच एलएलपी को दूरसंचार विभाग की यूएसओएफ (जिसे अब डिजिटल भारत निधि के नाम से जाना जाता है) की टीटीडीएफ योजना के तहत वित्?तीय अनुदान प्रदान किया गया है। एआई टच 5-जी आरएएन (रेडियो एक्सेस नेटवर्क) के लिए घटकों का विकास करेगा जिसमें आरएएन इंटेलिजेंट कंट्रोलर (आरआईसी), सर्विस मैनेजमेंट एंड ऑर्केस्ट्रेशन (एसएमओ) और नेटवर्क डेटा एनालिटिक्स फंक्शन (एनडब्ल्यूडीएएफ) मॉड्यूल शामिल हैं। इस परियोजना से ऐसे समाधान मिलने की उम्मीद है, जो परिचालन जटिलताओं को कम करेंगे। मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटरों (एमएनओ) के लिए लागत दक्षता में सुधार करेंगे और दूरसंचार क्षेत्र में नए प्रयोगों का समर्थन करेंगे। इसका उद्देश्य स्वदेशी 5-जी इकोसिस्टम के विकास में योगदान देना और भविष्य की प्रगति के लिए आधार तैयार करना है।

# इरेडा को लगातार चौथे वर्ष समझौता ज्ञापन निष्पादन के लिए 'उत्कृष्ट' रेटिंग मिली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) निष्पादन में लगातार चौथे वर्ष 'उत्कृष्ट' रेटिंग हासिल की है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि इरेडा ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के साथ अपने प्रदर्शन समझौता ज्ञापन के लिए 98.24 का प्रभावशाली स्कोर हासिल करते हुए 'उत्कृष्ट' रेटिंग प्राप्त की है। ये लगातार चौथा वर्ष है, जब इरेडा को यह शीर्ष रेटिंग मिली है, जो परिचालन उत्कृष्टता और सुदृढ़ कॉर्पोरेट प्रशासन के प्रति इसकी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इरेडा ने विगत तीन वित्?त वर्षों में लगातार असाधारण परिणाम दिए हैं। संस्?था




ने वित्त वर्ष 2022-23 में 93.50, वित्त वर्ष 2021-22 में 96.54 और वित्त वर्ष 2020-21 में 96.93 के स्कोर के साथ 'उत्कृष्ट' रेटिंग हासिल की है। यह लगातार उपलब्धियां भारत के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं।भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रदीप कुमार दास ने इस उपलब्धि पर कहा, लगातार चौथे वर्ष %उत्कृष्ट% रेटिंग हासिल करना इरेडा के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह संगठन के कर्मचारियों के अथक प्रयासों, हितधारकों के अटूट विश्वास और भारत सरकार के मार्गदर्शन को दर्शाता है। उन्?होंने कहा कि मैं इस सफलता में योगदान देने वाले सभी लोगों का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। हम सब मिलकर देश के हरित ऊर्जा परिवर्तन को गति देने और अपने देश के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार दास ने इस उपल्बिध के लिए केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी, विद्युत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद नाइक, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, मंत्रालय के सचिव, प्रशांत कुमार सिंह और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं निदेशक मंडल के प्रति उनके समर्थन और अमूल्य मार्गदर्शन के लिए आभार भी व्यक्त किया।

## लियो ड्राइ फ्रूट्स की स्टॉक मार्केट में शानदार एंट्री, 30 प्रतिशत प्रीमियम के साथ लिस्ट हुए शेयर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ड्राई फ्रूट्स और मसाले बेचने वाली कंपनी लियो ड्राई फ्रूट्स एंड स्पाइसेज ट्रेडिंग लिमिटेड ने अपने शेयरों की जोरदार लिस्टिंग के जरिए घरेलू शेयर बाजार में एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 52 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इनकी लिस्टिंग 30.77 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 68 रुपये के भाव पर हुई। हालांकि लिस्टिंग के तुरंत बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये शेयर टूट कर 64.60 रुपये के स्तर तक गिर गए, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने के कारण इसमें दोबारा तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच सुबह 11ः30 बजे लियो ड्राई फ्रूट्स एंड स्पाइसेज ट्रेडिंग लिमिटेड के शेयर 66.90 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को अभी तक 28.65 प्रतिशत का मुनाफा हो चुका है। लियो ड्राई फ्रूट्स एंड स्पाइसेज ट्रेडिंग लिमिटेड का 25.12 करोड़ रुपये का आईपीओ 1 से 3 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 181.77 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन में 68.06 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन 394.59 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन में 154.50 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। आईपीओ के तहत कंपनी ने 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 48.30 लाख नए शेयर जारी किए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरत को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी।

नवंबर 2019 से ड्राई फ्रूट्स और मसाले की ट्रेडिंग का काम कर रही इस कंपनी की वित्तीय स्थिति लगातार मजबूत हुई है। कंपनी के दावे के मुताबिक 2021-22 में इसका शुद्ध मुनाफा 7.90 लाख रुपये था, जो 2022-23 में बढ़ कर 3.63 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह 2023-24 में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 6.64 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से सितंबर की अवधि में कंपनी को 1.87 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हो चुका है।

## मेकमाईट्रिप ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए शुरू की आंशिक भुगतान सुविधा

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन यात्रा सेवा देने वाली कंपनी मेकमाईट्रिप ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की बुकिंग को आसान बनाने के लिए पहली बार 'आंशिक भुगतान सुविधा की शुरूआत की है। कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि इस नई सुविधा के तहत यात्री कुल किराए का केवल 10-40 प्रतिशत अग्रिम भुगतान करके अपनी टिकट की बुकिंग करा सकते हैं। यह राशि एयरलाइन, यात्रा क्षेत्र और बुकिंग विंडो जैसे कारकों पर निर्भर करती है। यात्रियों को बाकी राशि का भुगतान यात्रा की तारीख से पहले या बुकिंग के 45 दिनों के भीतर करना होगा और यह सुविधा बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध होगी। यह सुविधा खासकर उन यात्रियों के लिए मददगार होगी, जो बड़े परिवारों या समूहों के साथ यात्रा करते हैं और जिन्हें अंतरराष्ट्रीय टिकट की पूरी राशि का अग्रिम भुगतान करना कठिन लगता है। आंशिक भुगतान विकल्प के तहत उपयोगकर्ता अपनी बुकिंग में किराया नियमों के अनुसार संशोधन भी कर सकते हैं बशर्ते उन्होंने पूरा भुगतान कर दिया हो। मेकमाईट्रिप की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (फ्लाइट्स, हॉलिडेज और गल्फ), सौजन्य श्रीवास्तव ने कहा, हमारा मिशन यात्रा को सरल और सुलभ बनाना है।

# जोरदार उठापटक के बाद मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी ने निचले स्तर से की शानदार रिकवरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज के कारोबार के दौरान जोरदार उठा पटक होती रही। बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार आज लगभग एक प्रतिशत तक टूट गया, लेकिन बाद में खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने निचले स्तर से शानदार रिकवरी की। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.06 प्रतिशत और निफ्टी 0.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान मेटल, फार्मास्यूटिकल और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली होती रही। इसी तरह पीएसई, रियल्टी, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स और कंज्यूमर ड्यूरेबल इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर ऑयल एंड गैस, आईटी, टेक और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 439.41 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 441.75 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.34 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,066 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,395 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,575 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 96 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,511 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 792 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,719 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर बढ़त के साथ और 16 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 23 शेयर हरे निशान में और 27 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 120.34 अंक की मजबूती के साथ 78,319.45 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने लाल निशान में गोता लगा दिया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण दोपहर 1 बजे के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 712.32 अंक टूट कर 77,486.79 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद खरीदारों ने एक्टिव होकर लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आने लगी। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक निचले स्तर से 650 अंक से अधिक की रिकवरी करके 50.62 अंक की मामूली कमजोरी के साथ 78,148.49 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# शीश महल बनाम स्वर्ण महल



केजरीवाल के खिलाफ इस हथियार की मारकता, सामान्य से कुछ ज्यादा ही होगी, कम नहीं। इसकी सीधी सी वजह यह है कि केजरीवाल जिस तरह की भ्रष्टाचार विरोधीी जन-भावना की लहर उठाकर और उस पर सवार होकर राजनीति में आए थे, उसे देखते हुए उनकी कथित रूप से झक् सफेद कमीज पर, किसी भी दाग का सामान्य से ज्यादा चमकना स्वाभाविक है।जिनके घर खुद शीशे के हों, उन्हें दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं फेंकने चाहिए। यह पुरानी कहावत भी, ऐसा लगता है कि नरेंद्र मोदी के हिसाब से बाकी तमाम चीजों की तरह, उन पर लागू नहीं होती है। वर्ना क्या यह संभव था कि प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली में अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत, केजरीवाल के अपने लिए कथित रूप से शीश महल बनाने पर हमले से करते? बेशक, नरेंद्र मोदी को बखूबी इसका पता है कि हमारे जैसे समाज में, जहां जनता का प्रचंड बहुमत न्यूनतम जीवन सुविधाओं से वंचित जीवन जीने पर मजबूर है, सत्ता में बैठे किसी भी शख्स की लोक छवि इसकी धारणा बनाकर आसानी से बिगाड़ी जा सकती है कि वह अपने ऊपर, अंधाधुंध सार्वजनिक धन उड़ा रहा है। इसे देखते हुए अगर प्रधानमंत्री मोदी, जो हरेक चुनाव को युद्घ की तरह लड़ने में और युद्ध में सब कुछ जायज मानने में विश्वास करते हैं, दिल्ली में सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के सर्वोच्च नेता, अरविंद केजरीवाल की छवि इसी पहलू से बिगाड़ने के लिए, उनके अपने लिए शीश महल बनवाने के मिथक का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे थे, तो इसमें हैरानी की बात नहीं है।

ास्तव में केजरीवाल के खिलाफ इस हथियार की मारकता, सामान्य से कुछ ज्यादा ही होगी, कम नहीं। इसकी सीधी सी वजह यह है कि केजरीवाल जिस तरह की भ्रष्टाचार विरोधीी जन-भावना की लहर उठाकर और उस पर सवार होकर राजनीति में आए थे, उसे देखते हुए उनकी कथित रूप से झक् सफेद कमीज पर, किसी भी दाग का सामान्य से ज्यादा चमकना स्वाभाविक है। इस सिलसिले में यह याद दिलाना भी अप्रासंगिक नहीं होगा कि भ्रष्टाचार विरोधी तथा ईमानदारी के धर्मयोद्घा की अपनी भूमिका के दौर के बाद, अपनी राजनीतिक पारी की शुरूआत में भी केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी ने, जन-भावनाओं को अपने पक्ष में मोड़ने के लिए, निजी ईमानदारी की बहुत बढ़ी-चढ़ी अपेक्षाएं जगाने वाले वादे किए थे। यहां तक कि उसने सरकार में रहते हुए, सरकारी बंगला, गाड़ी आदि की सुविधाएं नहीं लेने तक के वादे किए थे, जिनसे जाहिर है कि बाद में सत्ता में आने के बाद उसे पीछे हटना पड़ा है। अरविंद केजरीवाल का कथित शीश महल, सबसे बढ़कर अतिरिक्त ईमानदारी की उक्त मुद्राओं से, इस तरह पीछे हटे जाने का ही प्रतीक है।इसमें शक नहीं कि केजरीवाल का कथित शीश महल, अतिरिक्त ईमानदारी की मुद्राओं से पीछे खिसकने के क्रम में, लोकलाज की अनेक मर्यादाओं को उल्टी दिशा में तोड़े जाने का भी उदाहरण है। पर्दों से लेकर तरणताल तथा छत से लटकते झूमरों तक पर दसियों लाख रुपए खर्च किए जाने के जैसे विवरण सामने आए हैं और सामान्य रूप से लोगों से छुपे रहने के बावजूद, दिल्ली सरकार और लेफ्टीनेंट गवर्नर तथा उसकी आका केंद्र सरकार की खींच-तान के बीच से, संदर्भ से कटकर चौंकाने वाली जानकारियों के रूप में सामने आते रहे हैं, उनकी ओर से आसानी से कोई स्वतंत्र प्रेक्षक भी आंखें नहीं मूंद सकता है। मुख्यमंत्री आवास के रिनोवेशन पर पचास करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च का जो आंकड़ा अब तक सामने आया है, चौंकाता जरूर है।इसके बावजूद, इस तथ्य की ओर से आंखें मूंदने के लिए भी प्रधानमंत्री की तरह घोर पक्षपाती होना जरूरी है कि यह सब, मुख्यमंत्री के सरकारी आवास के, सरकारी संसाधनों से ही नहीं, सरकारी एजेंसियों के जरिए भी, रिनोवेशन या पुनर्नवीकरण का मामला है। इस तरह के मामले में कुछ भी ज्यादा छुपा नहीं रह सकता है और इसलिए सार्वजनिक जांच-परख से परे नहीं बना रह सकता है। फिर जो भी, जैसा भी शीश महल बना था, मुख्यमंत्री पद पर रहने तक ही केजरीवाल के लिए था और उसके बाद अगले मुख्यमंत्री के लिए हो जाने वाला था, जैसा कि आगे चलकर मुख्यमंत्री पद से केजरीवाल के इस्तीफा देने और आतिशी सिंह के मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद हुआ भी।कथित शीश महल के दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास की संस्थागत व्यवस्था होने की इस सच्चाई की याद दिलाना इसलिए जरूरी है कि उच्चपदस्थ अधिकारियों के लिए सरकारी आवास की इस तरह की व्यवस्था, हमारे देश की व्यवस्था में एक नियम है, अपवाद नहीं। अपवाद वह है, जिसका केजरीवाल की पार्टी ने वादा किया था, लेकिन पालन नहीं कर पाए– सरकारी आवास नहीं लेना। लेकिन, केजरीवाल के शीश महल का ताना देने का कम से कम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोई हक नहीं बनता है, जो खुद सरकारी आवास की ऐसी ही सुविधा का उपयोग कर रहे हैं और किसी भी तरह से, उक्त शीश महल से कमतर दर्जे की सुविधा का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं।

चूंकि दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास के रिनोवेशन के मामले को इतना उछाला जा रहा है, इसका पता लगाना भी दिलचस्प होगा कि क्या पिछले दस साल से ज्यादा में, नरेंद्र मोदी के सरकारी प्रधानमंत्री आवास पर भी कोई रिनोवेशन के काम हुए हैं? और अगर हुए हैं तो उन पर कितना खर्च हुआ था? बेशक, मोदी से संबंधित दूसरी तमाम जानकारियों की तरह, यह जानकारी भी सात पर्दों के पीछे छुपा कर रखी जा रही होगी और उसका बाहर निकलना आसान नहीं होगा। लेकिन, आवास आदि की सरकारी व्यवस्थाओं की थोड़ी भी जानकारी रखने वाले सभी लोग जानते हैं कि दस साल के इस अर्से में प्रधानमंत्री आवास में भी रिनोवेशन का काफी कुछ काम हुआ होगा, जिस पर लाखों में नहीं, करोड़ों रुपए में ही खर्चा हुआ होगा।

इसे देखते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह एक ओर अपने चार करोड़ गरीबों के पक्के घर बनवाने, किंतु अपने लिए एक घर नहीं बनाने और दूसरी ओर केजरीवाल के अपने लिए शीश महल बना लेने को आमने-सामने खड़ा करने की कोशिश की है, वह और भी कपटपूर्ण हो जाता है। जैसा कि हमने पीछे कहा, केजरीवाल के सरकारी आवास की तरह, नरेंद्र मोदी को भी सारी सुख-सुविधाओं से लैस सरकारी आवास मिला हुआ है और इस संदर्भ में अपने लिए एक घर नहीं बनवा पाने के मोदी के कथित त्याग की कोई प्रासंगिकता नहीं है। यही नहीं, जहां तक जनता के पैसे की अपने आवास पर फिजूलखर्ची का सवाल है, जो पहली नजर में दिल्ली के मुख्यमंत्री के आवास के रिनोवेशन में हुई लगती है, इससे कम से कम दस गुना ज्यादा खर्चा प्रधानमंत्री के उस प्रस्तावित आवास पर होने जा रहा है, जो नये सेंट्रल विस्टा के हिस्से के तौर पर बनने जा रहा है। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जो प्रधानमंत्री मोदी, गरीबों के आवास बनाने की अपनी उपलब्धि का ढोल पीटते हुए, अपना एक घर नहीं बनाने के अपने त्याग की बार-बार याद दिलाते हैं, स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार एक अलग प्रधानमंत्री आवास बनवा रहे हैं और तमाम राजनीतिक विरोध को अनदेखा कर के, बनवा रहे हैं।

याद रहे कि अब तक के सारे प्रधानमंत्री, अस्थायी आवास व्यवस्थाओं में ही काम चलाते आए थे। जाहिर है कि ये आवास व्यवस्थाएं भी पूरी तरह से उपयुक्त और सारी सुविधाओं से संपन्न रहीं होंगी, फिर भी एक अलग प्रधानमंत्री आवास नहीं थीं। इस माने में नरेंद्र मोदी ही हैं जो प्रधानमंत्री के नाते अपना अलग घर बनवा रहे हैं और 460 करोड़ में बनवा रहे हैं, जिसे सोने का महल भी कहा जा सकता है। पुन- इस संबंध में बहुत कम जानकारियां ही सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं, जिनमें एक जानकारी यह भी है कि यह प्रधानमंत्री महल, विशेष सुरंगों के जरिए प्रधानमंत्री कार्यालय से जुड़ा होगा। ऐसा भी अनुमान है कि इस महल में एटम बम के प्रहार से बचाव मुहैया कराने वाले बंकर भी होंगे, आदि आदि।अपने लिए ऐसा सोने का महल बनाते हुए भी, अगर नरेंद्र मोदी कथित शीश महल का मुद्दा उछाल कर केजरीवाल को जनता की नजरों में बेईमान, लालची आदि साबित करने की कोशिश कर रहे हैं, तो यही माना जाएगा कि मोदी को विश्वास है कि शीशे के घर में बैठकर दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं फेंकने की पुरानी सीख, उनके लिए है ही नहीं। कहने की जरूरत नहीं है कि मोदी का यह विश्वास, उनकी इस धारणा पर आधारित है कि कारपोरेटों के धनबल और मीडिया बल के कमोबेश पूर्ण समर्थन के सहारे, वह यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जनता सिर्फ वही देखे जो वह तथा उनके साथी दिखाना चाहते हैं। जनता सिर्फ केजरीवाल का शीश महल देखे, पर मोदी का बनता हुआ स्वर्ण महल नहीं देखे और यह भी नहीं देखे कि नरेंद्र मोदी तो पहले ही शीश महल से महंगे, चांदी के महल में तो रहते ही आए हैं।मोदी राज के रहते हुए भी दिल्ली में दो-दो करारी हारों के बाद, मोदीशाही इस चुनाव में कोई भी दांव उठाकर नहीं रखना चाहती है। चूंकि मोदीशाही के पास उपलब्धियों के रूप में जनता को दिखाने और अपने पक्ष में करने के लिए कुछ है ही नहीं, आम आदमी पार्टी के शासन को भ्रष्ट शासन के रूप में बदनाम करने का दांव, उसकी चुनावी रणनीति का केंद्रीय हिस्सा है। यह खेल सिर्फ प्रधानमंत्री के शीश महल का शोर मचाने तक सीमित नहीं है। वास्तव में इसे एक लंबी योजना के हिस्से के तौर पर अमल में लाया गया है, जिसके महत्वपूर्ण हिस्से के तौर पर कथित शराब घोटाले समेत, भांति-भांति के घोटालों के आरोपों में लपेट कर, आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को पिछले कुछ वर्षों में जेल के काफी चक्कर कटवाए गए हैं।

## सर्दियों में डाइट में शामिल करें 6 चटनियां; खाने का मजा हो जाएगा दोगुना, सेहत को भी मिलेगा फायदा



**सर्दी के मौसम में बीमारियों से बचाव और खुद को गर्म रखने के लिए खान-पान (Winter Diet) में बदलाव करना जरूरी है। इस मौसम में बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। इसलिए खाने में हेल्दी चीजों को शामिल करना जरूरी है। ऐसे में कुछ खास चटनियों ( Healthy Chutneys for Winter) को अपनी डाइट में शामिल करना बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। आइए जानें इनके बारे में।**

सर्दियों में स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाते हुए अपनी सेहत का भी ख्याल रखना बेहद जरूरी है। चटनी न सिर्फ आपके खाने का स्वाद बढ़ाती हैं, बल्कि इनमें मौजूद पोषक तत्व आपकी बीमारियों से लड़ने की क्षमता को भी मजबूत बनाते हैं।

इसलिए सर्दी के मौसम में खाने से साथ कुछ प्रकार की चटनियों को शामिल करने से न सिर्फ आपके खाने के स्वाद में इजाफा होगा, बल्कि आपकी सेहत भी दुरुस्त रहेगी। आइए जानते हैं सर्दियों में किन 6 तरह की चटनी को आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

आंवले की चटनी

आंवला विटामिन-सी का खजाना होता है, जो सर्दी-खांसी से बचाने में अहम भूमिका निभा सकता है। साथ ही, इससे बालों, स्किन और आंखों को भी काफी फायदा मिलता है। आंवले की चटनी बनाने के लिए आप आंवले को धोकर, काटकर और मसालों के साथ पका सकते हैं। इस चटनी को दही या पराठे के साथ खा सकते हैं।

गाजर की चटनी

गाजर में बीटा-कैरोटीन भरपूर मात्रा में होता है, जो आंखों की रोशनी के लिए बहुत फायदेमंद है। यह पाचन के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। गाजर की चटनी बनाने के लिए आप गाजर को उबालकर, पीसकर और उसमें मसाले डालकर स्वादिष्ट चटनी बना सकते हैं।

मूली की चटनी

लहसुन की चटनी

लहसुन में एंटीऑक्सीडेंट और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो शरीर को कई बीमारियों से बचाते हैं। लहसुन की चटनी बनाने के लिए आप लहसुन को पीसकर, उसमें थोड़ा-सा तेल, नमक और हरी मिर्च डालकर स्वादिष्ट चटनी बना सकते हैं।

पुदीने की चटनी

पुदीना पाचन को बेहतर बनाने और पेट की गैस को कम करने में मदद करता है। पुदीने की चटनी बनाने के लिए आप पुदीने के पत्तों को धोकर, पीसकर, नमक और जीरा डालकर स्वादिष्ट चटनी बना सकते हैं।

इमली की चटनी

इमली में विटामिन-सी और आयरन भरपूर मात्रा में होता है। इमली की चटनी बनाने के लिए आप इमली को पानी में भिगोकर, उसका गूदा निकालकर, उसमें गुड़, नमक और हरी मिर्च डालकर स्वादिष्ट चटनी बना सकते हैं।

चटनी बनाने के कुछ टिप्स

चटनी बनाने के लिए ताजी सब्जियों का इस्तेमाल करें।

चटनी को ज्यादा समय तक ताजा रखने के लिए आप उसमें थोड़ा-सा तेल डाल सकते हैं।

आप अपनी पसंद के अनुसार चटनी में अलग-अलग मसाले डाल सकते हैं।चटनी को दही, पराठे, पकौड़े या सब्जियों के साथ खा सकते हैं।

संपादकीय

## प्रियंका पर बिधूड़ी की टिप्पणी

कभी भरी संसद में अल्पसंख्यक समुदाय के एक सांसद दानिश अली (तब बहुजन समाज पार्टी) का अपमान करने वाले भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी ने यह कहकर अपने ओछेपन का परिचय दिया है कि %उनकी पार्टी की दिल्ली में सरकार बनती है तो वे उनके क्षेत्र में प्रियंका गांधी के गालों जैसी सड़कें बनवा देंगे।% हालांकि इसके लिये उन्होंने खेद जताने की मुद्रा में अपने शब्द वापस ले लिये। वैसे उन्होंने यह भी जोड़ा कि बरसों पहले लालू प्रसाद यादव ने कहा था कि वे %बिहार की सड़कें हेमा मालिनी के गालों जैसी चिकनी बनाएंगे।% ऐसा करने के बावजूद बिधूड़ी का बयान उतनी ही सख्त निंदा के योग्य है जितना कि लालू का। बिधूड़ी को इस आधार पर ऐसी टिप्पणी करने का हक नहीं मिल जाता क्योंकि तब भी संजीदा लोगों ने लालू का भी विरोध किया था। बिधूड़ी को उनकी पार्टी ने कालकाजी से आम आदमी पार्टी की मुख्यमंत्री आतिशी एवं कांग्रेस प्रत्याशी अल्का लांबा के खिलाफ मैदान में उतारा है। वैसे बिधूड़ी के बयान की कांग्रेस ने आलोचना की है।बिधूड़ी के दानिश अली वाले बयान पर भाजपा ने कारण बताओ नोटिस तो जारी किया था लेकिन उन्हें आप की सबसे प्रमुख नेताओं में से एक के खिलाफ चुनावी टिकट देकर साबित कर दिया है कि ऐसे लोग उनके विश्वासपात्र हैं तथा वे पार्टी को जीत दिलाने में सक्षम भी माने जाते हैं। अब सक्षम हैं या नहीं, यह तो बाद में ही पता चलेगा। भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा में ढले ऐसे कई लोग हाल के वर्षों में सामने आये हैं; और वे कोई सामान्य कार्यकर्ता नहीं हैं वरन ऊंचे पदों पर काबिज हैं। फिर वे चाहें पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर हों या प्रवेश वर्मा अथवा प्रज्ञा सिंह ठाकुर। ऐसे लोगों को भाजपा का शीर्ष नेतृत्व न सिर्फ प्रश्रय देता आया है बल्कि उन्हें ऊंचे ओहदे भी सौंपता है। कभी किसी कारण से मामला बिगड़ जाये तो अधिक से अधिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह कह देंगे कि %मैं उन्हें दिल से माफ नहीं कर पाऊंगा% या पार्टी ऐसे तत्वों को %स्प्लिंटर ग्रुप% कहकर पीछा छुड़ा लेगी। लोकसभा में बिधूड़ी द्वारा दानिश अली को अपशब्द कहने के बाद भी उन्हें टिकट देना बतलाता है कि भाजपा ने ऐसे लोगों को अपनी ताकत बना रखा है। हालांकि मोदी से इसलिये उम्मीद नहीं की जा सकती क्योंकि वे खुद भी महिलाओं के सम्मान के खिलाफ बातें कर जाते हैं। फिर चाहे वह पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में अपनी मुख्य प्रतिद्वंद्वी ममता बैनर्जी को %दीदी ओ दीदी% कहकर चिढ़ाना हो या मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए दुष्कर्म पर चुप्पी साधना।वैसे यह केवल एक दल की बात नहीं है। भारत के ये ऐसे कुसंस्कार हैं जिन्होंने समाज को परिष्कृत होने से रोके रखा है। समाज की महिला विरोधी मानसिकता का ही प्रतिनिधित्व बिधूड़ी जैसे लोग करते हैं। उन्हें प्रश्रय देना इसलिये भाजपा द्वारा स्वाभाविक है, क्योंकि भाजपा हो या उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अथवा उनके अन्य सहयोगी संगठन- सभी में मूल समानता यही है कि वे पितृ सत्तात्मक सामाजिक व्यवस्था में भरोसा रखते हैं। एक आधुनिक व प्रगतिशील समाज बनने की प्रक्रिया के रूप में इस बुरी व्यवस्था का जो विरोध होता आया था, उसे भाजपा के शासनकाल में मटियामेट कर दिया गया है। महिलाओं के खिलाफ अपराध सतत बढ़ते जा रहे हैं और मार्के की बात तो यह है कि ऐसा सबसे ज्यादा भाजपा प्रशासित राज्यों में हो रहा है।इसी मानसिकता ने देश भर में एक ऐसा वर्ग खड़ा कर दिया है जो महिलाओं के प्रति असंवेदनशील ही नहीं वरन बेहद क्रूर भी है। सोशल मीडिया पर जायें तो अपनी विरोधी विचारधारा से जुड़ी महिलाओं को लेकर निहायत भद्दी, असभ्य और अश्लील टिप्पणियां पढ़ने-सुनने को मिलेंगी। फिर ये महिलाएं ज़रूरी नहीं कि केवल सियासी दलों से सम्बद्ध हों। वह नारंगी वस्त्रों में नृत्य करती दीपिका पादुकोण हो सकती हैं या लोकतंत्र की पक्षधर सम्मानित लेखिका अरुंधति राय, किसान आंदोलन का साथ देने वाली स्वरा भास्कर हो अथवा अंधविश्वास के विरूद्ध लिखने वाली गौरी लंकेश, टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा या अगर विराट कोहली का बल्ला न चला तो उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा - सभी के साथ यह ट्रोल ब्रिगेड अशिष्ट और बर्बर तरीके से पेश आता है।

## डिजिटल गोपनीयता को सरकार की निगरानी के खतरों से बचाना जरूरी




गोपनीयता केवल एक अमूर्त सिद्धांत नहीं है। यह व्यक्तिगत स्वायत्तता और गरिमा की आधारशिला है। यह सुनिश्चित करता है कि लोग खुद को स्वतंत्र रूप से व्यक्त कर सकें, जिसके साथ वे चाहें उससे जुड़ सकें और बिना किसी अनावश्यक जांच के डर के गतिविधियों में संलग्न हो सकें। गोपनीयता का ह्रास इन स्वतंत्रताओं को कम करता है।भारत सरकार ने डिजिटल गोपनीयता संरक्षण कानून से संबंधित मसौदा नियमों को अधिसूचित किया है। निस्संदेह, यह गोपनीयता कानून सम्बंधी घटनाक्रम में एक महत्वपूर्ण क्षण को रेखांकित करता है। यह कानून, जो नागरिकों, विशेष रूप से बच्चों को डिजिटल क्षेत्र के अंधेरे कोनों से बचाने के लिए बनाया गया है, सरकारी अतिक्रमण की संभावना के बारे में भी गहरी चिंताएं पैदा करता है। बच्चों को अनुचित ऑनलाइन सामग्री के संपर्क में आने से बचाना और तेजी से डिजिटल होती दुनिया में उनकी भलाई सुनिश्चित करना एक सराहनीय लक्ष्य है, लेकिन इन उपायों को सत्ता में बैठे लोगों द्वारा व्यक्तिगत डेटा के दुरुपयोग के जोखिमों के विरुद्ध संतुलित किया जाना चाहिए।पिछले अनुभव इस बात के पर्याप्त सुबूत देते हैं कि अगर इस तरह की शक्ति अनियंत्रित हो जाये तो यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अतिक्रमण कर सकती है और राज्य और उसके नागरिकों के बीच विश्वास को खत्म कर सकती है। दुनिया भर में डिजिटल गोपनीयता कानूनों के सबसे परेशान करने वाले पहलुओं में से एक यह है कि वे अक्सर सरकारों को व्यापक अधिकार देते हैं। ये शक्तियां अक्सर बायोमेट्रिक जानकारी, वित्तीय विवरण और यहां तक कि वास्तविक समय में स्थान ट्रैकिंग सहित संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा के संग्रह और उपयोग तक विस्तारित होती हैं।

इन घुसपैठों के लिए दिया गया तर्क आमतौर पर प्रशासनिक दक्षता में सुधार, सार्वजनिक सेवाओं के वितरण को सुव्यवस्थित करने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के इर्द-गिर्द घूमता है। उदाहरण के लिए, बायोमेट्रिक डेटा तक पहुंच को सब्सिडी वितरित करने के लिए सटीक पहचान सुनिश्चित करने के साधन के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जबकि वित्तीय डेटा को अक्सर सरकारी योजनाओं में धोखाधड़ी को रोकने के लिए आवश्यक बताया जाता है। स्थान डेटा को आपातकालीन प्रतिक्रिया या अपराध की रोकथाम के लिए एक उपकरण के रूप में तैयार किया जाता है।

हालांकि इन तर्कों में कुछ दम हो सकता है, लेकिन कड़े सुरक्षा उपायों की अनुपस्थिति दुरुपयोग के लिए उपजाऊ जमीन भी बनाती है. जहां डेटा उपयोग का दायरा और उद्देश्य नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन करने वाले तरीकों से बढ़ सकता है। पर्याप्त जांच और संतुलन के बिना, डिजिटल गोपनीयता कानून सत्तावाद के औजारों में बदल सकते हैं।गोपनीयता केवल एक अमूर्त सिद्धांत नहीं है। यह व्यक्तिगत स्वायत्तता और गरिमा की आधारशिला है। यह सुनिश्चित करता है कि लोग खुद को स्वतंत्र रूप से व्यक्त कर सकें, जिसके साथ वे चाहें उससे जुड़ सकें और बिना किसी अनावश्यक जांच के डर के गतिविधियों में संलग्न हो सकें। गोपनीयता का ह्रास इन स्वतंत्रताओं को कम करता है, जिससे रचनात्मकता, असहमति और विचारों के खुले आदान-प्रदान पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

एक अन्य महत्वपूर्ण विचार आनुपातिकता का सिद्धांत है। व्यक्तिगत डेटा का संग्रह और उपयोग वांछित उद्देश्य के समानुपातिक होना चाहिए। पूरी निगरानी या अंधाधुंध डेटा संग्रह इस सिद्धांत को कमजोर करता है, नागरिकों को बिना किसी स्पष्ट लाभ के अनावश्यक जोखिमों के सामने खड़ा कर देता है। सरकारों को एकत्र किये गये प्रत्येक डेटा बिंदु की आवश्यकता को तभी उचित ठहराना चाहिए, जब यह सुनिश्चित हो कि यह एक विशिष्ट, स्पष्ट रूप से परिभाषित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपरिहार्य है। आनुपातिकता सिद्धांत यह भी मांग करता है कि कम दखल देने वाले विकल्पों पर विचार किया जाये और जहां भी संभव हो उन्हें प्राथमिकता दी जाये।

जबकि मसौदा नियम बच्चों की सुरक्षा पर जोर देते हैं, एक जनसांख्यिकीय जो ऑनलाइन शोषण के लिए विशिष्ट रूप से असुरक्षित है,

गोपनीयता के व्यापक निहितार्थों को अस्पष्ट नहीं रखना चाहिए। बच्चों का डेटा, एक बार एकत्र होने के बाद, उनकी सुरक्षा या भविष्य के अवसरों से समझौता करने वाले तरीकों से दुरुपयोग या गलत कार्यों के लिए संभाला जा सकता है। इसके अलावा, एक समूह को प्राथमिकता देने से सभी नागरिकों की गोपनीयता की रक्षा करने की प्रतिबद्धता कम नहीं होनी चाहिए। एक मजबूत गोपनीयता ढांचा समावेशी होना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि सुरक्षा उपाय समान रूप से और बिना किसी अपवाद के लागू हों।

कमजोर गोपनीयता कानूनों से उत्पन्न जोखिम व्यक्ति से आगे बढ़कर व्यापक समाज तक फैल जाते हैं। गोपनीयता के क्षरण से असमानता बढ़ सकती है, क्योंकि हाशिए पर रहने वाले समुदाय अक्सर निगरानी और डेटा के दुरुपयोग का खामियाजा भुगतते हैं। यह संस्थानों में जनता के भरोसे को भी कम कर सकता है, क्योंकि नागरिक इस बात से सावधान हो जाते हैं कि उनकी जानकारी को कैसे संभाला जाता है। लंबे समय में, ऐसा अविश्वास सामाजिक सामंजस्य को नष्ट कर सकता है, साझा चुनौतियों का समाधान करने के सामूहिक प्रयासों में बाधा डाल सकता है।



# बेहद अलग है जूलॉजी में कॅरियर

**जूलॉजी में कॅरियर बनाने के लिए आपको सबसे पहले जीव विज्ञान, गणित और रसायन विज्ञान में ज्ञान प्राप्त करना होगा। 12वीं के बाद बैचलर की डिग्री हासिल करने के बाद आप इस क्षेत्र में कदम बढ़ा सकते हैं। ऐसे बहुत से लोग है, जो प्रकृति में मौजूद विभिन्न तरह के प्राणियों के बारे में गहराई से जानने की इच्छा रखते हैं। ऐसे लोग जूलॉजी में अपना करियर देख सकते हैं। जूलॉजी, जीव विज्ञान की एक शाखा है, जो मछली, सरीसृप, पक्षियों और स्तनधारियों सहित जानवरों का वैज्ञानिक अध्ययन है। यह संरचना, शरीर रचना, विशेषताओं, व्यवहार, वितरण, पोषण की विधि, शरीर विज्ञान, आनुवंशिकी और पशु प्रजातियों के विकास को शामिल करता है। जूलॉजी का अध्ययन करते समय आप समुद्री जीवों, चिड़ियाघर के जानवरों और जंगली और यहां तक कि घरेलू पालतू जानवरों सहित जानवरों के जीव विज्ञान और आनुवंशिकी का अध्ययन करते हैं। ऐसे में अगर आप भी इनके बारे में विस्तार से जानना चाहते हैं तो बतौर जूलॉजिस्ट बनकर ऐसा कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में**

## क्या होता है काम

एक जूलॉजिस्ट का मुख्य काम जानवरों के व्यवहार, विशिष्ट विशेषताओं और उनमें विकासवादी प्रवृत्तियों का अध्ययन करते हैं। जूलॉजिस्ट को पशु जीवविज्ञानी या वैज्ञानिक भी कहा जाता है। यह एक बेहद विस्तृत क्षेत्र है और विभिन्न क्षेत्रों से संबंध रखने वाले जूलॉजिस्ट को अलग-अलग नामों से जाना जाता है। मसलन, पक्षियों के अध्ययन में विशेषज्ञता वाले जूलॉजिस्ट्स को ऑर्निथोलॉजिस्ट कहा जाता है, वहीं मछली का अध्ययन करने वाले को आइकथोलॉजिस्ट के रूप में जाना जाता है। ठीक इसी तरह, जो जूलॉजिस्ट्स जो उभयचरों और सरीसृपों का अध्ययन करते हैं उन्हें हेरपेटोलॉजिस्ट नाम से जाना जाता है और स्तनधारियों से जुड़े लोगों को मैमलॉजिस्ट कहा जाता है। उनके कार्यक्षेत्र में जानवरों, पक्षियों, स्तनधारियों, कीड़े, मछलियों और कीड़े के पहलुओं पर रिपोर्ट तैयार करना और उन्हें विभिन्न स्थानों पर प्रबंधित करना है। जूलॉजिस्ट डीएनए पहचान सहित उच्च तकनीक के सभी प्रकार के क्षेत्र में और प्रयोगशाला में काम करते हैं, और वे जानकारी के डेटाबैंक विकसित करते हैं।

## योग्यता

कॅरियर एक्सपर्ट की मानें तो जूलॉजी में कॅरियर बनाने के लिए आपको सबसे पहले जीव विज्ञान, गणित और रसायन विज्ञान में ज्ञान प्राप्त करना होगा। 12वीं के बाद बैचलर की डिग्री हासिल करने के बाद आप इस क्षेत्र में कदम बढ़ा सकते हैं। हालांकि आप इस क्षेत्र में बैचलर की डिग्री के बाद मास्टर डिग्री या डॉक्टरेट की डिग्री भी हासिल कर सकते हैं।

## व्यक्तिगत कौशल

एजुकेशन एक्सपर्ट कहते हैं कि जूलॉजी के क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों का बेहद साहसी होना जरूरी है और उनके जीवन में डर के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्हें समर्पित, स्वतंत्र और मेहनती भी होना चाहिए। उन्हें विभिन्न लोगों के साथ काम करना आना चाहिए। चूंकि वैज्ञानिक अक्सर शोध प्रस्ताव प्रस्तुत करते हैं, इसलिए उनके पास प्रभावी लिखित और मौखिक संचार क्षमताएं होनी चाहिए। वह अपना अधिकांश समय जानवरों के साथ बिताते हैं, इसलिए उन्हें जोखिम भरी परिस्थितियों में काम करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्हें काटने, खरोंचने आदि जैसे हमलों के लिए हरदम मानसिक रूप से तैयार रहना चाहिए और चोटों को सहने की क्षमता होनी चाहिए। जूलॉजी के क्षेत्र में आपको कई घंटों तक काम करना पड़ सकता है, जो वास्तव में आपके लिए थकाऊ हो सकता है।

## संभावनाएं

बतौर जूलॉजिस्ट आप चिड़ियाघर, वाइल्डलाइफ सर्विस, बोटेनिकल गार्डन, कंसर्वेशन आर्गेनाइजेशन, नेशनल पार्क, यूनिवर्सिटी व लेबोरेटरीज आदि में काम कर सकते हैं। जहां चिड़ियाघर व म्यूजियम में वे बतौर एजुकेटर या क्यूरेटर अपना कॅरियर आगे बढ़ा सकते हैं। वहीं आप स्कूल या कॉलेज में टीचर्स या रिचर्सर के तौर पर भी काम कर सकते हैं। वहीं अपना शोध पूरा कर लेने के बाद आप एक स्वतंत्र शोधकर्ता के रूप में भी आगे कार्य कर सकते हैं। इसी तरह एनिमल रिहैबिलिटेटर्स या बतौर कंसर्वेशनिस्ट भी आप अपना उज्जवल भविष्य देख सकते हैं।

## आमदनी

इस क्षेत्र में आपका वेतन शिक्षा, अनुभव, कार्य की प्रकृति व स्पेशलाइजेशन के आधार पर निर्भर करता है। रिसर्च एंड डेवलपमेंट के क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छी आमदनी हो सकती है। शुरूआती दौर में आप 10000 से 15000 रूपए महीना आसानी से कमा सकते हैं। वहीं कुछ समय के पश्चात आपकी आमदनी 25000 रूपए प्रतिमाह या इससे अधिक भी हो सकती है। अगर कुछ वर्षों के अनुभव के पश्चात आप विदेश में काम करते हैं तो आप यकीनन लाखों में कमा सकते हैं।





# लेखन के क्षेत्र में बनाएं कॅरियर

**रचनात्मक लेखन के क्षेत्र में किसी औपचारिक शिक्षा की विशेष आवश्यकता नहीं है। आपकी कल्पना, अवलोकन और रचनात्मकता के साथ लिखने की क्षमता ही आपके भविष्य के मार्ग प्रशस्त करती है। हालांकि अंग्रेजी साहित्य या पत्रकारिता और संचार में एक शैक्षिक पृष्ठभूमि आपके कॅरियर की राह को आसान बनाती है।**

ऐसे बहुत से लोग होते हैं, जिन्हें लिखना बहुत पसंद होता है। लेखन की कई विधाएं हैं, इन्हीं में से एक है क्रिएटिव राइटिंग। लेखन के क्षेत्र की यह विधा बेहद कलात्मक है। इस क्षेत्र से जुड़े लोग वास्तव में रचनात्मक लेखक हैं, जिन्हें लोग उपन्यासकार, कवि, गीतकार आदि विभिन्न नामों से जानते हैं। क्रिएटिव राइटर्स के पास लेखन में जादुई शक्ति होती है और अपने काम के माध्यम से, वे पाठकों को प्रभावित कर सकते हैं और उन्हें परेशान, घृणित, मंत्रमुग्ध या खुश कर सकते हैं। आमतौर पर लोग इस काम को आसान मानते हैं, जबकि लेखन बनाना एक लंबी प्रक्रिया है जिसमें बहुत अधिक शोध और कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। अगर आप भी लेखन में अपनी रूचि रखते हैं तो इस क्षेत्र में अपने कदम बढ़ा सकते हैं

## क्या है क्रिएटिव राइटिंग

रचनात्मक लेखन वह लेखन है जिसमें एक लेखक का उद्देश्य गद्य और काव्य छंदों के माध्यम से अपनी भावनाओं, भावनाओं, कल्पनाशील विचारों और विचारों को व्यक्त करना है। विभिन्न तरह के लेखन जैसे उपन्यास, कविता, कहानी, नाटक, आत्मकथा, पटकथा लेखन, कॉपी लेखन आदि को रचनात्मक लेखन कहा जाता है। रचनात्मक लेखन एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें प्राकृतिक दुनिया के चित्र बनाने के लिए बहुत अधिक कल्पना, अवलोकन और एक जन्मजात क्षमता की आवश्यकता होती है। विभिन्न विषयों और शैलियों पर लेख पढ़कर एक अच्छा लेखक बन सकता हैय हर तरह से जीवन का अनुभव करना और बहुत सारे मुहावरों, लहजों और स्थानीय भावों को सीखना और सुनना। वैसे तो क्रिएटिव राइटिंग कुछ लोगों को जन्मजात उपहार में मिलती हैं, लेकिन रचनात्मक लेखन में कोर्स करके कोई भी अपने लेखन कौशल में सुधार कर सकता है।

## योग्यता

कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि रचनात्मक लेखन के क्षेत्र में किसी औपचारिक शिक्षा की विशेष आवश्यकता नहीं है। आपकी कल्पना, अवलोकन और रचनात्मकता के साथ लिखने की क्षमता ही आपके भविष्य के मार्ग प्रशस्त करती है। हालांकि अंग्रेजी साहित्य या पत्रकारिता और संचार में एक शैक्षिक पृष्ठभूमि आपके कॅरियर की राह को आसान बनाती है। वैसे भारत में कुछ संस्थान रचनात्मक लेखन में शार्ट टर्म कोर्स कराते हैं और इन पाठ्यक्रम में आवेदन करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हायर सेकंडरी या 10+2 होनी चाहिए। इन पाठ्यक्रमों की न्यूनतम अवधि एक वर्ष है।

## व्यक्तिगत गुण

कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि एक क्रिएटिव राइटर को कल्पनाओं के आकाश में विचरने के साथ-साथ उसे कागज पर भी बेहतरीन तरीके से उतारने की कला आनी चाहिए। इसके अलावा उसके भीतर पढ़ने व नई चीजों को जानने की जिज्ञासा होनी चाहिए, ताकि वह अपने शब्दकोश को अधिक मजबूत बना सके। चूंकि इन दिनों लेखन के लिए कंप्यूटर का इस्तेमाल किया जाने लगता है। इसलिए उसे कंप्यूटर का ज्ञान होना व इंटरनेट में आवश्यक सामग्री खोजने की कला आनी चाहिए। इसके अलावा उसके भीतर ऑर्ब्जवेशन स्किल्स व कम्युनिकेशन स्किल्स भी मजबूत होने चाहिए। क्योंकि जब एक लेखक अपने या दूसरों के अनुभवों के पन्ने पर उतारता है तो उसका एक अलग ही प्रभाव देखने को मिलता है। इसके अलावा ऑब्जर्वेशन के जरिए उसके लेखन में भी विविधता को आसानी से देखा जा सकता है।

## संभावनाएं

क्रिएटिव राइटर्स के पास अवसरों की कोई कमी नहीं है। कॅरियर एक्सपर्ट की मानें तो आप अपनी रूचि के अनुसार उपन्यास से लेकर संस्मरण, कविता, गीत, साइंस फिक्शन, रोमांस, स्क्रिप्ट, नाटक, यात्रा-वृत्तांत आदि लिख सकते हैं। इसके अलावा आप पत्र-पत्रिकाओं और समाचार पत्रों आदि के लिए रिपोर्ट, साक्षात्कार, सुविधाएँ, आलोचना और समीक्षाएं लिख सकता है। इसके अलावा, रचनात्मक लेखक वेब साइटों के लिए भी कंटेंट लिख सकते हैं या प्रिंट मीडिया के लिए लेख बना सकते हैं। आप किसी एक संस्थान से जुड़कर काम कर सकते हैं या फिर अलग-अलग संस्थानों के लिए फ्रीलांसिंग भी कर सकते हैं।

## आमदनी

इस क्षेत्र में आमदनी आपके अनुभव व कौशल पर निर्भर करती हैं। शुरूआती दौर में एक क्रिएटिव राइटर आठ से दस हजार रूपए प्रतिमाह कमा सकता है। इसके बाद अनुभव बढ़ने के बाद आपका काम व आमदनी दोनों बढ़ती चली जाती है।

### प्रमुख संस्थान

- इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली
- डॉ.बाबासाहेब अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद
- नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मीडिया स्टडीज, अहमदाबाद
- कर्नाटक स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी



# एंट्री इंटरव्यू की तरह एग्जिट इंटरव्यू भी मायने रखता है

**एंट्री इंटरव्यू की तरह ही किसी कंपनी का एग्जिट इंटरव्यू भी उतना ही मायने रखता है। नौकरी छोड़ने से पहले एग्जिट इंटरव्यू भले ही मात्र एचआर संबंधी औपचारिकता लगे लेकिन इसका मतलब ये नहीं हैं कि इसके लिए आप कोई तैयारी न करें। इंटरव्यू में अपने जवाबों को तैयार रखकर आप अपने लिए भविष्य में उस कंपनी के दरवाजे हमेशा खुले रख सकेंगे। आइए जानते हैं एग्जिट इंटरव्यू के लिए कुछ जरूरी टिप्सः**

## सकारात्मक चीजों पर फोकस

एग्जिट इंटरव्यू के संदर्भ को समझना महत्वपूर्ण है और बिना किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाए सच बोलना जरूरी है। करियर के इस मोड़ पर आपको सकारात्मक प्रभाव बनाने के लिए सहयोगियों और प्रबंधकों की तारीफ करना चाहिए।

## वापसी की इच्छा जताएं

अगर आप अच्छे टर्म के साथ अपने कार्यकाल को ऑफिस में पूरा कर रहे हैं तो इसके लिए आपको वापसी के सारे रास्ते खुल रखने की कोशिश करना चाहिए। हमेशा जुड़े रहने की इच्छा जताएं और वहां के एल्यूमिनी नेटवर्क का हिस्सा बनने को कहें।

## आभार व्यक्त करें

ऑर्गनाइजेशन में अपने कार्यकाल को सहज बनाने में मदद करने वालों के प्रति आभार जताना न भूलें। यह केवल मैनेजमेंट को आपके बारे में पॉजिटिवी फील देगा।

## माइक्रो पर्सपेक्टिव

अगर आपको अपने किसी साथी या वरिष्ठ प्रबंधक से संबंधित कोई बात रखने की भी है तो उसे सही तरीके से रखें। कुछ अगर कहना आवश्यक भी हो तो उसे माइक्रो पर्सपेक्टिव रखें।

## कंस्ट्रक्टिव फीडबैक

आपके कार्यकाल के दौरान ऐसा समय भी रहा होगा जब वहां कलह और परेशानी का सामना करना पड़ा होगा। सुधारात्मक उपायों के साथ ईमानदार प्रतिक्रिया दें।



# वकालत करने के लिए जानें बेसिक बातें

**सामान्य रूप से लॉ की पढ़ाई के लिए आपका 12वीं पास होना आवश्यक है और यह किसी भी विषय में हो सकता है। इसमें 50 परसेंट मार्क्स ही आवश्यक है और ऐसे में आपकी एज 20 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। हमारे देश में कानून का शासन है। हर चीज कानून के अनुसार चलती है। कानून के अनुसार ही प्रशासन चलता है, कानून के अनुसार ही अदालतों का सिस्टम चलता है**

अदालतों में हम देखते हैं कि कानून के अनुसार ही एक पक्ष दूसरे पक्ष को चुनौती देता है और अदालतों में कानून के जानकार इसके भिन्न पक्षों की व्याख्या भी करते हैं। इन्हीं कानून के जानकारों को हम वकील कहते हैं और वकील बनने के लिए आपको लॉ की पढ़ाई करनी पड़ती है। इस पढ़ाई का का प्रथम चरण होता है एलएलबी का, यानी बैचलर आफ लॉ! वैसे कानून की पढ़ाई सिर्फ एक प्रोफेशन भर ही नहीं है, बल्कि यह उन तमाम जरूरतमंद लोगों को सिस्टम के साथ जोड़ने में एक अति महत्वपूर्ण कड़ी है, जो तमाम कारणों से अन्याय के शिकार होते हैं। जिन्हें पता तक नहीं होता है कि उन्हें कानून की जानकारी ना होने के कारण असीमित नुकसान उठाना पड़ा है। सच कहा जाए तो हमारे देश में ला प्रोफेशनल्स की जवाबदेही, किसी भी दूसरे प्रोफेशन से अधिक हो जाती है, क्योंकि यह कानून के शासन पर भरोसा पैदा करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।

सामान्य रूप से लॉ की पढ़ाई के लिए आपका 12वीं पास होना आवश्यक है और यह किसी भी विषय में हो सकता है। इसमें 50 परसेंट मार्क्स ही आवश्यक है और ऐसे में आपकी एज 20 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके बाद आपको सीएलएटी एग्जामिनेशन देना पड़ता है, जिसे कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट कहा जाता है और यह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी द्वारा ऑर्गेनाइज किया जाता है। एग्जाम में आपसे लॉजिकल रीजनिंग, लीगल, एटीट्यूड, गणित, अंग्रेजी और जनरल क्वेशचन पूछे जाते हैं। इसके बाद 5 साल के कोर्स में आप एडमिशन ले सकते हैं।

सामान्यत : पांच साल के इन्टीग्रेटेड कोर्स के एंट्रेंस हेतु 200 अंकों के क्वेश्चन पेपर के लिए डेढ़ घंटे का टाइम दिया जाता है। इसमें इंग्लिश के 30 अंक, सामान्य ज्ञान के 50 अंक, लीगल एप्टीट्यूड के 20 अंक, लीगल रीजनिंग के 20 अंक होते हैं एवं 30 अंकों का एक एस्से भी लिखना होता है।

लॉ करने के बाद आपको इंटर्नशिप का कोर्स करना होता है और इस दौरान आपको काफी कुछ ट्रेनिंग मिलती है। इंटर्नशिप के बाद आपको किसी भी राज्य के स्टेट बार काउंसिल में इनरोलमेंट के लिए अप्लाई करना होता है और उसके बाद ऑल इंडिया बार कौंसिल का एग्जामिनेशन क्लियर करने के बाद आपको प्रैक्टिस का सर्टिफिकेट मिल जाता है और इसके बाद आप वकील बन जाते हैं।

हालाँकि, ग्रेजुएशन के बाद भी आप लॉ की पढ़ाई कर सकते हैं और तब यह मात्र 3 साल का होता है। ग्रेजुएशन में भी आपको साधारणतया 50 परसेंट मार्क्स लाना होता है। वैसे एससी/ एसटी कटगरी स्टूडेंट्स के लिए इसमें छूट भी होती है।

लॉ की केटेगरी देखें तो मुख्यत : कॉर्पोरेट लॉ, क्रिमिनल लॉ, पेटेंट, एटर्नी, फैमिली लॉ, साइबर लॉ और बैंकिंग ला के रूप को गिनाया जा सकता है और किसी भी विषय में बाद में आप खुद को स्पेशलाइज कर सकते हैं। जैसा कि नाम के साथ ही स्पष्ट है कि पर्टिकुलर फील्ड में आप सम्बंधित क्षेत्र की विशेषज्ञता की हद तक जानकारी लेंगे।

खास बात यह भी है कि एलएलबी के बाद एलएलएम और पीएचडी जैसी विशेषज्ञता भी आप हासिल कर सकते हैं और बाद के दिनों में आप न्यायपालिका की परीक्षा देकर जज बनने की भी कोशिश कर सकते हैं।

लॉ करने के लिए देश भर के कुछ अच्छे कॉलेजों की बात करें तो नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इण्डिया यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु, नलसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, हैदराबाद, नेशनल लॉ इन्स्टीट्यूट यूनिवर्सिटी, भोपाल, द वेस्ट बेंगाल नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ज्युरीडिकल साइंस, कोलकाता, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जोधपुर, हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रायपुर, गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद, डॉ.राममनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, लखनऊ, राजीव गाँधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, पटियाला, चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, पटना, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ एडवांस्ड लागल स्टडीज, कोच्चि का नाम मुख्य रूप से गिनाया जा सकता है। यूं अधिकांश यूनिवर्सिटीज में यह कोर्स उपलब्ध हैं और देश के तमाम जिलों में आपको ऐसे कॉलेज मिल जायेंगे, जहाँ से आप लॉ में एडमिशन लेकर कानून की समझ बढ़ा सकते हैं। वर्तमान में इस कोर्स के स्कोप की बात करने की जरुरत नहीं है, क्योंकि ट्रेडिशनल अदालती प्रैक्टिस के अलावा कॉरपोरेट वर्ल्ड में, एनजीओ में, बैंकिंग सेक्टर में, सरकार एवं उसके संस्थानों में, स्वतंत्र पत्रकारिता (फ्रीलांस जर्नलिज्म) में, सेना तक में, लॉ फर्म्स के साथ-साथन्यायिक सेवा तक में इसका विस्तार है।

# त्वचा रहे नर्म, मुलायम और जवां-जवां



**सर्दी** का मौसम यूं तो बडा रूमानी होता है, लेकिन सौंदर्य की दृष्टि से उतना ही प्रभावशाली होता है। यानी इस मौसम में त्वचा और सौंदर्य का विशेष ध्यान रखना होता है। दरअसल सर्द और शुष्क हवाएं त्वचा को बहुत नुकसान पहुंचाती हैं, क्योंकि वे त्वचा की कुदरती नमी को चुरा लेती हैं। इससे त्वचा खिंची-खिंची, रूखी और बेजान-सी नजर आने लगती है। लेकिन आप चाहें तो कुछ कारगर टिप्स अपनाकर और नियमित देखभाल से त्वचा की खोई हुई नमी और चमक को वापस लौटा सकती हैं।

- बहुत सी स्त्रियां यह सोचती हैं कि इस मौसम में सनस्क्रीन लगाने की आवश्यकता नहीं होती है, जब कि ऐसा नहीं करना चाहिए। यूवीए और यूवीबी किरणों के प्रभाव से बचने के लिए कम से कम 30 एसपीएफ वाली सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें। सनस्क्रीन में मॉयस्चराइजर भी होता है, जो त्वचा को रूखी होने से बचाता है।
- माइल्ड फेशियल क्लींजर का इस्तेमाल करें।
- मॉयस्चराइजर हमेशा हलकी गीली त्वचा पर लगाएं, यानी त्वचा को पानी से धोकर नर्म हाथों से तौलिया रखकर दबाएं लेकिन पोंछें नहीं।
- हाथों और पैरों की त्वचा रूखी हो जाए तो कोशिश करें कि उन्हें बार-बार साबुन से न धोएं। इसके लिए मॉयस्चरयुक्त माइल्ड हैंडवॉश का इस्तेमाल करें। हाथों को सुखाकर हैंडक्रीम जरूर लगाएं।
- पैरों की त्वचा जब हलकी नम हो, तब कोई एंटीबायोटिक ऑइंटमेंट लगाकर हलका मसाज करें और छोड दें।
- शुष्क और तेज हवाओं के कारण त्वचा को अतिरिक्त नमी और पोषण की जरूरत होती है इसलिए आप रोजाना 15 एसपीएफ वाला मॉयस्चराइजर लोशन लगाएं।
- ऑयली त्वचा के लिए लाइट मॉयस्चराइजर जो बीटा हाइड्रॉक्सी एसिड (बीएचए) युक्त हो, का इस्तेमाल करें।
- अगर आपकी त्वचा काफी रूखी है तो टोनर का प्रयोग न करें, क्योंकि वह त्वचा को और भी अधिक रूखा बना देगा।
- आधा चम्मच दरदरे पिसे संतरे के छिलके, आधा चम्मच दरदरे पिसे हुए बादाम और आधा चम्मच दरदरे पिसे जौ के आटे में एक चम्मच कच्चे पपीते का पेस्ट अच्छी तरह मिलाएं। इसे महीने में एक बार चेहरे और रूखी त्वचा पर इस्तेमाल करें और पाएं कोमल और चमकदार त्वचा।
- एक चम्मच गुलाबजल को एक चौथाई चम्मच सी सॉल्ट के साथ मिलाकर चेहरे पर कुछ देर हलके हाथों से मलते हुए लगाएं। यह डीप क्लीजिंग का काम करता है और त्वचा की कुदरती चमक और नमी को लौटाने में मदद करता है।
- त्वचा के मृत कोशों को हटाने के लिए एक चम्मच शहद में आधा चम्मच चंदन पाउडर और आधा चम्मच खसखस मिलाकर चेहरे और शरीर पर लगाएं। यह न केवल मृत त्वचा को हटाता है, बल्कि त्वचा को पोषण भी देकर उसे नर्म, मुलायम और कांतिमय बनाता है।
- दूध में आटे का चोकर मिलाकर त्वचा का कुछ देर हलके हाथों से मसाज करें। हलका सूखने पर ताजे पानी से धो लें।
- गीली त्वचा पर हलके हाथों से स्क्रब करें। अगर आप स्क्रब बलपूर्वक करेंगी तो यह विपरीत प्रभाव डाल सकता है। मृत त्वचा को निकालने के लिए अपने चेहरे पर पहले गोलाई में अपने हाथों को घुमाएं। फिर नीचे से ऊपर की ओर हाथों को घुमाते हुए स्क्रब को पोंछें।
- एक चम्मच दूध की मलाई में आधा चम्मच गिल्सरीन मिलाकर चेहरे पर लगाएं।

# साबुत मूंग लड्डू विद काजू, बादाम

**सामग्री :** 250 ग्राम साबूत मूंग, 50 ग्राम टुकड़ा काजू, 50 ग्राम बादाम, 1 छोटा चम्मच खरबूजा मिंगी, 250 ग्राम गुड़, 1 कप गेहूं का आटा, एक चौथाई कप देसी घी, इलायची का पाउडर, नारियल का बुरादा, 1 बड़ा चम्मच सफेद तिल।

**विधि:** मूंग को पैन में धीमी आंच पर सूखा भून लें। ठंडा होने पर मिक्सी में पीस कर पाउडर बना लें। आधा घी गरम करें। इस में मूंग का आटा धीमी आंच पर 5 मिनट भूनें। शेष आधा घी गरम करें। इसमें काजू, बादाम तल कर निकालें। फिर गेहूं का आटा इसमें गुलाबी होने तक भूनें। गुड़ को 2 कप पानी में घोल कर छान लें। मिंगी को सूखा चटका लें। तिल को भी सूखा चटका लें। सारी सामग्री को अच्छी तरह मिला लें। गुड़ के पानी की 2-2 तार की चाशनी बना लें। स्वादिष्ट पौष्टिक लड्डू को नारियल बुरादे में लपेटें। डब्बे में बंद कर के रखें और रोज सेवन करें।

# कहीं आपका बच्चा जिद्दी तो नहीं?

**अकसर** छोटे बच्चों में किसी एक खास खिलौने, कंबल या मुलायम वस्तु के प्रति खास लगाव हो जाता है, जो कई बार माता-पिता के लिए शर्म की वजह बन जाता है। दरअसल ये वस्तुएं बच्चों को मां के नरम और कोमल स्पर्श का अनुभव करवाती हैं।

कुछ हद तक तो यह लगाव सामान्य है, लेकिन इसके सीमा से बढ़ जाने की वजह उसके अंदर असुरक्षा का भाव हो सकती है। अगर माता-पिता के संबंध सामान्य ना हों, तो बच्चे के ऐसे व्यवहार को अनदेखा नहीं करना चाहिए। बच्चे से जबर्दस्ती उसके प्रिय खिलौनों को ना छीनें, ना ही इन्हें ले कर उसका मजाक बनाएं या धमकाएं, इससे बच्चे के मन में निराशा का भाव आ सकता है।

आमतौर पर स्कूल जाने के बाद बच्चों का ध्यान बंट जाता है। उसे नए दोस्त बनाने या पेंटिंग करने के लिए प्रेरित करें। संभव हो, तो कुत्ता या बिल्ली पाल लें, इससे बच्चे का ध्यान बंट जाएगा।

# दादी-नानी के नुस्खे

- वंशलोचन पीस कर शहद के साथ चाटने से खांसी ठीक होती है।
- आक के दूध में काले तिल पीसकर इसका लेप करने से पसली का दर्द दूर होता है।
- कैथे के गूदे में अंदाज से थोड़ी सोंठ, काली मिर्च, पीपल का चूर्ण, शहद और चीनी के साश मिला कर खाने से अजीर्ण दूर होता है।
- जिन बच्चों को चेचक निकल आती है, उनके शरीर से बहुत दिनों तक गर्मी नहीं जाती। ऐसी अवस्था में उन्हें गूलर के रस में मिश्री मिला कर पिलाने से आराम मिलता है।
- बेल, सोंठ, जायफल का काढ़ा बना कर पीने से हैजा दूर होता है।
- मोच आने पर नारियल की गिरी को महीन पीस कर उसमें चौथाई भाग हल्दी का चूर्ण मिला कर पोटली बांध कर आग पर गर्म करके मोचवाले हिस्से को सेकिए। तुरंत राहत मिलेगी।
- यदि गिरने या मोच की वजह से बच्चे के हाथ-पैर में सूजन आ गयी हो, तो उबले हुए बथुए का तीन-चार बार लेप लगाइए, फायदा होगा।
- जल जाने पर उस स्थान पर तुरंत शहद लगाने से फफोला नहीं पड़ता।
- नाभि में सरसों का तेल लगाने से होंठ नहीं फटते।

# आपकी कहानी परिधानों की जुबानी



**आपका** मिजाज, आपकी रूचियां, यहां तक कि आपके स्वभाव के बारे में भी आपके परिधान बहुत कुछ बयां कर जाते हैं। कपड़े पहनने का आपका क्या स्टाइल है... समय, देश और मौसम से आपका ड्रेस सेंस तालमेल करता है या नहीं, इन सबकी चुगली आपके वस्त्र कर देते हैं।

आज के युग में सफलता की सीढ़ी चढ़ने के लिए आकर्षक व्यक्तित्व की भी अहम भूमिका है। पर्सनैलिटी ग्रूमिंग की कक्षाओं के लिए कुछ सुझाव इस प्रकार हैं-

पर्सनैलिटी ग्रूमिंग के अंतर्गत उठने- बैठने, बात करने, मेकअप के तरीके, ड्रेस सेंस, सही बॉडी लैंग्वेज, शिष्टाचार आदि मुख्य रूप से आते हैं।

इन कक्षाओं में पंद्रह-सोलह वर्ष के लड़के-लड़कियों से लेकर बड़ी उम्र के महिला-पुरूष भी आ सकते हैं।

दबे हुए गुणों को, प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें अपने आत्मविश्वास को बढ़ाना सिखाना जरूरी है। आत्मविश्वास की कमी के कारण ही कुछ लोग पार्टियों में ठीक ढंग से अपनी बात नहीं कह पाते। उनमें हिचक, घबराहट, भय बना रहता है। कहीं वे कुछ गलत न कह जाएं। इन कमियों को दूर करने के लिए उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना आवश्यक है।

ड्रेस सेंस के अंतर्गत कॉलेज में, ऑफिस में, पार्टी या समारोह में किस तरह के परिधान पहनने चाहिए, यह सिखाया जाता है। किसी अवसर विशेष पर वेशभूषा भी विशेष होती है, इस बात को विस्तार से समझाएं।

व्यक्तित्व निखार में सकारात्मक सोच का बहुत महत्व है। यह जीवन के प्रति उत्साह, उमंग जगाती है। नकारात्मक सोच निराशा, अवसाद पैदा करके असफलता की ओर ले जाती है। सोच वाले लोगों के साथ घनिष्ठता कदापि न बनाएं। हमेशा ऊर्जा, जोश, उत्साह से भरे रहना है, तो सकारात्मक सोच से संबंधित विचारों को पढ़ें वहा से ही लोगों से संबंध बनाएं।

बॉडी लैंग्वेज को समझना सीखें। इसमें शरीर के हावभाव के साथ-साथ चेहरे के भाव पढ़ने की भी कोशिश की जाती है। उठने-बैठने का तरीका, चलने का ढंग, पहनावा, आदतें व व्यवहार, आंखों की भाषा इन सभी से व्यक्तित्व को समझने में आसानी होती है।

अपने आचरण, व्यवहार और गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। दूसरों को प्रभावित करने में ये गुण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इंटरव्यू में जाते समय पहनावा, आत्मविश्वास, बोलने, उठने-बैठने का सलीका, योग्यता बहुत महत्व रखते हैं।

# बेसन सदाबहार



**इतिहास** में एक किस्सा बड़ा मशहूर है कि जब शाहजहां को औरंगजेब ने कैद में डाला और खान-पान की बंदिशों के तहत कोई एक अनाज चुनने की बात रखी तो शाहजहां ने सजा के दौरान कोई एक अनाज में चने को चुना। कहने का तात्पर्य यह कि शाहजहां को पता था कि चना बहुआयामी अनाज है। चने या बेसन से जहां नाना प्रकार की भोज्य सामग्री तैयार की जा सकती है, सौंदर्य की दुनिया में भी यह पैठ रखता है।

विश्वास के संग कहा जा ता है कि बिन बेसन रसोई सून। रसोई में यदि बेसन नहीं तो मनमुताबिक पकवान बनाने की आपकी ख्वाहिश पूरी नहीं हो सकती। कढ़ी -पकौड़ा खाना हो, राजस्थानी गट्टा पकाना हो या मिस्सी रोटी का मन हो, बिना बेसन कुछ भी संभव नहीं। सिर्फ नमकी ही क्यों मिठाइयों की दुनिया का भी बेसन सरताज है। सोंधे-सोंधे बेसन के लड्डू, मूंग थाल या मैसूर पाक सब बेसन सदाबहार से जुड़े हैं। चना दाल या छोले के बगैर कोई भी पार्टी या उत्सव अधूरा है। चना जोर गर्म...का गीत तो आज भी पुराने समय को महका जाता है।

- नाना पकवानों को बनाने में सहयोगी बेसन के भीतर खूबसूरती बढ़ाने का राज भी छिपा है। नन्हे शिशु के शरीर के रोएं हटाने हों या शरीर और चेहरे के मैल से छुटकारा पाना हो, बेसन का उबटन लाजवाब है। बेसन का प्रयोग शैंपू, और हेयर रिमूवर की तरह किया जा सकता है। त्वचा का रंग निखारने में यह बेहद लाभदायक है।
- रूखी त्वचा के लिए बेसन में शहद, मलाई और कुछ बूँदें नीबू की मिलाकर चेहरे पर लगाएं और कुछ समय बाद रगड़ कर छुड़ादें और हलके कुनकुने पानी से चेहरा धोएं। चेहरा खिलखिला उठेगा।
- सामान्य या तैलीय त्वचा के लिए बेसन में चंदन पावडर व दही मिलाकर पेस्ट-सा बनाकर चेहरे पर लगा लें। रंग निखर आएगा।
- चकत्तेदार त्वचा के लिए भी बेसन लाभदायक है। बेसन में दूध, गुलाबजल, गाजर का रस और खीरे का रस मिलाकर चेहरे पर लगा लें। पंद्रह मिनट बाद धोएं और फर्क महसूस करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में संक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-5-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थाड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। शुभांक-3-6-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-2-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-5-7-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-3-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-4-7-9


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-3-5-7

## काकुरो पहेली - 1953




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 1952 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

कई युवतियों को तंग कर चुका एक युवा अपने कॉलेज के लाइब्रेरियन के पास पहुँचा और बोला- क्या आप मुझे आत्महत्या पर कोई किताब दे सकते हैं। मैं शीघ्र ही आपको वापस कर दूँगा।

लाइब्रेरियन- नहीं दे सकता, आप लौटाएँगे नहीं।


एक व्यापारी को दूसरे व्यापारी से पैसे लेने थे, लेकिन पहले व्यापारी के बार-बार माँगने के बावजूद उसे पैसे नहीं मिल रहे थे। हार कर उसने दूसरे व्यापारी को एक पत्र भेजा। साथ में अपनी बेटी का फोटो भी भेजा।

पत्र में लिखा था- मुझे इस बच्ची की खातिर पैसे चाहिए।

एक खूबसूरत युवती डॉक्टर के पास गई और बोली- डॉक्टर साहब! मेरी स्कीन बहुत ही सेनसेटिव है। मेरी स्कीन हमेशा गोरी-गोरी रहे इसके लिए मुझे क्या करना चाहिए?

डॉक्टर साहब- अपने दरवाजे की कुंडी हमेशा लगाकर रखनी चाहिए।

## फिल्म वर्ग पहेली - 1953



**बायें से दायें:-**

१. अमोल पालेकर, जरीना की 'दो दीवाने शहर में' गीत वाली फिल्म-३
३. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली अक्षयकुमार, मधु की फिल्म-३
६. सुनीलदत्त, नूतन की 'सावन का महीना' गीत वाली फिल्म-३
७. 'ये हवाएं सर्द हैं' गीत वाली राजेश, मिथुन, शबाना की फिल्म-४
१०. फिल्म 'नरसिम्हा' में नायक कौन था-२
११. 'तुम को कितना है प्यार' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'आवाज दे कहाँ है दुनिया मेरी जवां है' की गायिका कौन थी-४
१४. 'अनपढ़' में धर्मेन्द्र की नायिका-२
१५. फिल्म 'देवदास' में 'चंद्रमुखी' कौन बनी है?-३
१६. 'दिन प्यार के आये रे' गीत वाली शेखर, कामिनी कौशल की फिल्म-२
१७. अमिताभ, शशिकपूर, शत्रुध्न, राखी, परवीन, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
१८. शशिकपूर, जीनत की 'लैला ने भी प्यार किया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'सुना था देखा न था' गीत वाली आफताब, उर्मीला की फिल्म-२
२१. आमिर, माधुरी की 'खभे जैसी खड़ी हैं' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'ब्लैकमेल' में नायिका कौन थी?-२
२३. अक्षय, माधुरी की 'अब तेरे दिल में' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'ऊपरवाला दुखियों की' गीत वाली दिलीप, सायरा बानो की फिल्म-३
२८. प्रसिद्ध बालगीत 'आओ बच्चों तुम्हें दिखायें' किस फिल्म का हैं?-३
२९. 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली गोविंदा, नीलम की फिल्म-२
३०. प्रदीपकुमार, वैजयंती की 'जादूगर सैंया' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'आजकल पाँव जमीं पर' गीत वाली फिल्म-२
२. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली फिल्म-३
३. अक्षय कुमार, करिश्मा की 'सच कहते हैं हम' गीत वाली फिल्म-४
४. 'काली नागिन के जैसी' गीत वाली फिल्म-२
५. राज कपूर, नर्गीस की 'ये शाम की तनहाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
८. 'बात बात में रूठो ना' गीत वाली बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२
९. 'शोला और शबनम' में नायिका कौन थी-३
१०. फिल्म 'सनम बेवफा' में चांदनी के साथ नायक कौन था?-४
१२. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख शेख, पूनम की फिल्म-२
१३. संजय कपूर, शिल्पा की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'काले लिबास में बदन' गीत वाली इंद्रकुमार, आयशा की फिल्म-३
१७. जॉय मुखर्जी, सायरा की 'उड़ के पवन के संग' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'ऐ दीवाने दिल' गीत वाली अक्षय कुमार, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-३
२१. 'हाँ हाँ ये प्यार है' गीत वाली फिल्म-३
२४. फिल्म 'अंखियों से गोली मारे' की नायिका कौन है?-३
२५. 'काश तुम मुझ' गीत वाली संजय, रवीना, करिश्मा की फिल्म-३
२६. 'सपने में मिलती है' गीत वाली फिल्म-२
२७. फिल्म 'भूत' में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका किसने की है?-२
२८. 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 1952



## सूडोकु -1953


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -1952 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

## शब्द पहेली - 1953



**बाएँ से दाएँ**

1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**

1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

### शब्द पहेली - 1952 का हल



## तिरुपति बालाजी मंदिर में मची भगदड़, 6 की मौत, 50 घायल

एजेंसी

**तिरुपति।** तिरुपति मंदिर के विष्णु निवास के पास भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई है। यह घटना उस वक्त हुई जब वैकुंड द्वार दर्शन के टोकन के लिए उमड़ी भीड़ में भगदड़ मच गई। इस घटना में 50 लोग घायल भी हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए तिरुपति रुया अस्पताल ले जाया गया है। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) की ओर से यह जानकारी दी गई है। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने तिरुमाला श्रीवारी वैकुंठ द्वार में दर्शन टोकन के लिए तिरुपति में विष्णु निवासम के पास हुई भगदड़ में 6 श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा दुख जाहिर किया है। मुख्यमंत्री ने घायलों को दिए जा रहे इलाज के बारे में अधिकारियों से फोन पर बात भी की। उन्होंने उच्च अधिकारियों को घटना स्थल पर जाकर राहत उपाय करने का आदेश दिया है ताकि घायलों को बेहतर उपचार मिल सके। तिरुमला तिरुपति मंदिर के कार्यकारी अधिकारी श्यामला राव ने कहा कि घटना की गंभीरता को देखते हुए आंध्र प्रदेश का मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू कल स्वयं तिरुपति पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि वैकुंठ एकादशी के पर्व पर श्रद्धालुओं को दर्शन टोकन वितरण करने के लिए तिरुपति में कुछ आठ काउंटर खोले गए थे। साथ ही यह भी कहा गया था कि कल सुबह पांच बजे से टोकन जारी करने का निर्णय लिया गया है। लेकिन टोकन पाने के लिए शाम छह बजे से ही श्रद्धालु कतार में खड़े हो गए। इस बीच एक-दो केंद्र पर टोकन के लिए अप्रत्याशित रूप से आए श्रद्धालुओं के कारण भारी भगदड़ मच गई, जिसमें छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई।

## महाकुंभ में होगी आयुष स्वास्थ्य सेवाओं तक तीर्थयात्रियों की पहुंच

**नई दिल्ली।** महाकुंभ 2025 में आयुष स्वास्थ्य सेवाओं तक तीर्थयात्रियों की चौबीसों घंटे - सातों दिन 'आयुष मल्टी-ओपीडी क्लीनिक' तक पहुँच होगी जो विभिन्न चिकित्सा प्रणालियों की प्राकृतिक और समग्र प्रक्रियाओं पर आधारित परामर्श और उपचार प्रदान करेंगे। केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने महाकुंभ 2025 में आयुष तैयारियों की एक समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये क्लीनिक सभी आगंतुकों के लिए निरंतर स्वास्थ्य सहायता सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली का मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान और राज्य सरकार के विशेषज्ञों के नेतृत्व में विशेष योग शिविर लगायेंगे। ये शिविर संतुलन, मन की शांति और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार पर ध्यान केंद्रित करेंगे। कुंभ के आध्यात्मिक माहौल के साथ, ये सत्र स्वास्थ्य और आध्यात्मिकता का एक आदर्श मिश्रण होंगे। श्री जाधव ने बताया कि महाकुंभ में एक प्रदर्शनी में भारत के समृद्ध औषधीय वनस्पतियों के उपचारात्मक गुणों को प्रदर्शित किया जाएगा। आगंतुकों को प्रकृति की उपचारात्मक शक्ति और आधुनिक स्वास्थ्य सेवा प्रक्रियाओं में इसकी प्रासंगिकता को समझने का अवसर मिलेगा। राज्य आयुष सोसायटी महाकुंभ मैदान में पूरी तरह से सुसज्जित मोबाइल स्वास्थ्य सेवा इकाइयाँ तैनात करेगी।

## जम्मू श्रीनगर को जोड़ने वाली रेल परियोजना पूरी: वैष्णव

**नयी दिल्ली ।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज घोषणा की कि जम्मू और श्रीनगर को रेललिंक से जोड़ने वाली परियोजना पूरी हो गयी है और रेल संरक्षा आयुक्त का प्रमाणपत्र मिलने के बाद शीघ्र ही जम्मू कश्मीर की शीतकालीन एवं ग्रीष्मकालीन राजधानियों के बीच ट्रेन सेवा शुरू हो जाएगी। श्री वैष्णव ने आज यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, आज का दिन ऐतहासिक है। जम्मू कश्मीर में श्रीनगर एवं जम्मू को रेललिंक से जोड़ने वाली परियोजना पूरी हो गयी है। अंतिम वैधानिक परीक्षण आज पूरा हो गया है। जम्मू कश्मीर के निवासियों के लिए एक बहुत अच्छी परिवहन व्यवस्था बन कर तैयार है। रेल संरक्षा आयुक्त का प्रमाणपत्र मिलने के बाद दोनों शहरों के बीच ट्रेन सेवा शुरू हो जाएगी। श्री वैष्णव ने कहा कि फिलहाल श्रीनगर से श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा के बीच विशेष रूप से पर्वतीय जलवायु के हिसाब से विकसित वंदे भारत एक्सप्रेस चलायी जाएगी जिसे अगस्त में जम्मू स्टेशन के विकास के बाद जम्मू तक शुरू किया जाएगा। जम्मू स्टेशन पर अभी तीन प्लेटफॉर्म हैं। पुनर्विकास के बाद आठ प्लेटफॉर्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि शून्य से दस डिग्री नीचे परिचालन में सक्षम इस वंदे भारत एक्सप्रेस में आठ कोच होंगे तथा मांग बढ़ने पर इन्हें बढ़ाया जाएगा। इनमें ऑक्सीजन कटरा से श्रीनगर के बीच की यात्रा करीब तीन घंटे में पूरी होगी।

## करोड़ों की ठगी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने निवेश के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले निजी कंपनी के निदेशक को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान राहुल कुमार के रूप में हुई है। आरोप है कि राहुल ने अपनी प्राइवेट कंपनी के जरिए वारदात को अंजाम दिया। निवेशकों को झांसा दिया गया कि इनकी कंपनी ने खुर्जा, उप्र में काम कर रही एलएंडटी कंपनी के काम का कांट्रेक्ट लिया है। यहां निवेश करने पर वह बदले में 20 से 30 फीसदी मुनाफा देंगे। फिलहाल पुलिस को 18 निवेशकों ने 3.20 करोड़ ठगी की शिकायत दी है। बाकी निवेशकों का पुलिस पता लगा रही है। आर्थिक अपराध शाखा के डीसीपी डॉ. गुरइकबाल सिंह सिंधु ने बताया कि तीन नवंबर 2023 को उनकी टीम ने अनिल कुमार व अन्यों की शिकायत पर ठगी की एक एफआईआर दर्ज की थी।

# प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश को दो लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी

एजेंसी

**विशाखापत्तनम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुनियादी ढांचा, हरित ऊर्जा और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारा आंध्र प्रदेश संभावनाओं और अवसरों का राज्य है। आंध्र की ये संभावनाएं जब साकार होंगी, तो आंध्र प्रदेश भी विकसित बनेगा और तभी भारत भी विकसित राष्ट्र बनेगा। इसलिए आंध्र प्रदेश का विकास हमारा विजन है और आंध्र प्रदेश के लोगों की सेवा हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश अपनी नवाचारी प्रकृति के कारण आईटी और प्रौद्योगिकी का इतना बड़ा हब है।



अब आंध्र के भविष्य की प्रौद्योगिकियों का केंद्र बनने का समय है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश ने 2047 तक राज्य को 2.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए चंद्रबाबू नायडू की सरकार ने स्वर्ण आंध्र ञ्च2047 की शुरुआत की है। इसमें केंद्र की एनडीए सरकार राज्य को पूरा सहयोग देगी। इसलिए केंद्र सरकार करोड़ों रुपये की परियोजनाएं देने में आंध्र प्रदेश को प्राथमिकता दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश अपनी नवोन्मेषी भावना के कारण आईटी और प्रौद्योगिकी का एक प्रमुख केंद्र है। अब समय आ गया है कि आंध्र प्रदेश नई, भविष्य की प्रौद्योगिकियों का केंद्र बने। हमें उभरती प्रौद्योगिकियों, जैसे कि ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग, जो भविष्य का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि 2023 में नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन की शुरुआत की गई। हमारा लक्ष्य 2030 तक 5 मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। इसके लिए शुरुआत में दो ग्रीन हाइड्रोजन हब शुरू किए जाएंगे। इनमें से एक हब विशाखापत्तनम में स्थापित किया जाएगा।

## धामी सरकार की मदरसों के अतिक्रमण और फंडिंग पर नजर, मुख्यमंत्री बोले- जांच के दिए गए हैं निर्देश

एजेंसी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक बार फिर मदरसों को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा कि सरकारी जमीन पर किये गये हर प्रकार के अतिक्रमण को खत्म किया जाएगा, चाहे वह मदरसा ही क्यों न हो। मदरसों का सत्यापन जिला स्तर पर कराया जा रहा है और इसके तहत उनकी आय के स्त्रोत की भी जांच होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम देवभूमि के मूल स्वरूप को बिगड़ने नहीं देंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, अवैध चाहे मदरसे हो या चाहे अवैध अतिक्रमण हो। ये किसी भी कीमत पर देवभूमि उत्तराखंड में नहीं होने चाहिए। देवभूमि का मूल स्वरूप बरकरार रखेंगे। यहां के बारे में देश और दुनिया में एक अलग सोच है। यह आस्था और श्रद्धा का स्थान है। धर्म की, अध्यात्म की आयुष की भूमि है। यहां जो अतिक्रमण हुआ है उसे हम हटायेंगे। मदरसों के सत्यापन के लिए आदेश दिया गया है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग इसको देख रहा है। जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान भी निगरानी रख रहे हैं। वेरिफिकेशन ड्राइव भी चलाया जा रहा है। इनकी फंडिंग की भी जांच हो रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेशभर में बिना पंजीकरण के चल रहे मदरसों की जांच चल रही है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निगरानी में जिला प्रशासन की ओर से पुलिस के सहयोग से मदरसों का सत्यापन कराया जा रहा है। सभी जिला प्रशासन से रिपोर्ट मिलने के बाद अल्पसंख्यक कल्याण विभाग इसे कम्पाइल करेगा।

## केंद्रीय मंत्री नड्डा ने सीएम डॉ सरमा के साथ दरंग, कामरूप एवं शोणितपुर का किया दौरा

एजेंसी

**गुवाहाटी।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के साथ आज दरंग जिले का दौरा किया, जिसे केंद्र के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत चुना गया है और जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं और कौशल एवं अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का जायजा लिया।

मंगलदै की अपनी यात्रा के दौरान, केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में दरंग सिविल अस्पताल में 50 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक की आधारशिला रखी। क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण प्रधानमंत्री के आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना कार्यक्रम के तहत किया जाएगा। क्रिटिकल केयर सेंटर में आईसीयू और बाल चिकित्सा आईसीयू के अलावा अन्य उच्च स्तरीय सुविधाएं होंगी। इस यात्रा के दौरान जिला आयुक्त ने केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री को केंद्र के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत जिले द्वारा अपने लोगों के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों से अवगत कराया। इस अवसर पर कौशल विश्वविद्यालय के अलावा, राज्य सरकार दरांग जिले में एक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल



स्थापित करने जा रही है। इसके अलावा, कनेक्टिविटी के संबंध में, एनएच 15 को बाइहाटा चरियाली से तेजपुर तक, पूरे खंड को चार लेन का बनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ सरमा ने दरंग जिले के लोगों को क्रिटिकल केयर सेंटर पेश करने के लिए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को धन्यवाद देते हुए कहा कि केंद्र का निर्माण 23.75 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य भर में ऐसे 28 क्रिटिकल केयर सेंटर स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दरंग जिला को विकास के लिए अभूतपूर्व प्रोत्साहन मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की उदारता दिखाई दे रही है क्योंकि नामरूप में ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड को उर्वरकों के उत्पादन के लिए अपनी क्षमता विस्तार के साथ सशक्त बनाया जाएगा।

## केंद्रीय मंत्री शेखावत ने महाकुंभ के कलाग्राम में लिया तैयारियों का जायजा

एजेंसी

**महाकुंभ नगर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने महाकुंभ मेला क्षेत्र में संस्कृति मंत्रालय की ओर से बनाए जा रहे कलाग्राम का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। शेखावत ने कहा कि कलाग्राम का भ्रमण आगंतुकों के लिए एक अनुपम स्मृति साबित होगा। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने पत्रकारों से कहा कि महाकुंभ में भारत के एक विराट स्वरूप का दर्शन होगा। जो लोग भारत के महान धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन में उपस्थित होंगे, उनको भारत की सांस्कृतिक विविधता से एकसाथ परिचय कराने का माध्यम कलाग्राम बनने वाला है। शेखावत सुबह दिल्ली से प्रयागराज आए और महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर-7 में बन रहे कलाग्राम पहुंचे। उन्होंने कलाग्राम में चल रही तैयारियों को लेकर अधिकारियों से फीडबैक लिया। साथ ही अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। शेखावत ने कहा कि केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने यहां भारतीय संस्कृति की विराट विविधतापूर्ण छटा को एक छत के नीचे लाने के प्रयोजन से मानो पूरा गांव ही बसा लिया है। उन्होंने कहा कि यहां संकल्पना संपूर्णता से आकार ले रही है।



शेखावत ने कहा कि महाकुंभ का अवसर भारत, भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और संस्कृति मंत्रालय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है, जहां हम पूरे भारत की विविधता को एक जगह और एकसाथ में अनुभव कर सकेंगे। कलाग्राम में भारत की सभी सांस्कृतिक विविधताओं, जिसमें कला, हस्तशिल्प और वहां का भोजन है, तीनों को यहां अनुभव कराने के लिए केंद्र को विकसित किया गया है। शेखावत ने कहा कि महाकुंभ के प्रारंभ होने से समापन तक लगातार 45 दिन हर रोज करीब एक करोड़ लोग भारत की सांस्कृतिक विविधता से साक्षात्कार कर पाएंगे।शेखावत कलाग्राम के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति ग्राम, उत्तर प्रदेश दर्शन मंडपम और नेत्र कुंभ भी गए और वहां की व्यवस्थाओं से रू-ब-रू हुए। उन्होंने सेक्टर-7 में ब्रह्माकुमारीज के नशा मुक्त अभियान के रथ को भी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रयागराज महाकुम्भ मेला 2025 की शीर्ष समिति की 17वीं बैठक संपन्न

एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रयागराज महाकुम्भ मेला 2025 की शीर्ष समिति की 17वीं बैठक आयोजित की गई।अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि यह शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराया जाये कि गंगा जी और यमुना जी में दूषित जल प्रवाहित न हो। इसकी लगातार मॉनीटरिंग की जाये। इसके अतिरिक्त अवशेष कार्यों को महाकुम्भ से पूर्व प्रत्येक दशा में पूरा करा लिया जाये।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में विकसित होने वाले टेण्ट सिटी व रैन बसेरा साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिये एक अधिकारी की ड्यूटी लगायी जाये। प्रयागराज पहुंच मार्गों एवं हाईवे आदि पर स्थित पब्लिक ट्वायलेट्स साफ-स्वच्छ और आम नागरिकों के लिये उपलब्ध रहें। समय-समय पर अधिकारियों द्वारा इसका मौके पर निरीक्षण भी कराया जाये। बैठक में



विस्तृत चर्चा के उपरांत प्रयागराज मेला प्राधिकरण के 780.65 लाख रुपये के 02 प्रस्ताव, उ0प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम के 1379 लाख रुपये पुनरीक्षित लागत के 01 प्रस्ताव, गृह विभाग के 1302.73 लाख रुपये पुनरीक्षित लागत के 01 प्रस्ताव तथा परिवहन निगम के 1895.90 लाख रुपये के 02 प्रस्ताव इस प्रकार कुल 5358.28 लाख रुपये लागत के 06 प्रस्तावों को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। प्रयागराज मेला प्राधिकरण के सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर फर्जी सूचनाओं एवं दुष्प्रचार संबंधी फोटो व वीडियो के प्रचार-प्रसार पर नियंत्रण लगाने के लिए आईआईटी कानपुर को 70 लाख रुपए की धनराशि सोशल मीडिया के पर्यवेक्षण हेतु आवंटित करने के प्रस्ताव को बैठक में मंजूरी प्रदान की गई। इसी प्रकार महाकुंभ के दृष्टिगत जनपद अयोध्या, लखनऊ, मीरजापुर चित्रकूट एवं भदोही में सम्भावित श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु जनपदों को कुल 710.65 लाख रुपए की धनराशि आवंटित करने के प्रस्ताव को बैठक में मंजूरी प्रदान की गई। इस धनराशि से जनपदों में विद्युत सजावट, मार्ग प्रकाश, डार्क जोन में प्रकाश, वाल पेंटिंग, रंगाई पुताई, प्लेस मेकिंग, रैन बसेरा, अस्थाई चौकी व कंट्रोल रूम का निर्माण, पीए सिस्टम की व्यवस्था आदि कार्य कराए जाएंगे।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आज अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति कर रहा है- योगी

एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के निवासियों का सौभाग्य है कि उन्हें भारत की आध्यात्मिक विरासत को महाकुम्भ के माध्यम से प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले महाकुम्भ में भारत की प्राचीन सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि उनके मार्गदर्शन में भारत अपनी प्राचीन विरासत पर गर्व कर रहा है। मुख्यमंत्री एक मीडिया समूह द्वारा आयोजित 'डिवाइन उत्तर प्रदेश- द मस्ट विजिट सेक्रेड जर्नी' कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का परिचायक है। यह आयोजन देश और दुनिया के लोगों को अपनी प्राचीन परंपराओं पर गर्व करने और अपनी सांस्कृतिक जड़ों को समझने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल धार्मिक आस्था को प्रोत्साहित करना है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन भी प्रदान करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें संतों के सानिध्य में इस आयोजन को सफल और सुविधाजनक बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस बार का महाकुम्भ एक भव्य, दिव्य और डिजिटल आयोजन होगा। 10,000 एकड़ क्षेत्रफल में आयोजित यह महाकुम्भ स्वच्छता, सुरक्षा और आधुनिकता का आदर्श प्रस्तुत करेगा।

# भारत और मालदीव ने द्विपक्षीय वार्ता में 'व्यापक आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा साझेदारी' पर की चर्चा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में भारत की यात्रा पर आए मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। बैठक के दौरान रक्षा सहयोग को ?मजबूत करने से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की गई, जिससे मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बलों की क्षमता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। आज की चर्चा भारत-मालदीव संबंधों में नई ऊर्जा जोड़ेगी। ?रक्षा मंत्रियों की यह मुलाकात मालदीव के साथ चल रहे तनावों के बावजूद कूटनीतिक जुड़ाव का संकेत है।

मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून के साथ सार्थक वार्ता? में 'व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी' की दिशा में द्विपक्षीय




संबंधों को बढ़ाने की तत्परता की पुष्टि हुई। बैठक में रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ाना है। यह बातचीत दोनों देशों के बीच उन तनावपूर्ण संबंधों के बाद हुई है?, जब भारत ने मालदीव से अपने सैन्यकर्मियों को वापस बुला लिया था।? रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने द्विपक्षीय रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की व्यापक समीक्षा की। वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने भारत-मालदीव व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए संयुक्त दृष्टिकोण को साकार करने में मिलकर काम करने की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई।

बैठक के दौरान दोनों मंत्रियों ने मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बलों की क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ रक्षा उपकरणों की आपूर्ति के लिए प्रशिक्षण, नियमित अभ्यास, रक्षा परियोजनाओं, कार्यशालाओं और सेमिनारों सहित द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। मालदीव के रक्षा मंत्री मौमून ने मालदीव के लिए 'प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता' के रूप में भारत की ऐतिहासिक भूमिका की सराहना की। उन्होंने रक्षा और सुरक्षाकर्मियों के प्रशिक्षण और आधुनिक अवसंरचना क्षमताओं को बढ़ाने में माले की सहायता के लिए नई दिल्ली को धन्यवाद दिया। मालदीव सरकार के अनुरोध पर भारत ने मालदीव को रक्षा उपकरण और भंडार सौंपे। भारत और मालदीव आध्यात्मिक, ऐतिहासिक, भाषाई और जातीय संबंध साझा करते हैं। मालदीव भारत की 'पड़ोस पहले' नीति में एक विशेष स्थान रखता है?, जिसका उद्देश्य हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में स्थिरता और समृद्धि लाना है।

## गढ़चिरौली में 10 लाख रुपये की इनामी दो महिला नक्सलियों का पुलिस के समक्ष समर्पण

एजेंसी

**मुंबई।** गढ़चिरौली जिले में 10 लाख रुपये की इनामी दो महिला नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष समर्पण कर दिया है। महाराष्ट्र सरकार ने महिला नक्सली शामला जुरू पुडो उर्फ लीला पर आठ लाख रुपये और काजल मंगरू वड्डे उर्फ लिम्मी पर दो लाख रुपये का इनाम रखा था। पुलिस के अनुसार शामला 2002 में नक्सली दलम में शामिल हुई और 2010 से सेक्शन कमांडर के रूप में कार्यरत थी। उसके खिलाफ 45 मामले दर्ज हैं, जिनमें मुठभेड़ के 21 मामले, आगजनी के 6 मामले और 18 अन्य मामले शामिल हैं। महाराष्ट्र सरकार ने उस पर आठ लाख रुपये का इनाम रखा था। काजल 2018 से नक्सली आंदोलन के सदस्य के रूप में काम कर रही थी। उस पर मुठभेड़ के 4 मामले, आगजनी का 1 मामला और तीन अन्य मामले दर्ज हैं। समक्ष आत्मसमर्पण कर चुके हैं। 2025 के पहले सप्ताह में 13 माओवादी कैडरों ने अधिकारियों के



महाराष्ट्र सरकार ने उस पर दो लाख रुपये का इनाम रखा था। पुलिस बल की ओर से चलाये गए पुनर्वास अभियान के कारण अब तक 693 नक्सली गढ़चिरौली पुलिस बल के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने कहा कि इनमें से 11 वरिष्ठ नक्सलियों ने 1 जनवरी को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था।

## लोकसभा अध्यक्ष ने भारत-यूके के बीच संसदीय ज्ञान और अनुभवों के आदान-प्रदान पर दिया जोर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और यूके के बीच संसदीय सहयोग को मजबूत करने का आह्वान करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दोनों देशों के बीच संसदीय ज्ञान और अनुभवों के अधिकाधिक आदान-प्रदान पर जोर दिया। बिरला ने इस बात पर ज़ोर दिया कि दोनों देशों के युवा और महिला सांसदों को नियमित रूप से परस्पर संवाद करना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ने आज लंदन में यूके की संसद के हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर सर लिंडसे हॉयल के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने उल्लेख करते हुए कि भारत में संविधान को अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। बिरला ने कहा कि भारत का संविधान देश में परिवर्तनकारी सामाजिक-आर्थिक बदलाव का सूत्रधार रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वर्ष 2047 में आजादी के सौ वर्ष पूरे होने तक भारत विकसित देश बन जाएगा। बिरला ने कहा कि दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी संबंध ही दोनों देशों के घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों का आधार हैं। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच आपसी सौहार्द से दोनों देशों के संबंध और अधिक मजबूत और बहुआयामी हुए हैं। इस बात का उल्लेख करते हुए कि भारत और यूके के बीच व्यापार, प्रौद्योगिकी, विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंध मजबूत हुए हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने इस बात पर खुशी जताई कि इससे दोनों देशों के लोगों को लाभ हुआ है। बिरला ने कहा कि लोक सभा सचिवालय की प्रशिक्षण संस्था, प्राइड विश्व स्तरीय संसदीय प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्था के रूप में उभरी है।

## दिल्ली समेत उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों में कल के लिए घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में गुरुवार सुबह घना कोहरा छाने की संभावना है। भारत मौसम विभाग ने लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के वैज्ञानिक सोमा सेन ने कहा कि हाल ही में उत्तर भारत के ऊपर से एक पश्चिमी विक्षोभ गुजरा है। इसके प्रभाव से क्षेत्र में बारिश और हवा चली है। कुछ क्षेत्रों में घना कोहरा भी छाया जिससे तापमान के गिरवाट में कमी नहीं आई। उन्होंने बताया कि हवा की गति कम हो गई है, इसलिए आज सुबह की तुलना में



कल सुबह कोहरे की स्थिति बढ़ जाएगी। सोमा सेन ने बताया कि उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। गुरुवार से दक्षिण-पूर्वी हवा चलने से तापमान बढ़ना शुरू हो जाएगा। नमी बढ़ेगी। इससे न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने लगेगी। कोहरे की संभावना भी बढ़ जाएगी। गुरुवार को दिल्ली सहित पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है, इसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार ताजा पश्चिमी विक्षोभ और पूर्वी हवाओं के कारण 10-12 जनवरी से उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित हो सकते हैं। इसके कारण पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में हल्की एवं मध्यम से लेकर काफी व्यापक वर्षा, बर्फबारी की संभावना है और इसी अवधि के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों और आसपास के मध्य भारत में हल्की वर्षा की संभावना है। 11 जनवरी को हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर और 11 - 12 जनवरी को उत्तराखंड में गरज के साथ बारिश की संभावना है। 11 जनवरी को राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि की भी संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी और उससे सटे भूमध्यरेखीय हिंद महासागर पर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। एक अन्य चक्रवाती परिसंचरण उत्तरी तमिलनाडु और आसपास के क्षेत्रों पर बना हुआ है।



# कहां हो पूजा का स्थान

घर में पूजा के कमरे का स्थान सबसे महत्वपूर्ण होता है। यह वह जगह होती हैं, जहां से हम परमात्मा से सीधा संवाद कर सकते हैं। ऐसी जगह जहां मन को सर्वाधिक शांति और सुकून मिलता है। प्राचीन समय में अधिकांशतः पूजा का कमरा घर के अंदर नहीं बनाया जाता था।

घर के बाहर एक अलग स्थान देवता के लिए रखा जाता था जिसे परिवार का मंदिर कहा जाता था। दौर बदला और एकल परिवार का चलन बढ़ा, इसलिए पूजा का कमरा घर के भीतर ही बनाया जाने लगा है। अतएव वास्तु अनुसार पूजा घर का स्थान नियोजन और सजावट की जाए तो सकारात्मक ऊर्जा अवश्य प्रवाहित होती है।

स्थान पूजा का कमरा घर के उत्तर पूर्व कोने में बनाने से शांति सुकून, स्वास्थ्य, धन और प्रसन्नता मिलती है। पूर्व या उत्तर दिशा में भी पूजा स्थल बना सकते हैं। पूजाघर के ऊपर या नीचे की मंजिल पर शौचालय या रसोई घर नहीं होना चाहिए, न ही इनसे सटा हुआ । सीढ़ियों के नीचे पूजा का कमरा कदाचित नहीं बनवाना चाहिए। यह हमेशा ग्राउंड फ्लोर पर होना चाहिए, तहखाने में नहीं। पूजा का कमरा खुला और बड़ा बनवाना चाहिए।

**मूर्तियां**- कम वजन की तस्वीरें और मूर्तियां ही पूजाघर में रखनी चाहिए। इनकी दिशा पूर्व, पश्चिम, उत्तरमुखी हो सकती है, दक्षिण मुखी नहीं। भगवान का चेहरा किसी भी वस्तु से ढंका नहीं होना चाहिए, फूल और माला से भी नहीं ढका होना चाहिए। इन्हें दीवार से एक इंच दुर रखना चाहिए, एक दूसरे के सम्मुख नहीं। इनके साथ अपने पूर्वजों की तस्वीर नहीं रखनी चाहिए। खंडित मूर्तियां पूजाघर के अंदर कभी नहीं रखना चाहिए। अगर कोई मूर्ति खंडित हो जाए तो उसे तुरन्त प्रवाहित करा देना चाहिए।

**दीपक**- दीया पूजा की थाली में, भगवान के सामने रखा होना चाहिए। यह दरवाजे में रखा होना चाहिए, ऊँची जगह या प्लेटफार्म पर नहीं। दीपक में दो जली हुई बत्तियां होनी चाहिए। एक पूर्व और दूसरी पश्चिम मुखी।

**दरवाजा**- दरवाजा या खिड़की उत्तर या पूर्व में होना चाहिए। यह टीन या लौहे का नहीं होना चाहिए। यह दीवार के बीचोबीच स्थित होना चाहिए। अलमारी, टांड या कैबिनेट की ऊँचाई मूर्तियों के स्थान की ऊँचाई से अधिक नहीं होना चाहिए।



**अन्य**- धूप, अगरबत्ती या हवन कुंड पूजाघर के दक्षिण-पूर्व कोण में रखने चाहिए। सौंदर्य प्रसाधन की या कोई भी अन्य वस्तु यहां नहीं रखनी चाहिए। पूर्व दिशा की और मुख करके पूजा करनी चाहिए, दक्षिण दिशा की और मुख करके पूजा नहीं करनी चाहिए। पूजा स्थल के ऊपर भारी सामान नहीं रखना चाहिए। धन या गहने पूजाघर में नहीं रखना चाहिए।

## यज्ञ-देवताओं को दी जाती है आहुति

हवन यज्ञ का छोटा रूप है। किसी भी पूजा अथवा जप आदि के बाद अग्नि में दी जाने वाली आहुति की प्रयिा हवन के रूप में प्रचलित है। यज्ञ किसी खास उद्देश्य से देवता विशेष को दी जाने वाली आहुति है। इसमें देवता, आहुति, वेदमंत्र, ऋत्विक, दक्षिणा अनिवार्य रूप से होते हैं।

**प्रमुख यज्ञ-**

**पुत्रेष्ठि**- पुत्र प्राप्ति की कामना से। महाराज दशरथ ने यही यज्ञ किया था, परिणामस्वरूप श्रीराम सहित चार पुत्र जन्मे।

**अश्वमेघ**- जो सौ बार यह यज्ञ कर लेता है उसे इंद्र पद की प्राप्ति हो जाती है।

**राजसूर्य**- राजा द्वारा किया जाता है। अपनी कीर्ति और राय की सीमाएं बढ़ाने के लिए। युधिष्ठिर ने यह यज्ञ किया था।

**विश्वजीत**- विश्व को जीतने के उद्देश्य से विश्वजीत यज्ञ किया जाता है। साथ ही इस यज्ञ से सभी कामनाएं पूरी करता है। राम के पूर्वज महाराज रघु ने विश्वजीत यज्ञ किया था।

**सोमयज्ञ**- सभी के कल्याण की कामना से सोमयज्ञ किया जाता है। आज के युग में सोमयज्ञ सर्वाधिक किए जाते हैं। इनके अलावा आजकल विष्णु यज्ञ, शतचंडी यज्ञ, रूद्र यज्ञ, गणेश यज्ञ आदि किए जाते हैं। ये सभी परंपरा में हैं।

## ऐसी देव पूजा में जरूरी नहीं मंत्र या मंदिर, फिर भी मिलती है सिद्धि!



ईश्वर में विश्वास करने वाले देव पूजा के लिये देवालय जाते हैं। वहां देव उपासना के लिये मंत्र स्मरण या स्तुति पाठ भी करते हैं। अनेक लोग ऐसे हैं जो ईश्वर में विश्वास नहीं करते, जिनको नास्तिक भी कहा जाता है। वहीं, ईश्वर में विश्वास करने वाले कुछ लोग व्यस्तता के चलते देव आराधना का समय निकाल नहीं पाते।

ईश्वर उपासना से दूर रहने वाले ऐसे लोगों के लिये ही यहां बताया जा रहा है एक ऐसा व्यावहारिक सूत्र, जिसके लिये अगर आप देव उपासना के लिये कोई मंत्र न बोलें या मंदिर न भी जा पाएं, फिर भी देव पूजा का सुख और फल पाया जा सकता है।

हिन्दू धर्मग्रंथ गीता में लिखा है कि -

स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति मानवः

जिसका सरल अर्थ है यही है कि स्वाभाविक कामों के रूप में भगवान की उपासना करते हुए मनुष्य सिद्ध बन सकता है।

संकेत यही है कि व्यावहारिक जीवन में अहं या मोह के कारण इंसान अनेक गलतियां करते हुए गलत बातों और व्यवहार के कारण दोष का भागी ही नहीं बनता, बल्कि अच्छे संग और देव स्मरण से भी दूर होता है। इसलिए इंसान सुख पाने के लिये अगर देव स्मरण न भी करें, पर अहंकार और मोह को छोड़कर अपने कर्तव्यों को पूरा करता चले तो यह भी भगवान की पूजा ही मानी गई है। दायित्वों को पूरा करना ही सफलता, तरक्की और प्रतिष्ठा देने वाला साबित होता है। सार यही है कि कर्म को ही पूजा मानकर चलने वाले व्यक्ति पर भगवान भी मेहरबान रहते हैं।

### कैसे रखें बृहस्पतिवार व्रत

बृहस्पतिवार का व्रत करना गुरु को बढ़ाने का सर्वोत्तम उपाय है, इस दिन व्रत करने के बाद बृहस्पति-भगवान की पूजा पाठ और केले के पेड़ में चने की दाल और गुड़ चढ़ाना चाहिए, इस प्रकार का व्रत करने से महिला जातक को मनवांछित वर प्राप्त करने और पुत्र के प्राप्त करने में गुरु दोषों का अन्त हो जाता है, केवल एक बार ही खाना खाया जाता है और खाने में पीला भोजन बिना नमक के सूर्यास्त से पहले लिया जाता है, पीली रोटी बनाकर उसे घी से चुपड़ कर खाना चाहिए, भूल कर भी चन्द्र के रूप में दूध और शुक्र के रूप में शर्बत या जूस या दही आदि का प्रयोग नही करना चाहिए, केले भी नहां खाने चाहिए।

## अच्छी बुरी शक्तियों के बाद में पता चलते हैं परिणाम

मनुष्य के अंदर अच्छे-बुरे प्रभाव करवाने वाली शक्तियां, उस समय करवा जाती है और उसके परिणाम बाद में पता लगता है। यदि किसी मनुष्य को यह पता लग जाए कि बीमारी की अवस्था में यह भोजन नुकसान करता है तो चाहे वह भोजन कितना ही अच्छा, स्वादिष्ट एवं उसकी रुचि का हो, फिर भी बीमारी से बचने के लिए वह उस मनपसंद भोजन को त्याग ही देगा यदि। पता लगने के बाद भी वह छोड़ने की हिम्मत करेगा। तभी उस स्वादिष्ट भोजन को त्याग सकेगा। जैसे किसी ने आपको बता दिया कि आपको मधुमेह का रोग है इसमें मीठा खाना हानिकारक है अर्थात उचित नहीं है। ऐसा बीमारी का पता लगने के बाद भी यदि आपने मीठा खा ही लिया। ऐसी अवस्था में वह मीठा खाने की सुख की आदत आपको विवश करके मीठा खिला ही गयी तो खाने के बाद आपको दुखी भी होना ही पड़ेगा। इसी तरह मनुष्य अपने मन अहंकार में आकर जैसा नहीं बोलना चाहिए वैसा दूसरों से बोल जाता है। ऐसा बोलने से दुसरे वैरी बनते हैं और उस वैरी से उसको अपने अंदर शंका तथा भय बना रहता है कि कहीं वह मेरा ज्यादा नुकसान तो नहीं कर देगा आदि। ऐसा होने पर उसको रात्रि के समय नींद भी सुखपूर्वक नहीं आएगी और उसी वैरी की सोच में पड़ा-पड़ा दुखी होता रहेगा। ऐसी बंधन की अवस्था में उसको आत्मा या परमात्मा की कोई समझ नहीं पड़ती कि आत्मा तथा परमात्मा क्या है? सबके अंदर वहीं ज्ञानरूप चेतन परमात्मा चला रहा है। शरीर के कार्य भी वहीं कर रहा है अर्थात पशु, पक्षी, पेड़, पौधे और जितने भी मनुष्य हैं सबके अंदर देह के कार्य वहीं कर रहा है। नींद में भी वही श्वास को खींचता तथा छोड़ता है और हमारे अंदर अन्न को हजम करता है। यह व्यापक चेतन शक्ति सबमें समानरूप से है। परंतु समानरूप से होती हुई ऐसी छिपी हुई बैठी है कि किसी को इसका अनुभव नहीं होता। इसका अपना अनुभव आनंद रूप है। इस चेतन शक्ति का पता नहीं लगने का नाम ही अविद्या है। इस अविद्या का ही उसके ऊपर पर्दा पड़ा हुआ है जो उस ज्ञानरूप चेतन शक्ति का बोध नहीं होने देता।

## प्रभु सर्वसमर्थ एवं सर्वान्तर्यामी है



कभी कभी व्यक्ति से जाने अनजाने कुत्सित कर्म भी हो जाते है, जिसका अनुभव उसे बाद में होता है। पापकर्म का सर्वप्रथम प्रायश्चित पश्चाताप है,कारण पश्चाताप होने पर वह व्यक्ति उन पापों के निराकरण करनें के लिये प्रयासरत हो जाता है । वैसे भी हमारे शास्त्रों में लिखा है कि अपने किये हुए अच्छे तथा बूरे सभी कर्मो का फल किसी न किसी रूप में जीव को भोगना ही पडता है,परंतु पश्चाताप होने पर उसके द्वारा प्रायश्चितरूप में भगवद्भजन,आराधना और प्रार्थना करने पर वे कर्मो के फल बहुत हलके हो जाते है। भगवान उसे भुगता भी देते है और भोगनेवाले को विशेष कष्ट ाी अनुभूति भी नहीं होती । भजन का यह भी प्रभाव हैकि वह भवितव्यता को भी शिथिल कर देंता है। बिषयरूपी सांप का जहर उतारने के लिये भगवन्नाम मंत्र और महामणि है । ये ललाट पर लिखे हुए कठिनता से मिटानेवाले बुरे लेखों को मिटा देनेवाले है । परमात्मप्रभु सर्वसमर्थ एवं सर्वान्तर्यामी है। इसके साथ ही करूणानिधान भी है। इसलिये भगवान के भजन तथा प्रार्थना से पूर्व में किये गये पापों का निवारण भी संभव है । इसकी विशेष चिंता न करके अनन्य भाव से भगवान के भजन में सलंग्न हो जाना चाहिये तथा प्रतिदिन कुछ क्षणों का समय निकालकर एकान्त में आर्तभाव से प्रार्थना के रूप में प्रभु से अपने मन की बात कहनी चाहिए । प्रभु कहते है कि यदि कोई अतिशय दुराचारी भी अनन्यभाव से मेंरा भक्त होकर मुझे भजता है तो वह साधु ही मानने योग्य है क्योकि वह यथार्थ निश्चयवाला है अर्थात उसने भलीभांति निश्चय कर लिया है कि परमेश्वर के भजन के समान अन्य कुछ भी नही है।

## मन अनमोल है, ऐसे रखें इसका खयाल...

हमारे मन में हर पल सैंकड़ों विचार चलते रहते हैं। कारण मन अस्थिर है। इसकी गति ध्वनि व प्रकाश से भी तेज है। मन में जो अच्छे विचार होते हैं वे मानसिक पर्यावरण को सकारात्मक (पॉजीटिव) करते हैं तो बुरे विचार नकारात्मक (निगेटिव) बनाते हैं। ये ही बुरे विचार मानसिक प्रदूषण भी बढ़ाते हैं। आपने बुरा करने का सोचा तभी आपके मन में प्रदूषण आ गया। आप प्रदूषित हो गए। जब मन प्रदूषित होता है तो जीवन की पूरी व्यवस्था चरमरा जाती है।

किनसे है खतरा-साधारण रूप से यदि हम मानसिक प्रदूषण के बारे में सोचें तो व्यसन यानि बुरी आदतें, मोह तथा अधर्म मानसिक प्रदूषण के कारण हैं। लोभ और अहंकार भी मानसिक प्रदूषण फैलाते हैं। इस प्रदूषण से हमारे विचार और व्यवहार प्रभावित होते हैं और इसका असर हमारे सामाजिक व्यक्तित्व पर दिखाई देता है।

कैसा असर-मानसिक प्रदूषण के कारण बदले की भावना, घृणा, क्रूरता, हिंसा, व्याभिचार पैदा होता है। आज के दौर में पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव टीवी और फिल्मों के माध्यम से आम जनजीवन में फैल रहा है। इस कारण समाज में कई बुराइयां आ रही हैं। धर्म, संस्कृति और सभ्यता के प्रति हमारा नजरिया बदल रहा है। भौतिक सुख, संपन्नता के लिए नैतिकता, मानवता और चरित्र को गिराने से भी मनुष्य नहीं चूक रहा। नतीजा है कि आज चारों तरफ बदहवासी, भय, आतंक और अराजकता का माहौल है। जीवन गहरे तक नकारात्मकता (निगेटिवनेस) से भर गया है। आधुनिक समाज लगातार अहंकार और आपसी खींचतान के कारण मेल-मिलाप से दूर हो रहा है। एक-दूसरे के प्रति प्रेम, सद्भाव और संवेदनशीलता घटती जा रही है। इसका खामियाजा समाज से पहले व्यक्ति भुगतता है क्योंकि समाज तो व्यक्तियों का ही समूह है।

कैसे बचें-कहते हैं हम सुधरेंगे, जग सुधरेगा। हम बदलेंगे, जग बदलेगा। हम समाज की बुराइयों और सामाजिक प्रदूषण पर बात करते हैं लेकिन अपने मानसिक प्रदूषण को दूर करने में चूक जाते हैं। सच तो यह है हमें ख्याल भी नहीं आता कि हमारे बुरे विचारों से हमारा मन प्रदूषित हो रहा है। सबसे पहले इसका एहसास करें फिर अच्छे, सकारात्मक विचारों को आमंत्रित करें और सबसे बड़ा नकारात्मक विचारों को अपने मन से दूर करें।

## भगवान की इच्छा में अपनी इच्छा माने

साधक के मन में इस बात का भारी उत्साह एवं चाव होना चाहिए कि हम केवल भगवान की अनन्य शरण में ही रहे। इससे ज्यादा हमारा सौभाग्य और क्या हो सकता है कि हमारे जीवन में वही हो जो भगवान चाहते है। इससे हमारा परम कल्याण निश्चित है। यहां पर एक बात और ध्यान देने की है कि अगर हम न चाहे तो भी होगा वहीं जो भगवान चाहते है। हम अपनी पूरी क्षमता, साधन, योग्यता की उपयोग करके भी भगवान के इच्छा अनुरूप होने वाली घटना, परिस्थिति को रोक नहीं सकते, उसमें परिवर्तन नहीं कर सकते। भगवान की इच्छा एवं विधान में बाधा उत्पन्न करने से हमारा कल्याण नहीं होगा अपितु पतन ही होगा। अतः हमरा परम कल्याण इसी में है कि हम भगवान की इच्छा में अपनी इच्छा मिलाकर उनके विधान के अनुसार होने वाले को निर्वाध होने दे, उसको बदलने की मांग भगवान से न करें। सांसारिक परिस्थितियों का तो महत्व ही क्या है? पल-पल में परिवर्तन होने वाली इन परिस्थितियों की कामना में फँसकर हम अपने अनंत जन्म बिगाड़ते आये है। अतः कम से कम इस जन्म में तो भगवान की इच्छा में अपनी इच्छा मिलाकर इसका परम प्रभाव देख ले। दृढ़ निश्चिय कर लेना चाहिए कि मारजाना स्वीकार है किंतु कोई कामना कर अपनी भक्ति में कलंक नहीं लगायेंगे। अपने आपको भगवान के श्रीचरणों में पूरी तरह समर्पित कर देना चाहिए। हम केवल भगवान के ही है, अतः अपने ऊपर केवल भगवान का ही निरंकुश अधिकार मानना चाहिए। अपनी वस्तु को भगवान चाहे जैसे रखे इसमें हमें क्यों आपत्ति होनी चाहिए? निश्चय ही ये भावोर्मियां साधना की बहुत ऊंची स्थिति की सूचक है, किंतु इनको आदर्श मानकर तदनुसार जीवन बनाने की चेष्टा करने से साधक भगवान की कृपा से बहुत शीघ्र भारी आध्यात्मिक लाभ उठा सकते है और भगवान का प्रेम प्राप्त कर सकता है। भगवान का आश्रय लेकर प्रयत्न करने से कुछ भी कठिन या असंभव नहीं है।

## पीसीबी ने न्यूजीलैंड और द अफ्रीका त्रिकोणीय श्रृंखला कराची और लाहौर स्थानांतरित की

**एजेंसी**

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आठ फरवरी से मुल्तान में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाली चार मैचों की एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम और कराची के नेशनल स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया है।बोर्ड ने जारी एक बयान में कहा, गद्दाफी स्टेडियम और नेशनल बैंक स्टेडियम में तैयारियों के अग्रिम चरण को देखते हुए पीसीबी ने आगामी त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला को इन दो स्थानों पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। पाकिस्तान के साथ न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाली यह श्रृंखला मूल रूप से मुल्तान में आयोजित होने वाली थी। पीसीबी ने कहा कि गद्दाफी स्टेडियम का उद्घाटन जनवरी के आखिरी सप्ताह में किया जाएगा। बोर्ड ने कहा है कि सभी उन्नयन कार्य तय समय सीमा से पहले या उसके आसपास पूरे हो जाएंगे।

## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 113 रनों से हराया

**हैमिल्टन।** रचिन रविंद्र (79), मार्क चैपमैन (62) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने वर्षा बाधित मैच दिन-रात्रि एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका को 113 रनों हरा दिया है। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। न्यूजीलैंड के 255 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 22 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिये। पथुम निसंका (एक), कुसल मेंडिस (दो), अविष्का फर्नांडो (10) और कप्तान चरित असलंका (चार) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जनित लियानगे ने कामिंदु मेंडिस के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। 17वें ओवर में नेथन स्मिथ ने जनित लियानगे (22) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 25वें ओवर में चामिंदु विक्रमसिंघे (17) रनआउट हुये। वानिंदु हसरंगा (एक), महीश तीक्षणा (छह) और एहसान मलिंगा (चार) रन बनाकर आउट हुये। कामिंदु मेंडिस ने श्रीलंका के लिए सर्वाधिक (64) रनों की पारी खेली। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका की पूरी टीम 30.2 ओवर में 142 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र को उनकी 79 रनों की बेहतरीन पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओरूर्क ने तीन, जेकब डफी ने दो विकेट लिये। मैट हेनरी, नेथन स्मिथ और मिचेल सैंटनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट में खेलेंगे प्रसिद्ध,अभिमन्यु और पड़िक्कल

**नयी दिल्ली।** भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा रहे देवदत्त पड़िक्कल, प्रसिद्ध कृष्णा और अभिमन्यु ईश्वरन विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट चरण में तथा वॉशिंगटन सुंदर सेमीफाइनल से तमिलनाडु की टीम से खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। पड़िक्कल और प्रसिद्ध सिडनी से भारतीय टीम के साथ प्रस्थान करेंगे लेकिन अभिमन्यु को एक दिन पहले ही भारत आने की अनुमति मिल गई थी। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल ने उनकी उड़ान का टिकट एक दिन पहले ही बुक कर दिया था। वह ऑस्ट्रेलिया से पहले सिंगापुर और फिर अहमदाबाद आएंगे, इसके बाद वह बड़ौदा आकर अपनी टीम के साथ जुड़ेंगे। अभिमन्यु के लिए ऐसा पहली बार होगा कि वह दो महीनों के बाद किसी मैच का हिस्सा बनेंगे। उन्हें ऑस्ट्रेलिया में किसी भी टेस्ट मैच में खेलने का अवसर नहीं मिला। केएल राहुल ने ब्रेक का अनुरोध किया है। प्री-क्वार्टरफाइनल में बंगाल का मुकाबला हरियाणा के साथ है। अभिमन्यु आज टीम के साथ अभ्यास भी करेंगे। बंगाल की टीम के एक और सदस्य आकाशदीप पीठ में लगी हल्की चोट के कारण विजय हजारे ट्रॉफी में नहीं खेल रहे हैं। इसी चोट के कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम टेस्ट का हिस्सा नहीं ले पाये थे। स्वदेश लौटने के बाद वह सीधे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बेंगलुरू जाएंगे। बड़ौदा के खिलाफ क्वार्टरफाइनल मैच से पहले प्रसिद्ध और पड़िक्कल के 10 जनवरी तक कर्नाटक टीम में शामिल होने की उम्मीद है। पड़िक्कल पर्थ में भारत की 295 रन की जीत में टीम का हिस्सा थे, लेकिन रोहित शर्मा की टीम में वापसी के बाद उन्हें किसी भी टेस्ट में खेलने का मौका नहीं मिला।

## प्रदेश स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता 18 जनवरी से

**लखनऊ।** प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 18 जनवरी से होगा। स्व. मोहन पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, गणेशरा, मथुरा में होने वाली यह प्रतियोगिता 20 जनवरी तक चलेगी। इसके लिए मंडल स्तर पर तैयारियां शुरू हो गयी हैं। इसके लिए लखनऊ में जिला स्तर पर चयन प्रक्रिया 13 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में होगी। इस संबंध में क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता मैट पर होगी। खिलाड़ियों को मैट शूट लाना अनिवार्य है। इसके साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाली महिला खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड भी साथ लाना अनिवार्य है। इस प्रतियोगिता के लिए महिला खिलाड़ियों का वजन 75 किलो या उससे कम होना चाहिए। जिला स्तरीय महिला खिलाड़ियों के चयन के बाद उसी दिन अपराह्न दो बजे से मंडल स्तरीय चयन प्रतियोगिता भी के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में ही होनी है। इसमें जो खिलाड़ी चयनित होंगी।

# श्रीलंका टेस्ट दौरे के लिए कोनोली, मैकस्वीनी, कुहनेमन ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल

**एजेंसी**

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका टेस्ट दौरे के लिए गुरुवार को टीम की घोषणा कर दी है। कूपर कोनोली को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है और नाथन मैकस्वीनी की वापसी हुई है, सैम कोनस्टास और ब्यू वेबस्टर को भी अपने करियर की शानदार शुरुआत के बाद टीम में शामिल किया गया है।

बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमैन और ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी नाथन लियोन के साथ मिलकर तीन मुख्य स्पिनरों की भूमिका निभाएंगे। गॉल में परिस्थितियां अनुकूल होने की उम्मीद है, जहां दोनों टेस्ट मैच खेले जाएंगे। हालांकि, मिशेल मार्श का टेस्ट करियर अब काफी संदेह में है, क्योंकि भारत के खिलाफ अंतिम टेस्ट के लिए उन्हें बाहर किए जाने के बाद उन्हें श्रीलंका दौरे से बाहर कर दिया गया है।

पैट कमिंस की अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी स्टीवन स्मिथ करेंगे, जो पितृत्व अवकाश पर हैं और



टखने की चोट से उबर रहे हैं। जोश हेजलवुड को भी चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बाहर रखा गया है, क्योंकि उनकी भारत श्रृंखला कॉल्फ चोट के कारण बीच में ही समाप्त हो गई थी।

चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के हवाले से कहा, श्रीलंका दौरा करने के लिए एक चुनौतीपूर्ण और रोमांचक जगह है, क्योंकि खिलाड़ियों को अलग-अलग परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। यह टीम प्रत्येक मैच में किस तरह के विकेट का सामना कर सकती है, इसके आधार पर एकादश को संरचित करने के कई तरीके प्रदान करती है। हम उन टीम के सदस्यों के लिए आगे के अवसर को लेकर उत्साहित हैं जो अपने टेस्ट करियर की शुरुआत में हैं और उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में अपने खेल को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे, जहाँ आने वाले वर्षों में हमारे पास कई महत्वपूर्ण दौरे हैं।

मैकस्वीनी को भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के बाद टीम से बाहर कर दिया गया था। 21 वर्षीय वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिनर कोनोली दो टेस्ट के लिए टीम में एक और ऑलराउंड विकल्प प्रदान करते हैं।

**श्रीलंका टेस्ट दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है-**

स्टीवन स्मिथ, सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कूपर कोनोली, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, नाथन मैकस्वीनी, टॉड मर्फी, मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर।

# हंगरी की तैराक 'आयरन लेडी' कैटिंका होस्जु ने की संन्यास की घोषणा

**एजेंसी**

**बुडापेस्ट।** आयरन लेडी के नाम से मशहूर हंगरी की तैराक कैटिंका होस्जू ने प्रतिस्पर्धी तैराकी से संन्यास की घोषणा की। सोशल



मीडिया पर एक भावपूर्ण संदेश में, 35 वर्षीय तैराक ने उन सभी का आभार व्यक्त किया जिन्होंने उनका समर्थन किया और खेल द्वारा प्रदान की गई परिवर्तनकारी यात्रा पर विचार किया। उन्होंने कहा, अब, जब मैं अपने करियर पर नज़र डालती हूँ, तो मुझे बहुत संतुष्टि का एहसास होता है। पदक और रिकॉर्ड मूल्यवान हैं, लेकिन जो चीज़ मेरे साथ सबसे ज़्यादा जुड़ी हुई है, वह है तैराकी के प्रति मेरा शाश्वत प्रेम। होस्जू की उपलब्धियों की सूची असाधारण है। वह तीन बार की ओलंपिक चैंपियन हैं, जिन्होंने 200 मीटर और 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में स्वर्ण पदक जीता है, साथ ही 2016 रियो ओलंपिक में 100 मीटर बैकस्ट्रोक में भी स्वर्ण पदक जीता है। अपने करियर के दौरान, उन्होंने 97 पदक जीते और 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले विश्व रिकॉर्ड 2:06.12 के साथ पूल से बाहर निकलीं, जिससे खेल की सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई।

# खेल मंत्री मंडाविया ने मिशन ओलंपिक सेल की बैठक में हितधारकों से अधिकतम योगदान देने का किया आग्रह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने यहां ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में मिशन ओलंपिक सेल की बैठक बुलाते हुए सभी हितधारकों से खेलों में देश को आगे ले जाने के लिए अपना योगदान देने का आह्वान किया। मंडाविया ने 2028 में लॉस एंजिल्स खेलों की तैयारी की योजनाओं पर केंद्रित बैठक में कहा, भारत का खेल बुनियादी ढांचा और वित्त पोषण वैश्विक स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले देशों के बराबर है। ओलंपिक में पदक जीतना एक साल या छह महीने का काम नहीं है। इसके लिए पहले से अच्छी तैयारी की आवश्यकता होती है। बैठक में गगन नारंग, पुलेला गोपीचंद, वीरेन रसकिन्हा, अपर्णा पोपट, डॉ. सत्यपाल सिंह, प्रशांति सिंह, गायत्री मडकेकर, कमलेश मेहता, साइरस पोंचा, दीप्ति बोपैया, सिद्धार्थ शंकर, मनीषा मल्होत्रा, गौतम वढेरा, प्रेम लोचब सहित कई लोग शामिल हुए। बैठक में देश भर के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और प्रशासकों के साथ-साथ खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई)



के अधिकारी भी अपने विचार रखने के लिए एकत्रित हुए। खेल मंत्रालय की सचिव सुजाता चतुर्वेदी ने नवगठित मिशन ओलंपिक सेल के सदस्यों और टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के नवनियुक्त सीईओ नछत्तर सिंह जोहल का परिचय कराया।

खेल मंत्री ने राष्ट्रीय खेल महासंघों, राज्य सरकारों, कॉरपोरेट घरानों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और गैर-सरकारी संगठनों के सम्मिलित प्रयासों से देश में खेल पारिस्थितिकी तंत्र को बेहतर बनाने के लिए 360 डिग्री दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की पुष्टि की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मार्टिन गुप्टिल ने आधिकारिक तौर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की पुष्टि कर दी है। उन्होंने आखिरी बार अक्टूबर 2022 में न्यूजीलैंड के लिए खेला था। हालांकि 38 वर्षीय गुप्टिल दुनिया भर की टी20 लीगों में खेलना जारी रखेंगे। उन्होंने आखिरी बार 2022 में ब्लैक कैप्स के लिए खेला था।

गुप्टिल वर्तमान में न्यूजीलैंड की घरेलू टी20 प्रतियोगिता सुपर स्मैश में ऑकलैंड के लिए खेल रहे हैं, और उन्होंने पीएसएल ड्राफ्ट के लिए भी साइन अप किया है, जहां इस्लामाबाद यूनाइटेड के पास उन्हें बनाए रखने का विकल्प है।गुप्टिल ने 198 एकदिवसीय मैचों में 7346 रन बनाकर न्यूजीलैंड के लिए सफेद गेंद के महान खिलाड़ी के रूप में अंतरराष्ट्रीय मंच छोड़ा। केवल रॉस टेलर (8607) और स्टीफन फ्लेमिंग (8007) ने ब्लैक कैप्स के लिए प्रारूप में उनसे अधिक रन बनाए हैं। टी20 क्रिकेट में, वह अब भी न्यूजीलैंड के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 122 मैचों में 31.81 के औसत और 135.70 के



स्ट्राइक रेट से 3531 रन बनाए हैं। गुप्टिल ने 2009 से 2016 तक 47 टेस्ट भी खेले, हालांकि उन्हें सबसे लंबे प्रारूप में उतनी सफलता नहीं मिली, उन्होंने 29.38 की औसत से 2586 रन बनाए।

अपने संन्यास की घोषणा के साथ गुप्टिल ने कहा, एक छोटे बच्चे के रूप में न्यूजीलैंड के लिए खेलना हमेशा मेरा सपना था और मैं अपने देश के लिए 367 खेल खेलने के लिए अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली और गौरवान्वित महसूस करता हूं। मैं लोगों के एक महान समूह के साथ सिल्वर फर्न पहनकर बनाई गई यादों को हमेशा संजोकर रखूंगा।

मैं वर्षों से अपने सभी टीम-साथियों और कोचिंग स्टाफ को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं, विशेष रूप से मार्क ओ'डोनेल को, जिन्होंने तब से मुझे प्रशिक्षित किया है। अंडर 19 स्तर और मेरे करियर में निरंतर समर्थन और ज्ञान का स्रोत रहा हूं। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के एक बयान में गुप्टिल ने कहा, वो दुनिया भर की विभिन्न टी20 लीगों में खेलना जारी रखेंगे।

# शमी के वापसी की उम्मीदें बढ़ीं, आकाशदीप एक महीने के लिए बाहर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज और संभावित रूप से चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में वापसी करने की उम्मीद है। नवंबर 2023 में विश्व कप फाइनल के बाद से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज ने हाल ही में सफेद गेंद क्रिकेट खेलना फिर से शुरू किया है और उनके भारतीय टीम के लिए उपलब्ध होने की संभावना है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार, एनसीए की मेडिकल टीम शमी की बारीकी से निगरानी कर रही है, जिनकी दाहिनी एड़ी की सर्जरी हुई है। एड़ी ठीक हो गई है, लेकिन उनके घुटने में हल्की सूजन है, जिसके कारण उन्हें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद के चरणों के लिए विचार से बाहर कर



दिया गया है। हाल ही में, शमी ने बंगाल के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कुछ खेलों में भाग लिया है और गुरुवार को बड़ौदा में हरियाणा के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल में फिर से खेलने के लिए तैयार हैं।

जैसा कि बीसीसीआई ने कहा है, शमी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की मेडिकल टीम की निगरानी में हैं, और वह जहां भी जाते हैं, उनके साथ कम से कम एक एनसीए फिजियो या ट्रेनर रहता है। राजकोट में कुछ फिजियो या ट्रेनर थे, जहां शमी ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में खेला था और हाल ही में, हैदराबाद में शमी और हार्दिक पांड्या दोनों की देखरेख करते हुए एक एनसीए फिजियो को देखा गया था। चयन समिति के सदस्य शमी के प्रदर्शन का बारीकी से आकलन करने के लिए बड़ौदा में विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट मैचों में भाग लेने की संभावना है। शुरुआती संकेत बताते हैं कि उनकी गेंदबाजी पर कोई असर नहीं पड़ा है और वह काफी हद तक परेशानी मुक्त हैं। जबकि उनके वापस बुलाए जाने के लिए एनसीए की मंजूरी अनिवार्य है।

इस बीच, तेज गेंदबाज आकाश दीप के इंग्लैंड के खिलाफ आगामी सफेद गेंद की सीरीज में खेलने की संभावना नहीं है, साथ ही उनके कुछ मौजूदा भारतीय साथी भी इसमें शामिल नहीं होंगे। ऐसा माना जा रहा है कि पीठ दर्द के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट से चूकने वाले आकाश दीप कम से कम एक महीने तक मैदान से बाहर रहेंगे। भारत लौटने पर, उन्हें बेंगलुरु में एनसीए या नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिपोर्ट करना है।

# गेंदबाजों की टेस्ट रैंकिंग में बुमराह नंबर एक पर बरकरार, स्कॉट बोलेंड ने लगाई 29 स्थान की छलांग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पिछला सप्ताह टेस्ट क्रिकेट से भरपूर रहा, जिसमें तीन श्रृंखलाएं संपन्न हुईं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी, दक्षिण अफ्रीका की पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला और जिम्बाब्वे की अफगानिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला शामिल हैं। तीनों श्रृंखलाओं के आखिरी मैच में दमदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा जारी ताजा टेस्ट रैंकिंग में फायदा हुआ है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पुरुष खिलाड़ियों की ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी की है। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में टॉप पर बने हुए हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने 29 स्थान की लंबी छलांग लगाकर टॉप 10 में जगह बना ली है। बुमराह ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेली गई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा 32 विकेट झटके थे। वे 908 रेटिंग अंक के साथ नंबर 1 टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं। बुमराह के अलावा अनुभवी स्पिनर रवींद्र जडेजा टॉप 10 में रहने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं। जडेजा 745 रेटिंग अंक के साथ 9वें स्थान पर हैं।

# रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग: त्सेवांग चुसकित के पांच गोलों के शानदार प्रदर्शन से चांगला लामोस सेमीफाइनल में

**एजेंसी**

**लेह।** त्सेवांग चुसकित के अद्भुत पांच गोलों ने चांगला लामोस को हमस क्वीन्स पर 6-0 से जीत दिलाई, और उन्हें रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन-2 के महिला श्रेणी के सेमीफाइनल में जगह दिलवायी। पुरुषों श्रेणी में, पुरीग वारियर्स ने अपनी शानदार दौड़ जारी रखते हुए ज़ांस्कर चादर टैमर्स को 4-2 से हराकर इस सीजन में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। युनाइटेड नुबरा और शिकतन रॉयल्स के बीच एक रोमांचक 2-2 का ड्रॉ रहा। दिन का अंत एक और रोमांचक ड्रॉ के साथ हुआ, जब गत विजेता कांग सिंग्स और हमस वारियर्स 2-2 से बराबरी पर रहे। रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन 2 का आयोजन लद्दाख प्रशासन और लद्दाख आइस हॉकी संघ के सहयोग से नवांग डोरजे स्टोबडन (एनडीएस) स्टेडियम, लेह में किया जा रहा है।रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन 2 के 5वें दिन की शुरुआत युनाइटेड नुबरा और शिकतन रॉयल्स के बीच एक रोमांचक मुकाबले से हुई, जहाँ दोनों टीमें इस सीजन में अपनी पहली जीत की तलाश में थीं। पहले पीरियड में दोनों टीमों ने बहुत सतर्कता से खेला, जिसके परिणामस्वरूप 20 मिनट का पहला पीरियड गोलरहित रहा। दूसरे पीरियड में नुबरा ने शुरुआत में जोरदार दबाव डाला और तमीम राशिद ने 22वें मिनट में एक शानदार रिस्ट शॉट से टीम को 1-0 की बढ़त दिलायी। शिकतन रॉयल्स ने जल्द ही जवाब दिया, अलताफ हुसैन ने 25वें मिनट में गोल कर बराबरी हासिल की और कप्तान शब्बीर शाह के 34वें मिनट में किए गए गोल से रॉयल्स ने 2-1 की बढ़त बनाई। अंतिम पीरियड में युनाइटेड नुबरा ने जोरदार वापसी की, मुरतजा अली ने 43वें मिनट में शानदार स्नैप शॉट से स्कोर बराबर किया। हालांकि, दोनों टीमों के लिए अंतिम समय में बेतहाशा कोशिशों और सख्त डिफेंस के बाद भी स्कोर वैसा का वैसा रहा। रेफरी ने दोनों टीमों को फाउल खेलने के लिए पेनल्टी दी, जिससे मुकाबला और भी रोमांचक हो गया। जबकि दोनों टीमें 2-2 के ड्रॉ के साथ बिना जीत के समाप्त हुईं, उनकी संघर्षपूर्ण और निडर खेल ने प्रशंसकों को रोमांचित किया।

रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन 2 के 5वें दिन का दूसरा मैच एक रोमांचक क़ारगिल मुकाबला था, जिसमें पुरीग वारियर्स ने ज़ांस्कर चादर टैमर्स को 4-2 से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की। मैच की शुरुआत में ही पुरीग वारियर्स ने जोरदार शुरुआत की, कंचुक थापा ने सिर्फ 6 मिनट में एक शानदार रिस्ट शॉट से गोल किया। चार मिनट बाद, नदीम सरवर ने 2-0 की बढ़त दिलाई। थापा ने पहले पीरियड के अंतिम क्षणों में एक और गोल कर अपनी टीम को 3-0 की बढ़त दिलाई।

# मलेशियाई ओपन 2025 : एचएस प्रणय ने जीत के साथ की अपने अभियान की शुरुआत

**एजेंसी**

**कुआलालंपुर।** भारतीय बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय ने मलेशियाई ओपन 2025 में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। प्रणय ने कनाडा के ब्रायन यांग को 21-12, 17-21, 21-15 से हराया।

यह मुकाबला एक घंटे 29 मिनट तक चला। वहीं, तनीषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी ने दक्षिण कोरिया के को सुंग-ह्यून और ईओम हये-को लगातार दो गेमों में 21-13, 21-14 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। मैच 30 मिनट तक चला। इसके अलावा, महिला एकल प्रतियोगिता की बात करें तो मालविका बंसोड़ ने अपने टूर्नामेंट की धमाकेदार शुरुआत करते हुए मलेशिया की गोह जिन वेई पर 2-15, 21-16 से जीत हासिल की।

शीर्ष भारतीय शटलर और पेरिस ओलंपिक 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन को मंगलवार को चीनी ताइपे के ची यू-जेन के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 12वें स्थान पर मौजूद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी दुनिया के 32वें नंबर के शटलर कनाडा के ब्रायन यांग के खिलाफ पुरुष एकल राउंड 32 के मुकाबले में 14-21, 7-21 से हार का सामना करना पड़ा। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने थाईलैंड की ओर्निचा जोंगसाथापोर्नपार्न और सुकिता सुवाचाई को 21-10, 21-10 से हराया। भारतीय जोड़ी अपने अगले मैच में दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के झांग शक्सियान और जिया यिफान से भिड़ेगी।

# मुख्यमंत्री धामी ने 50वीं राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप का किया शुभारंभ

**एजेंसी**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इंडोर स्टेडियम रोशनाबाद में 50वीं राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप की मेजबानी करने का अवसर प्राप्त होना गर्व की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कबड्डी हमारे देश का प्राचीन खेल होने के साथ-साथ एक विशिष्ट खेल भी है। इस खेल में सफलता के लिए जहां एक ओर खिलाड़ी की फुर्ती, ताकत और गति महत्वपूर्ण होती है वहीं दूसरी ओर खिलाड़ियों में धैर्य और टीम स्पिरिट की भी आवश्यकता होती है। इसमें सिर्फ शारीरिक दम-खम ही नहीं बल्कि मानसिक मजबूती की भी जरूरत पड़ती है। उन्होंने कहा कि वे भी अपने स्कूल के दिनों में कबड्डी खेला करते थे।उन्होने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जहां एक ओर फिट इंडिया मूवमेंट और खेलो इंडिया योजना शुरू की, वहीं दूसरी ओर देश



में एक मजबूत स्पोर्ट्स इकोसिस्टम की नींव भी रखी। प्रदेश में जहां एक ओर नई खेल नीति लागू कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक लाने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने की व्यवस्था की गई है, वहीं प्रदेश के आवासीय स्पोर्ट्स कॉलेजों में खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण, शिक्षा, आवास, भोजन व किट आदि भी प्रदान किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश में 8 वर्ष की उम्र से ही प्रतिभावान बच्चों को तैयारी करने के लिए खेल-छात्रवृत्ति देने, खिलाड़ियों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण पुनः लागू करने एवं प्रदेश के खिलाड़ियों को दी जाने वाली पुरस्कार राशि को दोगुना करने जैसे अनेकों निर्णयों के माध्यम से प्रदेश के खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# एएफआई एथलीट आयोग में 6 महिलाएं, नीरज चोपड़ा 3 पुरुष सदस्यों में शामिल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लंबी कूद की महान खिलाड़ी अंजू बॉबी जॉर्ज को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के नौ सदस्यीय एथलीट आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जिसमें छह महिलाएं हैं और भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा सबसे प्रमुख पुरुष सदस्य हैं। नए पैनल में अन्य महिलाएँ धावक ज्योतिर्मयी सिकदर, डिस्कस थ्रोअर कृष्णा पूनिया, बाधा दौड़ खिलाड़ी एमडी वलसम्मा, स्टीपलचेज़र सुधा सिंह और धावक सुनीता रानी हैं। 2003 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंजू एएफआई में वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी हैं। ये सभी महिलाएं सेवानिवृत्त हैं और उनका शामिल होना एएफआई की अपनी व्यवस्था में लैंगिक समानता की खोज में एक उल्लेखनीय मील का पत्थर है। पिछले आयोग में चार महिलाएँ थीं।पिछले साल अक्टूबर में हुए चुनावों के बाद आयोग का अनावरण किया गया। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा एएफआई की कार्यकारी परिषद द्वारा परामर्श के बाद नामित चार सदस्यों में से एक हैं। आयोग के अन्य दो पुरुष सदस्य 3000 मीटर स्टीपलचेज़र अविनाश साबले और नवनिर्वाचित एएफआई अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू हैं, जो 2002 एशियाई खेलों में शॉटपुट स्वर्ण पदक विजेता हैं। सागू पिछले आयोग के अध्यक्ष थे। निवर्तमान एएफआई कोषाध्यक्ष मधु कांत पाठक, जो चुनावों के लिए रिटर्निंग ऑफिसर थे, ने कहा कि चुनाव उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद आयोजित किए गए थे। चुनाव अधिसूचना जारी की गई और अन्य नियमों और विनियमों का पालन किया गया। पांच सदस्य चुने गए। पाठक ने कहा, बाद में कार्यकारी परिषद के साथ परामर्श के बाद, नीरज और साबले सहित चार सदस्यों को एथलीट आयोग के सदस्य के रूप में जोड़ा गया। नीरज और साबले दोनों ने शुरू में कहा था कि वे ज्यादा समय नहीं दे पाएंगे क्योंकि वे सक्रिय एथलीट हैं, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया।

**सुमारिवाला को पदेन सदस्य बनाया गया**

निवर्तमान एएफआई अध्यक्ष आदिल सुमारिवाला कार्यकारी परिषद के पदेन सदस्य के रूप में बने रहेंगे क्योंकि वे विश्व एथलेटिक्स परिषद का हिस्सा हैं। 67 वर्षीय सुमारिवाला, जिन्होंने 2012 से लगातार तीन कार्यकालों तक एएफआई अध्यक्ष के रूप में कार्य किया, वर्तमान में विश्व एथलेटिक्स के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य हैं। एएफआई योजना आयोग के अध्यक्ष ललित भनोट ने वार्षिक आम सभा की बैठक के समापन दिवस पर घोषणा की, उन्होंने कहा, हमने पिछले साल एएफआई संविधान में संशोधन किया था, जिसके अनुसार विश्व एथलेटिक्स परिषद में शामिल कोई भी व्यक्ति एएफआई कार्यकारी परिषद का पदेन सदस्य होगा। सुमारिवाला ने जोर देकर कहा था कि वह कहीं नहीं जा रहे हैं और एएफआई के नए पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करने तथा संस्था के प्रवक्ता के रूप में भी काम करने के लिए मौजूद रहेंगे। सागू ने घोषणा की कि सुमारिवाला समिति के अध्यक्ष भी होंगे जो सरकार के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय निकायों के साथ संपर्क बनाए रखेगी।

इसके अलावा, वह एएफआई के नैतिक आयोग के सदस्य भी होंगे। एक अन्य निर्णय में, भारतीय एथलेटिक्स की इस सत्र की पहली प्रमुख राष्ट्रीय सीनियर चैंपियनशिप - फेडरेशन कप - 21-24 अप्रैल तक केरल के कोझिकोड में आयोजित की जाएगी। हरियाणा के पंचकूला को इस आयोजन की मेजबानी करनी थी, लेकिन उसने ऐसा करने में असमर्थता व्यक्त की क्योंकि उसने पिछले साल जून में राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप आयोजित की थी। इस वर्ष की राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर चैंपियनशिप 20 से 24 अगस्त तक चेन्नई में आयोजित की जाएगी, जैसा कि संभावित कैलेंडर में प्रस्तावित है।



# एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी पर भाभी मुस्कान ने लगाए संगीन आरोप, दर्ज करवाई एफआईआर

**मुस्कान ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि हंसिका, प्रशांत और मोना मोटवानी ने उनसे गिफ्ट्स की डीमांड की और साथ ही उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया. उन्होंने संपत्ति से जुड़े धोखाधड़ी के भी कई आरोप लगाए हैं, जिसके बाद मामला काफी संगीन हो गया है.**

बॉलीवुड एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी काफी वक्त से लाइमलाइट से दूर हैं, लेकिन अब कुछ ऐसा हुआ है जिससे वो वापस सुर्खियों में आ गईं हैं. हंसिका की भाभी ने उनके परिवार पर संगीन आरोप लगाए हैं. हंसिका की भाभी मुस्कान नैंनी जेम्स ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ डोमेस्टिक वायलेंस का आरोप लगाया है और एफआईआर दर्ज करवाई है. मुस्कान भी एक एक्ट्रेस हैं. मुस्कान ने हंसिका, उनके भाई प्रशांत और मां मोना के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है.



मुस्कान ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि हंसिका, प्रशांत और मोना मोटवानी ने उनसे गिफ्ट्स की डीमांड की और साथ ही उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया. उन्होंने संपत्ति से जुड़े धोखाधड़ी के भी कई आरोप लगाए हैं, जिसके बाद मामला काफी संगीन हो गया है. मुस्कान ने ये भी आरोप लगाया कि उन्हें घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ा, जिसकी वजह से वो काफी तनाव में थीं. इन सबकी वजह से उन्हें बेल्स पाल्सी हो गई.

**मुस्कान की शिकायत में क्या है**

खबरों करी मानें तो दोनों दो साल पहले से ही अलग रह रहे हैं. न्यूज 18 की रिपोर्ट के मुताबिक, मुस्कान ने अंबोली पुलिस स्टेशन में एफआईआर फाईल की है. मुस्कान ने अपनी शिकायत में भारतीय दंड संहिता की धारा 498-ए, 323, 504, 506, और 34 का जिक्र किया है. मुस्कान ने अपनी शिकायत में कहा कि हंसिका और उनकी मां मोना, प्रशांत और उनकी शादीशुदा जिंदगी में काफी दखल देती थीं, जिसकी वजह से प्रशांत से उनके रिश्ते खराब हो गए.

**खुद भी एक अदाकारा हैं मुस्कान**

आपको बता दें कि मुस्कान खुद भी एक अदाकारा हैं. उन्होंने कई टीवी कमर्शियल्स और कुछ हिंदी टीवी शोज में भी काम किया है. मुस्कान ने साल 2020 में प्रशांत से शादी की थी. बात करें हंसिका की, तो हंसिका जल्द ही तमिल फिल्म गांधारी में नजर आने वाली हैं. हंसिका ने चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काफी काम किया है और हिमेश रेशमिया के साथ 'आप का सुरूर' से इंडस्ट्री में कमबैक किया था.

# किसिंग सीन का राज खुलने से राम कपूर पर भड़कीं एकता कपूर

## बोलीं- उन्हें अपना मुंह बंद रखना चाहिए



एकता कपूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टोरी पोस्ट करते हुए उन एक्टर्स को फटकार लगाई थी, जो उनके टीवी सीरियल के बारे में गलत जानकारी फैला रहे हैं. अपनी इस पोस्ट में वैसे तो एकता कपूर ने किसी भी एक्टर का नाम नहीं लिखा है. लेकिन हाल ही में हुए एक पॉडकास्ट में उनके सुपरहिट शो 'बड़े अच्छे लगते हैं' पर इस सीरियल के लीड एक्टर राम कपूर ने जो टिपण्णी की थी, उसे देखकर माना जा रहा है कि एकता अपनी पोस्ट के जरिए राम कपूर पर निशाना साध रही हैं.एकता कपूर ने अपनी स्टोरी पर लिखा था कि अनप्रोफेशनल एक्टर जो मेरे शो के बारे में इंटरव्यू दे रहे हैं, उन्हें अपना मुंह बंद रखना चाहिए. झूठी बातें, गलत जानकारी और मनगढ़ंत कहानियां तब तक चलेंगी, जब तक मैं चुप हूं. मैं भी बात करती. लेकिन मेरे साइलेंस में भी एक गरिमा है. हाल ही में एक पॉडकास्ट में राम कपूर ने सोनी टीवी पर ऑन एयर होने वाले एकता कपूर के शो 'बड़े अच्छे लगते हैं' के चर्चित 'किसिंग सीन' के बारे में बात की थी. टीवी की दुनिया में सनसनी मचाने वाला ये किसिंग सीन खुद राम कपूर और साक्षी तंवर के बीच हुआ था.

**जानें क्यों राम कपूर पर फूटा एकता कपूर का गुस्सा**

जब राम कपूर से पॉडकास्ट होस्ट ने पूछा कि हमने सुना आपको 'बड़े अच्छे लगते हैं' के किसिंग सीन के लिए माफी मांगनी पड़ी थी. तब राम कपूर ने कहा कि मुझे नहीं एकता को माफी मांगनी पड़ी थी. मैं सिर्फ एक एक्टर था और मेरा काम था एक्टिंग करना. मेरा काम था स्क्रिप्ट को फॉलो करना. मैं ये नहीं बोल सकता कि मैं ये सीन कैसे करूं. एकता कपूर ने वो सीन लिखा था. मैंने एकता कपूर से पूछा था कि क्या वो टीवी पर ये सच में दिखाना चाहती हैं ? क्योंकि इससे पहले टीवी पर ये कभी नहीं हुआ था. हमारे देश में तीन पीढ़ियां साथ में बैठकर टीवी देखती हैं. लेकिन एकता को पूरा आत्मविश्वास था कि उन्हें ये सीन करना है.

**बीवी की परमिशन के बाद किया था किसिंग सीन**

आगे राम कपूर बोले, मैंने कहा कि मैं अपनी बीवी से पूछूंगा. बीवी से मुझे परमिशन मिलने के बाद मैंने साक्षी से बात की. साक्षी और उनके पिता दोनों का मुझपर विश्वास था. हमने सीन किया, लेकिन ये आईडिया हमारा था ही नहीं.

# चुम दरांग को लगी चोट, 'टिकट टू फिनाले' जीतने के बावजूद विवियन नहीं बन पाए फाइनलिस्ट



कलर्स टीवी के रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' में हर साल की तरह सभी कंटेस्टेंट को सीधे फिनाले में पहुंचने का मौका दिया गया. बिग बॉस के हर सीजन में 'टिकट टू फिनाले' के टास्क को जीतकर शो में शामिल फाइनलिस्ट में से किसी एक को सीधे सलमान खान के शो के ग्रैंड फिनाले में पहुंचने का मौका दिया जाता है. लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए किसी एक कंटेस्टेंट को 'टिकट टू फिनाले' का टास्क जीतना पड़ता है. बिग बॉस 18 के सीजन में भी ये टास्क हुआ, लेकिन इस टास्क में आगे जो हुआ वो पूरे बिग बॉस के इतिहास में कभी नहीं हुआ है.बिग बॉस के घर में हुए 'टिकट टू फिनाले' के पहले राउंड में करणवीर मेहरा ने चुम के लिए खेलते हुए उन्हें फाइनल राउंड में पहुंचा दिया और विवियन डीसेना खुद के दम पर इस टास्क के फाइनल राउंड में पहुंच गए. 'टिकट टू फिनाले' का आखिरी मुकाबला विवियन डीसेना और चुम दरांग के बीच हुआ और इस मुकाबले में चुम बुरी तरह से घायल हो गई. घायल होने के बावजूद चुम ने अपना टास्क नहीं रोका. इस पूरे टास्क में चुम को कई बार विवियन डीसेना ने गिराया. आखिर में समय समाप्ति की घोषणा होने के बाद रजत दलाल ने विवियन डीसेना को विनर घोषित किया.


**विवियन ने लिया बड़ा फैसला**

जब बिग बॉस ने ये ऐलान कर दिया की विवियन डीसेना 'टिकट टू फिनाले' जीत चुके हैं, तब विवियन ने इस टिकट को लेने से इनकार कर दिया. बिग बॉस ने अपने लाडले को सीधे फिनाले में जाने का मौका दे दिया, लेकिन उन्होंने वो रिजेक्ट कर दिया. दरअसल विवियन के हाथों चुम दरांग को आई हुई चोट की वजह से विवियन ने कहा कि वो 'टिकट टू फिनाले' नहीं लेना चाहते. विवियन ने मना करने के बाद बिग बॉस ने चुम दरांग को टिकट दिया. लेकिन चुम ने भी ये टिकट लेने से इनकार कर दिया. चुम का कहना था कि उन्होंने ये टास्क जीता नहीं है और इसलिए वो ये टिकट नहीं लेना चाहतीं.

**गुस्सा हुए बिग बॉस**

चुम और विवियन का रवैया बिग बॉस को बिलकुल भी पसंद नहीं आया और उन्होंने कहा कि इस साल वो 'टिकट टू फिनाले' किसी भी कंटेस्टेंट को नहीं देंगे. विवियन डीसेना और चुम दरांग बिग बॉस के इतिहास के वो पहले दो कंटेस्टेंट हैं, जिन्होंने ग्रैंड फिनाले में जाने का मौका खुद से रिजेक्ट कर दिया है..

# पहले वो 12 घंटे लेट आते थे पर अब...वक्त बदलने पर गोविंद में आया कितना बदलाव? शक्ति कपूर ने बताया



बॉलीवुड सुपरस्टार गोविंदा ने अपने डांस और एक्टिंग से सबका दिल जीता है. लेकिन गोविंदा में एक कमी हमेशा बताई गई, जिसे वो खुद स्वीकार करते हैं कि फिल्मों की शूटिंग पर वो देरी से आते हैं. उनका नाम लेट- लतीफ स्टार्स की लिस्ट में आता है, लेकिन अब ऐसा नहीं है. शक्ति कपूर ने गोविंदा के अंदर आए बड़े बदलाव पर बात की है.कुछ वक्त पहले बॉलीवुड बबल को दिए एक इंटरव्यू में शक्ति कपूर ने गोविंदा में आए बदलाव के बारे में बात की. साथ ही गोविंदा और शक्ति कपूर के दोस्त फिल्ममेकर पहलाज निहलानी ने भी गोविंदा को लेकर कुछ बातें बताईं.

**गोविंदा में क्या बदलाव आए ?**

इंटरव्यू में जब शक्ति कपूर से पूछा गया कि एक बदलाव जो उन्होंने गोविंदा में नोटिस किया हो ? शक्ति कपूर ने कहा, 'उनके अंदर पंचुअलिटी को लेकर बड़ा बदलाव मैं पिछले कुछ सालों से देख रहा हूं. पहले सुबह 9 बजे की शिफ्ट में गोविंदा रात में 9 बजे आते थे, लेकिन अब सुबह 9 बजे की शिफ्ट हो तो वो 8.30 बजे ही पहुंच जाते हैं. इंस्क्योरिटी आदमी को कहां से कहां पहुंचा देती है.'

**पहलाज निहलानी ने गोविंदा के लिए क्या कहा ?**

हाल ही में फ्राइडे टॉकीज को पहलाज निहलानी ने एक इंटरव्यू दिया. पहलाज ने गोविंदा की वक्त की पाबंदी पर बात करते हुए कहा, 'एक समय था जब उन्होंने बिना कुछ सोचे दर्जनों बी-ग्रेड और सी-ग्रेड की फिल्में साइन कर ली थीं. वो एक साथ 5-6 फिल्में करते थे, कोई नहीं जानता था कि वो कहां रहते थे. वो इस वजह से देरी से पहुंचते थे और सेट पर झूठ बोल देते थे. वो कहते थे कि वो ये सब पैसे कमाने के लिए कर रहे हैं और मैं उन्हें कहता था कि तुम्हारी ये सोच खतरनाक है. वो जो कर रहे हैं वो प्रोफेशन के खिलाफ है.' पहलाज निहलानी के साथ गोविंदा ने 'शोला और शबनम' (1992), 'आंखें' (1993), 'इल्जाम' (1986) और 'रंगीला राजा' (2019) जैसी फिल्में की हैं.

**गोविंदा और शक्ति कपूर की फिल्में**

80 और 90 के दौर में गोविंदा और शक्ति कपूर ने साथ में एक से बढ़कर एक फिल्में कीं. उन फिल्मों में 'जैसी करनी वैसी भरनी', 'राजा बाबू', 'खुद्दार', 'नसीब', 'बनारसी बाबू', 'मुकाबला', 'भागम भाग' और 'जिस देश में गंगा रहता है' जैसी फिल्में शामिल हैं. फिल्म राजा बाबू में नंदू के रोल में शक्ति कपूर छा गए थे और गोविंदा के साथ उनकी जोड़ी खूब फेमस भी हुई थी.